3 बस्तर संभाग
मुख्यमंत्री ने किया लोक निर्माण विभाग के 26 कार्यों का ...

6 अभिमत
कोविड-19 से रहें बेहतर ढंग से सुरक्षित

10 संस्कारधानी
जिपं सीईओ के आदेश बावजूद सरपंच के खिलाफ...

11 विविध
मयंक मोबाइल में हुई 178000 की उठाईगिरी ...

रायपुर, बिलासपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 20 सितम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 33 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज़

### राष्ट्रपति कोविंद दिल्ली लौटे

**शिमला।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द को हिमाचल प्रदेश के चार-दिवसीय दौरे के बाद आज दिल्ली लौटे। उन्हें शिमला अनाडेल हैलीपैड पर गरिमापूर्ण विदाई दी गई। पहले उनका सुबह 11 बजे दिल्ली वापसी का कार्यक्रम था।लेकिन मौसम खराब होने के कारण वे 11 बजे के बजाय अपराहन 2 बजे दिल्ली लौटे। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, संसदीय कार्य मंत्री एवं मिनिस्टर-इन-वेंटिंग सुरेश भारद्वाज, नगर निगम शिमला की महापौर सत्या कौंडल, सैन्य कमांडर आरट्रैक लै. जनरल राज शुक्ला, मुख्य सचिव राम सुभग सिंह, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू, उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी, पुलिस अधीक्षक मोनिका भटुंगरू इस दौरान अनाडेल हैलीपैड पर उपस्थित थे।

### केरल में शहरी, पंचायती वार्डों में कड़े लॉकडाउन प्रतिबंध

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में उन शहरी और पंचायत वार्डों में कड़े लॉकडाउन प्रतिबंध लगाये जायेंगे जहां साप्ताहिक संक्रमण जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूआईपीआर) 10 से ऊपर है। सरकारी आदेशों के मुताबिक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ऐसे क्षेत्रों को साप्ताहिक आधार पर अधिसूचित करेगा और वेबसाइटों और अन्य मीडिया माध्यमों पर इसकी जानकारी देगा। वहीं जिला कलेक्टर मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार सूक्ष्म नियंत्रण क्षेत्रों में लॉकडाउन प्रतिबंधों को लागू करेंगे।

### जनता के सवालों का जवाब दे योगी सरकार : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश के प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने योगी सरकार पर हमला करते हुए कहा है कि वह जनता से जुड़े सवालों को टालती है और लोगों के सवालों का कभी भी जवाब नहीं देती है। उत्तर प्रदेश में अपने कार्यकाल के साढे चार साल पूरा होने पर जश्न मनाने के साथ ही अपनी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए अभियान चला रही योगी सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि उसे बताना चाहिए कि जनता से जुड़े वादों को पूरा करने में वह असफल क्यों रही है। वाड्रा ने ट्वीट किया कि उप्र सरकार को चाहिए था कि 4.5 सालों पर जनता के सवालों का जवाब दे, लेकिन नहीं।

# चरणजीत सिंह चन्नी होंगे पंजाब के अगले मुख्यमंत्री

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे चरणजीत सिंह चन्नी को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की है। कांग्रेस के पंजाब के प्रभारी महासचिव हरीश रावत ने ट्वीट कर रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया की चन्नी को सर्वसम्मति से कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया है। इस बीच चंडीगढ़ में मौजूद कांग्रेस के केंद्रीय प्रभारी अजय माकन ने कहा है कि चन्नी राज्यपाल से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश करेंगे। चन्नी पंजाब के लोकप्रिय दलित नेता है और वह चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक है। अमरिंदर सरकार में वह कैबिनेट स्तर के तकनीकी शिक्षा मंत्री रहे हैं। चन्नी 2007 से पंजाब विधानसभा के सदस्य हैं और वह रामदसिया सिख समुदाय से ताल्लुक रखते है। यह पंजाब का दलित समुदाय है और कांग्रेस ने पंजाब में दलित समुदाय को साधने तथा सभी वर्गों को साथ लेने की कोशिश करते हुए चन्नी को यह दायित्व सौंपा है। पंजाब सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री रहे चन्नी विवादों से भी घिरे रहे है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2018 में एक महिला आईएएस अधिकारी को आपत्तिजनक संदेश भेजा था जिसको लेकर वह काफी समय तक विवादों में रहे। उन पर यह भी आरोप लगाया गया कि उन्होंने अपने रुतबे का इस्तेमाल करते हुए महिला अधिकारी की रिपोर्ट नहीं होने दी। कांग्रेस आलाकमान पिछले दो दिनों से पंजाब में नए मुख्यमंत्री के चयन को लेकर के लगातार बैठकर कर रहा है। आज सुबह जब वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी ने मुख्यमंत्री बनने से इंकार कर दिया तो उसके बाद पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आवास पर सोनी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की करीब पांच घंटे तक बैठक चली। इससे पहले मीडिया में खबरें आई की पंजाब सरकार में सहकारिता मंत्री रहे सुखविंदर सिंह रंधावा को सर्वसम्मति से नया नेता चुना गया है। यह खबर आते ही उनके घर पर मिठाई तक बंटी लेकिन उनके नाम का एलान करने में हुई देरी से साफ हो गया था कि मामला फंस गया है और उनकी जगह किसी और को मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है।

### चन्नी को सीएम बनाकर अकाली दल को दिया बड़ा झटका

इसके अलावा आपसी गुटबाजी से परे उसने एक ऐसे नेता को कमान दी है, जिसके नाम पर कभी कोई विवाद नहीं रहा है। बता दें कि राज्य में अकाली दल और बीएसपी ने गठजोड़ का ऐलान किया है। इसके अलावा अकाली दल ने कई बार कहा है कि उसकी सरकार बनी तो वह दलित डिप्टी सीएम देगी। माना जा रहा है कि कांग्रेस ने अपने इस फैसले से अकाली दल के वादे की काट कर दी है और इससे आगामी चुनाव में उसे बड़ी बढ़त मिलने की संभावना होगी।

### कैप्टन अमरिंदर सरकार में थे मंत्री, बेदाग रहा है राजनीतिक करियर

चरनजीत सिंह चन्नी कांग्रेस पार्टी के तीसरी बार के विधायक हैं और यह पहला मौका है, जब किसी दलित को पार्टी ने राज्य में कमान सौंपी है। चन्नी को उनके बेदाग राजनीतिक करियर के लिए जाना जाता रहा है। इससे पहले वह राज्य में नेता विपक्ष की भूमिका भी अदा कर चुके हैं। फिलहाल वह कैप्टन अमरिंदर सिंह की कैबिनेट में तकनीकी शिक्षा मंत्री के तौर पर कामकाज देख रहे थे।

# जीप-आटो भिड़ंत में नौ लोगों की मौत, 7 गंभीर



पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरगांव पीटीएस कैम्प के समीप दोपहर जीप और ऑटो के बीच भिडंत में 9 लोगों की मौत हो गयी और सात गंभीर रुप से घायल हो गए। सभी ग्रामीण ग्राम गोड़मा से शोक सभा में शामिल होकर वापस पांडेआठगांव लौट रहे थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि ऑटो में सवार ग्राम पांडे आठगांव सरपंच हिरामन नेताम के परिवार के लगभग 16 सदस्य ग्राम गोड़मा में शोक सभा मे शामिल होकर वापस अपने घर ग्राम पांडेआठगांव की ओर आ रहे थे। तभी दोपहर में बोरगांव पीटीएस कैम्प के समीप विपरीत दिशा से आ रही जीप के साथ उनकी जबर्दस्त भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि ऑटो में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जिसमें 10 महीने की मासूम बच्ची भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और फरसगांव एसडीओपी मणिशंकर चंद्रा समेत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा शेष लोगों को तत्काल 108 एम्बुलेंस के माध्यम से फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान 3 लोगों की मौत हो गयी है। गंभीर रूप से घायल 4 लोगों को रायपुर और 3 लोगों को उचित उपचार के लिए कोंडागांव रेफर किया गया। मृतकों 4 महिला 4 पुरुष और 1 दुधमुही बच्ची शामिल है। मृतकों में रैनु (55), बुधनी (55), हीरा सिंह (40), विजया नेताम (35), जग्गो बाई (30), डिंपल (01) ,सुकोती (60), मंगूराम प्रधान (55) ऑटो का ड्राइवर और अन्य 1 शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही बस्तर के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने दुख प्रकट किया है।

## मोदी ने देशवासियों से उपहारों की नीलामी में शामिल होने अपील की

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से उन्हें मिले स्मृति चिन्ह और उपहारों की नीलामी में शामिल होने की अपील करते हुए कहा है कि इससे मिलने वाली राशि गंगा नदी के उद्धार में लगाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने रविवार को एक ट्वीट कर कहा कि पिछले वर्षों के दौरान मुझे अनेक उपहार और स्मृति चिन्ह मिले हैं जिनकी नीलामी की जा रही है। इनमें हमारे ओलंपिक खिलाड़ियों द्वारा दिए गए विशेष स्मृति प्रतीक भी शामिल हैं। इस नीलामी में शामिल हों। इससे मिलने वाली धनराशि नमामि गंगे योजना के लिए इस्तेमाल की जाएगी। उन्होंने ट्वीट के साथ एक वीडियो भी साझा किया है जिसमें ओलंपिक खिलाड़ी हाल ही में टोक्यो में संपन्न खेलों खेलों के बाद उन्हें ये प्रतीक चिन्ह देते दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय प्रधानमंत्री को मिले उपहारों और प्रतीक चिन्ह की ऑनलाइन नीलामी कर रहा है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुरू हुई यह नीलामी सात अक्टूबर तक चलेगी। नीलामी प्रक्रिया में करीब 1300 उपहारों को शामिल किया गया है। ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा के भाले की बोली डेढ़ करोड़ रुपए में लगी है। इस आय को नमामि गंगे मिशन को दान कर दिया गया था। व्यक्ति और संगठन वेबसाइट के माध्यम से 7 अक्टूबर तक इस नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं। नीलामी खत्म होने के बाद मंत्रालय ईमेल के जरिए सबसे ज्यादा बोली लगाने वालों को सूचित करेगा।

## गुलामी की मानसिकता त्यागना जरूरी : नायडू

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने रविवार को कहा कि इतिहास की अनेक महान विभूतियों के साथ न्याय नहीं किया गया और उन्हें वह सम्मान नहीं दिया जिसके वे अधिकारी थे। उपराष्ट्रपति ने हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम में सर छोटू राम के लेखों और पत्रों के संकलन के पांच खंडों का लोकार्पण करते हुए कहा कि इन विभूतियों के जीवन और कामों से देश को परिचित कराया जाय और उन्हें देश के इतिहास में सम्मान के साथ स्थापित किया जाये, जिससे आने वाली पीढ़ियां, स्वाधीनता आंदोलन में विभिन्न क्षेत्रों और वर्गो के संघर्ष से भी परिचित हो सकें।

समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, लोक सभा सदस्य बृजेन्द्र सिंह तथा कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। नायडू ने कहा कि जरूरी है कि हम गुलामी की मानसिकता त्यागें। इसी संदर्भ में उपराष्ट्रपति ने मातृ भाषा, भारतीय भाषाओं और हिंदी के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा मातृ भाषा में ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन, अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ सिर्फ राजनैतिक आंदोलन नहीं था बल्कि सामाजिक, आर्थिक सुधार और सांस्कृतिक जागरण का आंदोलन था। उपराष्टपति ने कहा कि किसानों को आज मजबूत बुनियादी ढांचे और स्थायी विकास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। इसलिये यह जरूरी है कि इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाया जाये जिससे यह आमदनी का जरिया बन सके। उन्होंने कहा कि पिछले अनुभवों के आधार पर समय समय पर कृषि और ग्रामीण विकास संबंधी रीति - नीति की समीक्षा और सुधार करने की जरूरत है। नायडू ने कहा कि आत्म निर्भर भारत के लिए कृषि जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसानों और गावों का स्वास्थ्य, समृद्धि, शिक्षा और खुशहाली हमारा उद्देश्य होना चाहिए। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को लाभकारी बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत ग्रामीण अर्थव्यवस्था विकसित करना समय की आवश्यकता है। सिर्फ कृषि उत्पादन ही नहीं बल्कि खेतों से उपभोक्ता तक की मूल्य श्रृंखला आमदनी के नए अवसर प्रदान करती है। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई संभावनाएं तलाशने और किसानों को उन्नति करने की आज़ादी देने का आह्वान किया।

## वाहन स्क्रेपिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला मान्य : गडकरी

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में पुराने वाहनों को नष्ट करने के लिए स्क्रेपिंग नीति को लेकर उच्चतम न्यायालय ने जो फैसला दिया है उसी का पालन किया जाएगा। श्री गडकरी ने कहा कि सरकार ने लोगों को राहत देते हुए वाहनों को नष्ट करने के वास्ते 15 और 20 साल की अवधि का प्रस्ताव किया था जिसके तहत निजी वाहनों को 20 साल में और वाणिज्यिक वाहनों को 15 साल में नष्ट किया जाना था। सरकार ने इस बारे में लोगो के सुझाव लिए थे और सबकी रजामंदी से यह प्रस्ताव किया था। उन्होंने कहा कि स्क्रेपिंग पॉलिसी के तहत वाहन मालिकों को कुछ राहत मिले इसके लिए सरकार ने यह भी प्रस्ताव किया था कि जो भी वाहन मालिक स्क्रेपिंग का प्रमाणपत्र लेकर जाएंगे उन्हें नए वाहन की खरीद पर छूट दी जाएगी। इस बारे में उन्होंने प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियों से भी बात की है। गडकरी ने यूनीवार्ता के सवाल के जवाब में कहा कि यदि उच्चतम न्यायालय ने सभी वाहनों के लिए 15 साल में स्क्रेपिंग का फैसला दिया है तो न्यायालय के आदेश का अक्षरसः पालन किया जाएगा और उसी के अनुसार सरकार काम करेगी। गौर गौरतलब है की गडकरी देश में वाहनों से उत्सर्जित प्रदूषण को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और इसी के तहत उन्होंने वाहनों के लिए स्क्रेपिंग नीति का विचार रखा। गडकरी ने कहा के भारत में ऑटोमोबाइल उद्योग 15 लाख करोड़ रुपए का है और देश की जीडीपी बढ़ाने में इस उद्योग का महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए इस उद्योग में निवेश को बढ़ावा दिए जाने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

27 जिलों में 401 निर्माण एवं विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण और भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री भूपेश ने 2 हजार 834 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की दी सौगात

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए राज्य के 27 जिलों को कुल 2 हजार 834 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पौने तीन साल के दौरान कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन सहित बहुत सारी चुनौतियां सामने आयी। इसके बावजूद भी छत्तीसगढ़ में विकास और निर्माण के कार्य लगातार चलते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 401 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। जिसमें लोक निर्माण विभाग के 2708 करोड़ की लागत के 332 कार्य सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण के हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगे कहा कि बीते जून माह में राज्य के सभी जिलों में विभिन्न विभागों के कुल 8188 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया था, जिनकी कुल लागत 6 हजार 845 करोड़ रुपए थी। जून माह में ही घर-घर तक पेयजल पहुंचाने के लिए 238 करोड़ रुपए लागत की 658 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया था, जिस पर तेजी से काम जारी है। तब से लेकर अब तक लगातार और भी बहुत से नये कामों की शुरुआत हुई है, और पूर्ण हो चुके कामों का लोकार्पण भी लगातार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोक निर्माण विभाग के 2708 करोड़ की लगात वाले कार्यों के अलावा अन्य विभागों के 69 कार्यों का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है, जिनकी लागत 125.65 करोड़ रुपए है। इनमें ऐसे निर्माण कार्य शामिल है, जिनकी वर्षों से मांग रही है। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं की तरह निर्माण और जन-सुविधा विकास की योजनाओं पर भी तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बेहतर आवागमन सुविधा के लिए 312 सड़कों एवं पुलों का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

### जिलों को मिली निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिन कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया उनमें कोरिया जिले में 95.70 करोड की लागत के 27 कार्य़, सूरजपुर जिले में 60.69 करोड़ की लागत के 13 कार्य, बलरामपुर में जिले में 117.18 करोड़ की लागत के 14 कार्य, सरगुजा जिले में 99.07 करोड़ के 9 कार्य, जशपुर जिले में 27.53 करोड़ के 6 कार्य, रायगढ़ जिले को 203.04 करोड़ की लागत के 11 कार्य, कोरबा जिले को 109.11 करोड़ की लागत के 6 कार्य, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को 23.95 करोड़ की लागत वाले 3 कार्य, मुंगेली जिले को 50.40 करोड़ की लागत के 8 कार्य, बिलासपुर जिले को 26.04 करोड़ की लागत के 5 कार्य, महासमुन्द जिले को 102.12 करोड़ की लागत के 16 कार्य, बलौदाबाजार जिले को 182.40 करोड़ की लागत के 34 कार्य, रायपुर जिले को 271.32 करोड़ की लागत के 41 कार्य, गरियाबंद जिले को 53.33 करोड़ की लागत के 6 कार्य, धमतरी जिले को 144.61 करोड़ की लागत के एक कार्य, बालोद जिले को 195.72 करोड़ की लागत के 15 कार्य शामिल हैं।

# अफगानी आतंकियों को लेकर दिल्ली पुलिस सतर्क

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



काबुल हवाई अड्डे पर अगस्त में बमबारी कर एक साथ 13 अमेरिकी सैनिकों सहित करीब 200 लोगों की जान लेने के आरोपी एक आत्मघाती हमलावर की पहचान पांच साल पहले भारत में गिरफ्तार एक संदिग्ध अफगानी आतंकी के तौर पर किए जाने के दावे संबंधी खबरों के बाद भारत की सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं। दिल्ली पुलिस के उपायुक्त (अपराध शाखा) एवं प्रवक्ता चिनमय बिस्वाल ने रविवार को 'यूनीवार्ता' को बताया की राजधानी दिल्ली और देश की सुरक्षा पर खतरे की हर खबर के प्रति सतर्कता बरसती जा रही है। इस मामले में भी स्वाभाविक तौर पर संबंधित शाखाओं की ओर से उच्च स्तरीय विश्लेषण के बाद आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने हाल के दिनों में कई संदिग्ध आतंकवादियों एवं उन्हें मदद करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। निश्चित रूप से इस प्रकार कोशिशें लगातार जारी रहेंगी तथा किसी भी नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं दिया जाएगा। बिस्वाल ने कहा कि दिल्ली पुलिस अपनी विभिन्न शाखाओं के अलावा समय-समय पर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराई के खुफिया जानकारियों के आधार सुरक्षा उपायों में आवश्यक बदलाव करती है। हवाई हड्डे, रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों समेत तमाम संवेदनशील स्थानों कड़ी सुरक्षा निगरानी एक नियमित कार्य है लेकिन किसी विशेष सूचना के बाद सतर्कता और भी बढ़ा दी जाती है। दिल्ली पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अफगानिस्तान के इस्लामिक स्टेट खोरासन प्रोविंस (आईएसकेपी) के इस दावे की कि अब्दुल रहमान अल, जो दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर पर 2016 में गिरफ्तार किया गया था, वह 15 अगस्त के अफगानिस्तान के काबुल हवाई अड्डे पर आत्मघाती हमले में शामिल था, के भारत से जुड़े होने की सच्चाई का पता लगाएगी और उसी के मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।






**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनंत चतुर्दशी के अवसर पर अपने भिलाई निवास में विराजे भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। वहीं खारुन नदी में सुबह से शाम तक गणेश विसर्जन का सिलसिला जारी रहा।

# गणपति बप्पा को श्रद्धा-भक्ति के साथ दी विदाई

## कोरोना से निजात दिलाने मांगा आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

हवन-पूजा के बाद भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन की ओर से विसर्जन को लेकर विशेष तैयारियां भी की गई है. इस दौरान कोई अव्यवस्था न हो इसके लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के साथ कैमरे के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है। राजधानी रायपुर में गणेश विसर्जन के लिए महादेव घाट में अस्थाई कुंड तैयार किया गया है, इसके अलावा पाश इलाकों में भी अस्थायी कुंड तैयार किए गए है, जिससे लोग घर के आस-पास ही गणेश विसर्जन कर सके और बहुत ज्यादा भीड़ भाड़ इकट्ठी ना हो। गणपति बप्पा का विसर्जन कर रहे श्रद्धालुओं की भावनाएं भी छलक रही है।

अमित कुमार ने भगवान गणेश से कोरोना दूर करने की मन्नत मांगते हुए कहा कि जिस तरह से भगवान गणेश विदा ले रहे है, उसी तरह से कोरोना भी जल्द खत्म होगा और हम सब स्वस्थ्य होंगे. यही कामना है। अनिता ने चर्चा में बताया कि कोरोना की वजह से हमने अपनों को खोया है। इस बार कोरोना संक्रमण थोड़ा कम हुआ इसलिए गणेश उत्सव मनाया है। आगे भी उम्मीद कर रहे हैं कि सब अच्छा होगा।

### नदी किनारे बने अस्थायी कुंड में गणेश प्रतिमाओं का होगा विर्सजन

राजधानी रायपुर में गणेश पर्व के तीसरे दिन से ही खारुन नदी के किनारे बनाए गए अस्थायी कुंड में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो चुका है। रविवार को अनंत चतुर्दशी पर सुबह से रात तक हजारों प्रतिमाएं विसर्जित होगी। जो 19 से लेकर 22 सितंबर तक विसर्जन का सिलसिला चलेगा।इसी तरह से विविध पाश कालोनी और मोहल्लों में भी अस्थायी विसर्जन कुंड बनाया गया है। साथ ही प्रमुख चौराहों पर नगर निगम के वाहन खड़े रहेंगे। श्रद्धालु अपने घर की छोटी प्रतिमाएं इन वाहनों पर रखेंगे। निगम कर्मियों द्वारा प्रतिमाओं को कुंड तक ले जाकर विधिवत पूजा-अर्चना करके विसर्जित किया जाएगा।

# विकास कार्यों से और बढ़ेगी मंदिर हसौद की पहचान : डहरिया

- मंत्री डॉ. डहरिया ने किया ढाई करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री तथा आरंग विधानसभा के विधायक डॉ. शिवकुमार डहरिया आरंग विकासखण्ड के नवगठित नगर पंचायत मंदिर हसौद में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मंदिर हसौद क्षेत्र की पहचान पहले से हैं। नगर पंचायत बनने के बाद विकास कार्यों की स्वीकृति के साथ लोकार्पण एवं भूमिपूजन से यह तय है कि मंदिर हसौद का विकास तेजी से बढ़ेगा। मंत्री डॉ. डहरिया ने यहां एक करोड़ 37 लाख रुपए के विकास कार्यो का भूमिपूजन और एक करोड़ 13 लाख रुपए से अधिक के कार्यों का लोकार्पण किया। मंत्री डॉ. डहरिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर हसौद नगर पंचायत को विकास कार्यों की लगातार सौगात दी जा रही है। कोरोना काल में भी लोगों को विकास कार्यों की सौगात मिली है।

उन्होंने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी तरह सजग है और उपलब्ध भी करा रही है। मंत्री डॉ. डहरिया ने आगे कहा कि गांव के लोगों को जो रोजगार मिलता था, वह मंदिर हसौद क्षेत्र के लोगों को नगर पंचायत बनने से मिलता रहे इसके लिए भी पूरा प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार द्वारा धान के बदले अन्य फसल और वृक्षारोपण करने वालों को प्रति एकड़ 10 हजार की राशि देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। सूखा प्रभावित किसानों को भी राहत राशि देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों का कर्ज माफ करने के साथ बिजली बिल हाफ कर लोगों को राहत पहुचाया गया है। हमारी सरकार प्रदेश के लोगों के साथ मिलकर विकास के कार्यों को पूरा कर रही है। लोगों को अच्छी सड़क मिले, घर में नल कनेक्शन से पानी मिले इसके लिए भी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आरंग विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक भवन, सड़क,सीसी रोड निर्माण सहित अन्य कार्य लगातार स्वीकृत कर विकास की धारा बहाई जा रही है। उन्होंने बताया मंदिर हसौद क्षेत्र में 13 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। 3 करोड़ 70 लाख से अधिक के कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, द्वारिका साहू, कोमल साहू, प्रेमनारायण मिश्रा, शोभित साहू, संतोष सिन्हा,अवधेश मिश्रा,दिलीप जोशी,नरसिंह अग्रवाल, नोहर यादव, तारिणी पिंटू निर्मलकर दिनेश्वरी टण्डन,रेखराम पात्रे,ओम प्रकाश बघेल आदि उपस्थित थे।

### मंत्री ने 1 करोड़ से अधिक के कार्यों की घोषणा

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.डहरिया ने मंदिर हसौद कुरूद के कार्यक्रम में ढाई करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम में उन्होंने 1 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा भी की। मंत्री डॉ.डहरिया ने सर्व मांगलिक भवन हेतु 25 लाख रुपए, कुरूद में नाली के लिए 50 लाख रुपए, रामलीला रंग मंच कुरूद में शेड निर्माण के लिए 5 लाख, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु 20 लाख रुपए और कुरूद में 5.5 लाख रुपए महिला भवन हेतु घोषणा की। मंत्री ने वार्ड क्रमांक 8 में तहसील कार्यालय से व्यावसायिक परिसर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, लागत राशि 7.90 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 7 व्यावसायिक परिसर से जयकारा ट्रेडिंग तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, लागत राशि 28.26 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 7 व्यावसायिक परिसर से जयकारा ट्रेडिंग तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, लागत राशि 15.23 लाख रूपये के कार्यों का लोकार्पण किया।

# स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव की अध्यक्षता में चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज संचालक मंडल की बैठक

- राज्य सरकार के अधिग्रहण के बाद हुई पहली बैठक
- अस्पताल एवं कॉलेज संचालन की प्रकिया में तेजी लाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल एवं कॉलेज के अधिग्रहण के बाद यह पहली बैठक थी। बैठक में सिंहदेव अस्पताल एवं कॉलेज की वर्तमान व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और संचालन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत 150 स्टूडेन्ट की निरंतरता एवं सभी संचालित विषयों में पीजी कोर्स शुरू करने के लिए अनुमति लेने की प्रकिया शुरू करने पर सहमति प्रदान की गई। बैठक में मेडिकल कॉलेज के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं शासन की अन्य मेडिकल कॉलेजों के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए। मंत्री सिंहदेव ने अस्पताल और कॉलेज के अधोसंरचना विकास एवं निर्माण संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रारंभिक तौर से आवश्यकता के अनुरूप साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य, चिकित्सा उपकरणों को दूरस्त करने सहित अस्पताल में चाक-चौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में चिकित्सों, शिक्षकों सहित अन्य स्टॉफ की भर्ती के संबंध मे चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन द्वारा अस्पताल एवं कॉलेज के लिए क्रमशः 616 और 425 पदों इस तरह कुल 1041 पदों में भर्ती के लिए मंजूरी प्रदान कर दी गई है। मंत्री सिंहदेव ने कहा कि बजट व्यवस्था के हिसाब से नियमित नियुक्ति होने तक अति आवश्यक सेवाओं के लिए अस्थाई व्यवस्था कर ली जाए, ताकि अस्पताल और कॉलेज संचालन की दिशा में व्यवधान न हो। अस्पताल में ओपीडी सेवा प्रारंभ करने के संबंध में भी चर्चा की गई। मंत्री सिंहदेव ने कहा सरकार का काम लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करना है, ओपीडी सेवा शुरू होने के बाद अन्य शासकीय अस्पतालों के प्रावधानों के अनुरूप निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाए। बैठक दुर्ग कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर, ओएसडी मेडिकल कॉलेज नूपुर राशि पन्ना, अधिष्ठाता डॉ. पी.के. पात्रा और अधीक्षक डॉ. निर्मल वर्मा उपस्थित थे।

# ग्राहकों के शानदार प्रतिसाद पर टॉलेस्ट टावर अविनाश वन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की सबसे विश्वसनीय रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप अपने बहुतचर्चित प्रोजेक्ट अविनाशवन 'द टॉलेस्टटावरऑफ छत्तीसगढ़' मैग्नेटो मॉल के सामने रायपुर की लॉचिंग को ग्राहको को शानदार प्रतिसाद मिला।साइट विजीट में आये ग्राहकों का यह कहना था कि 19 फ्लोर का यह अपार्टमेन्ट मेग्नेटो की तरह पुनः एक लैण्डमार्क की तरह स्थपित होगा। छत्तीसगढ़ के लिये यह एक युनिक प्रोजेक्ट है जिसमें एक जगह में सभी सुविधाओं के साथ शानदा फुल्ली फर्नीसड स्टुडियो अपार्टमेन्ट, 2, 3, 4 ठभ्ज्ञ अपार्टमेन्ट, कर्मशियल काम्पलेक्स एवं आफिस स्पेस दिया जा रहा है। स्पअमए ॅवताए च्सलए ैवच की थीम पर बनने वाले इस प्रोजेक्ट की जानकरी लेने के लिये ग्राहक लगातार साइट विजीट कर रहे है, जिसे देखते हुये लांचिग आज एक दिन और बढाई जा रही है, ग्राहक आज भी साइट विजीट कर प्रोजेक्ट की जानकारी एवं एक्सप्रियंस ले सकते है।

यह प्रोजेक्ट 4.8 एकड में विस्तारित है जिसमें 126 प्रीमियम रेसिडेसयिल अपार्टमेन्टस, 100 सर्विस अपार्टमेन्ट, 39 आफि स स्पेस, 20 हैप्पी स्ट्रीट शॉप, एंक्र शॉप, प्रमियम रिटेल शॉप और साथ हीं थ् - ठ है जिसमें आप शहर के मध्य रहते हुये एक ही जगह में सभी सुविधाओं का आनंद लेंगे एवं हाई-राईस लाईफस्टाईल का अनुभव कर सकेंगे।

अविनाश वन अपनी लोकेशन की वजह से चर्चाओं मे है, यह रायपुर के सबसे पोश एवं प्रीमियम एरिया मेग्नेटो माल, वी.आई.पी रोड एवं 5 स्टार होटलों के पास है जहॉ पर छत्तीसगढ़ के ज्यादातर बिजनेस फैमलीस निवासरत है। यहॉ से माल, हास्पिटल, यूनिर्वसिटी, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, रिंगरोड, एयरपोर्ट, इटरनेशनल होटल एवं रायुपर-भिलाई की अच्छी कनेक्टविटी है। अविनाश वन की इस लांचिग को ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है जिसे देखते हुये अविनाश ग्रुप ने अपने सभी ग्राहकों एवं साइट विजीट मे आये सभी लोगों का धन्यवाद व्यक्त करता है।

### अब तक 1036.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 1036.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 19 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार कोरबा जिले में सर्वाधिक 1438.7 मिमी और कबीरधाम जिले में सबसे कम 823.1मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 894.6 मिमी, सूरजपुर में 1214.3 मिमी, बलरामपुर में 987.8 मिमी, जशपुर में 1039.7 मिमी, कोरिया में 989 .3मिमी, रायपुर में 892.2 मिमी, बलौदाबाजार में 939.6 मिमी, गरियाबंद में 1002.8 मिमी, महासमुंद में 875.9 मिमी, धमतरी में 964.0 मिमी, बिलासपुर में 1034.9 मिमी, मुंगेली में 1013.9 मिमी, रायगढ़ में 888.8 मिमी, जांजगीर चांपा में 1034.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1345.5 दुर्ग में 973.1 मिमी, राजनांदगांव में 902.4 मिमी, बालोद में 857.0 मिमी, बेमेतरा में 1121.8 मिमी, बस्तर में 1030.1 मिमी, कोण्डागांव में 1006.0 मिमी, कांकेर में 968.8 मिमी, नारायणपुर में 1190.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 1101.5 मिमी, सुकमा में 1339.2 मिमी और बीजापुर में 1142.3 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### अजय चन्द्राकर के बयान का जवाब दिया कांग्रेस नेत्री ने

**रायपुर।** कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर के उस बयान का जवाब देते हुए कांग्रेस नेत्री लक्ष्मीकांता हेमन्त साहू ने बीजेपी से ये पूछा है कि उनकी सरकार में कितने लोगों को एक तरफा कार्रवाई करते हुए जेल भिजवाया है ?

### निधन

### ईपी जैकब



**रायपुर।** ईपी जैकब (हेकसट फार्मा के भूतपूर्व एरिया मैनेजर) का 72 निधन हो गया। वे हेकसट फार्मा के भूतपूर्व एरिया मैनेजर थे। प्रार्थना सभा का आयोजन 20 सितंबर 2021 को कोट्टायम के पूथेनपलली में 11.30 बजे होगा। पि एन जैकब (सेवानिवृत शिक्षिका) होली क्रॉस पेंशन बाड़ा रायपुर, विवेक जैकब, डॉ प्रिया मैरी जैकब, डॉ सुमन मैथ्यू कोशी, शेरोन मरियम मैथ्यू, नताशा, निखिल, राहेल, रिबेका के पिताजी थे।

## घटनास्थल से लेकर घर तक निकाला जुलूस

# चाकूबाजी के आरोपियों का पहले पुलिस ने कराया मुंडन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी में चाकूबाजी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं. इस कड़ी में चाकूबाजी के दो आरोपियों का खमतराई पुलिस ने मुंडन कराकर जुलूस निकाला। गिरफ्तार आरोपियों का अपराध से पुराना रिश्ता बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, खमतराई पुलिस ने आरोपियों का उसी इलाके में निकाला है, जहाँ उन लोगों चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके साथ उन बस्तियों से होते हुए घर तक ले गई, जहां आरोपियों का खौफ था. जिले में यह सालों बाद देखने को मिला कि पुलिस किसी आरोपियों का मुंडन कर उसका जुलूस निकाला हो, जिससे उस इलाके में आम लोगों के बीच उनका खौफ खत्म हो सके। भनपुरी इलाके में चाकूबाजी की वारदात के बाद आरोपियों का पुराना रिकार्ड भी निकाला गया है। आरोपी भरत वर्मा के खिलाफ खमतराई थाना में हत्या के प्रयास के 2 मामले, लूट के 1, चोरी के 1, आबकारी के 2 और गाली गालौज मारपीट के 7 मामले दर्ज है, वहीं साथ ही जागेश्वर उर्फ जग्गा के विरुद्ध हत्या के प्रयास के 2, आर्म्स एक्ट के 3, मारपीट गाली गालौज के 5, छेड़खानी और जुआ एक्ट के 1-1 मामले दर्ज है. मामले में तीसरा आरोपी सिद्धार्थ फरार है।

### धारदार और घातक हथियार के साथ चार गिफ्तार

राजधानी रायपुर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस एक बार फिर से मुस्तैद हो गई है। इसके तहत रात में जहां अभियान चलाकर औचक चेकिंग शुरू की जा रही है, वहीं दिन में बदमाशों के खिलाफ भी पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में रायपुर पुलिस ने धारदार और घातक हथियार रखकर आम लोगों को आतंकित करने वाले चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। थाना खम्हारडीह क्षेत्र के चंडी नगर में आरोपी करण यादव, थाना गोबरानयापारा क्षेत्र के छांटा रोड पास आरोपी शुभम बंजारे, सोमवारी बाजार पास सचिन भोई एवं थाना गुढ़ियारी क्षेत्र के मुर्राभट्टी पास आरोपी मयंक राज मिश्रा को गिरफ्तार कर उक्त चारों आरोपियों के कब्जे से कुल चार नग धारदार व घातक हथियार जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही थाना आरंग, धरसींवा, गोबरा नयापारा, विधानसभा, अभनपुर, कोतवाली, आमानाका, खरोरा एवं कबीर नगर क्षेत्र में अलग-अलग आम स्थानों, सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वाले कुल 19 व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित थानों में धारा 36सी का अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने रायपुर के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को चाकूबाजी की घटनाओं पर नियंत्रण लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही धारदार हथियार रखकर घूमने वालों की पतासाजी तथा आम स्थानों पर शराब पीने एवं शराब पीने के लिए स्थान उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया लोक निर्माण विभाग के 26 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com




प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से कांकेर जिले के लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 168 करो? 58 लाख रूपये की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया, जिसमें 166 करोड़ 12 लाख 50 हजार रूपये के 23 कार्यों का भूमिपूजन तथा 02 करोड़ 45 लाख 50 हजार रूपये के 03 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इन कार्यों में 09 पुल निर्माण, 09 सड़क निर्माण तथा 05 भवनों के निर्माण कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री बघेल ने कांकेर जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित 03 भवनों का लोकार्पण भी किया तथा विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन के लिए अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज मण्डावी, संसदीय सचिव एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी, विधायक अंतागढ़ अनूप नाग, जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव, नगर पालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष सरोज जितेन्द्र ठाकुर, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के सदस्य नरेश ठाकुर, छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के सदस्य नरेन्द्र यादव, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला और जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, बस्तर संभाग के कमिश्नर जी.आर. चुरेन्द्र, कलेक्टर कांकेर चन्दन कुमार उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कांकेर जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित किये जाने वाले पीड़ापाल से धंनसुली मार्ग 03 किलोमीटर, कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग पर किलोमीटर 16/10 से 20/6 तक मजबूतीकरण 04 नग पुलिया सहित, कुष्टीकुर से आलबेड़ा मार्ग पर 05 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, अभनपुर-मांलगाव मार्ग के किलोमीटर 1/16 पर महानदी पर पुल निर्माण, कोदाभाट-झुनियापारा-मोहपुर मार्ग के किलोमीटर 2/10 हटकुल नदी पर पुल निर्माण, करियापहर-भजनाहालारी मार्ग के किलोमीटर 3/8 पर झुरानाला में पुल निर्माण, शासकीय महाविद्यालय नरहरपुर का भवन निर्माण, ग्राम पंचायत बेंवरती में 200 सीटर आवासीय विद्यालय भवन निर्माण, ग्राम साल्हेटोला ग्राम पंचायत सारवंडी में 200 सीटर आवासीय विद्यालय भवन निर्माण, दमकसा से पेटेचुआ मार्ग 08 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, कोटेला से हटकाचारामा मार्ग 03 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग के किलोमीटर 29 से 55 में 15 किलोमीटर उन्नयन कार्य, भानुप्रतापपुर-दुर्गूकांदल-पखांजूर-बांदे मार्ग के 11 किलोमीटर से 19 में 09 किलोमीटर में मजबूतीकरण, दुर्गूकोंदल में 200 सीटर आवासीय विद्यालय भवन निर्माण, कलगांव पहुंच मार्ग 02 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, हरनगढ़ बाजार पारा से मरकाम पारा मार्ग 04 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित, छोटेबेठिया में 200 सीटर आवासीय विद्यालय भवन निर्माण, कोयलीबेड़ा-दुता मार्ग के किलोमीटर 1/4 पर मेड़की नदी पर पुल निर्माण, सिकसोड़-चारागांव मार्ग के किलोमीटर 7/4 पर चारगांव नदी पर पुल निर्माण, करेंगांव-मंडागांव-भैसासुर मार्ग के किलोमीटर 3/4 पर मंडागांव नदी पर पुल निर्माण, पी.व्ही.-112 देवीपुर से देवदा मार्ग के देवदा नाला में पुल निर्माण, पी.व्ही.-44 से पी.व्ही.-45 के किलोमीटर 1/6 अंजा?ी नाला में पुल निर्माण, सोनपुर-नारायणपुर-मरोड़ा मार्ग के किलोमीटर 78 में कोटरी नदी पर पुल निर्माण का भूमिपूजन वर्चुअल माध्यम से किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा कांकेर के लोक अभियोजन कार्यालय भवन, चारामा विकासखण्ड के ग्राम आंवरी में निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन तथा अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम आमाबेड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सदस्य नरोत्तम पडोटी एवं नवली मीना मण्डावी, भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष सूनाराम तेता सहित वरिष्ट नागरिक सुनील गोस्वामी, दिलीप खटवानी, गफ्फार मेमन, चाकेश्वर गढ़पाले, सोमेश सोनी, राजकुमार चोपड़ा, मनोज जैन, लोक निर्माण विभाग कांकेर के अधीक्षक अभियंता पी.के. अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता एस.एल. मरकाम, भानुप्रतापपुर के कार्यपालन अभियंता महेन्द्र कश्यप सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ससुर की मृत्यु बाद पत्नी बन पेंशन लेना पड़ा भारी, 4 वर्ष की सजा 3 लाख जुर्माना




पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला के अपर सत्र न्यायाधीश, केपी सिंह भदौरिया ने आरोपीया को धारा 420 भादंसं के अपराध में 04 वर्ष के सश्रम कारावास एवं तीन लाख रुपये के अर्थदण्ड, अर्थदण्ड नहीं पटाने पर 01 वर्ष के अतिरिक्त सश्रम करावास, की सजा भुगताये जाने का आदेश पारित किया गया है।

प्रकरण के संबंध में लोक अभियोजक दिलीप जैन ने बताया कि यह अपील प्रकरण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोण्डागांव के निर्णय आदेष के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया। इस प्रकरण में प्राथी के द्वारा थाना कोण्डागांव में एक लिखित शिकायत प्रस्तुत किया गया कि स्व. रामचन्द्र मिश्रा पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर कार्यरत था, जिसकी सेवा पुस्तिका में नामिनी के रूप में उसकी पत्नी रामप्यारी का नाम अंकित है, जो वर्तमान में उत्तरप्रदेश में निवासरत है। रेणु मिश्रा स्व. रामचन्द्र मिश्रा के पुत्र अशोक मिश्रा की पत्नी और स्व. रामचन्द्र मिश्रा की बहू है। कोण्डागांव के समक्ष 07फरवरी 2009 को एक झूठा आवेदन स्वयं को स्व. रामचन्द्र मिश्रा की पत्नी बताकर प्रस्तुत किया है, जिसमें उसके द्वारा स्वयं का फोटो लगाया गया है । रामप्यारी मिश्रा द्वारा पेंशन हेतु प्रस्तुत आवेदन में न ही हस्ताक्षर किया गया है और न ही अंगूठा निशान लगाया गया है। रेणु मिश्रा द्वारा छल-कपट कर स्वयं को रामप्यारी मिश्रा बताकर उसके नाम से हस्ताक्षर किया गया है। एवं आवेदन में मृतक के नाबालिग पुत्र-पुत्रियों के रूप में अपनी पुत्रियों कु. वंदना मिश्रा एवं कु. साधना मिश्रा के नाम का उल्लेख किया गया है । रेणू मिश्रा ने स्वयं को दूसरी महिला बताकर शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली पेंशन निधि को छल कपट से प्राप्त कर पेंषन राशि का दुरूपयोग किया है। प्रार्थी की उक्त लिखित शिकायत के आधार पर जांच किये जाने के उपरांत आरोपीया रेणु मिश्रा के विरूद्ध थाना कोण्डागांव में अप.क्र. 272/2013 धारा 420 भा.दं.सं. के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया विवेचना उपरांत आरोपिया के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर अभियोजन पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

## श्रेयांश एग्रो स्वराज ट्रैक्टर ने किया तीन दिवसीय मेगा फ्री सर्विस कैम्प आयोजन



**कोण्डागांव।** कोण्डागांव के श्रेयांश एग्रो स्वराज ट्रैक्टर डीलर की तरफ से तीन दिवसीय मेगा फ्री कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमे स्वराज ट्रैक्टर धारकों का जमावड़ा लग गया, और एनएच 30 पर दोनों तरफ ट्रैक्टर ही ट्रैक्टर नजर आ रहे थे, जो स्थानीय लोगों व राहगीरों में कौतूहल का विषय बन गया। श्रेयांश एग्रो के संचालक समीर दुबे ने बताया कि तीन दिवसीय मेगा फ्री कैम्प में 19 सितंबर को कोण्डागांव में 50 से अधिक ट्रैक्टर धारकों ने इसका लाभ लिया है, इसी कड़ी में 20सितंबर को केशकाल व 21 सितंबर को माकड़ी में शिविर लगेगा। इसी मौके पर स्वराज ट्रैक्टर की तीन स्वराज फोरबीन ट्रैक्टर की डिलिवरी की गई।

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना में अब उद्यानिकी फसलें भी शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से राजीव गांधी किसान न्याय योजना में अब खरीफ मौसम की उद्यानिकी फसलों को भी शामिल किया गया है। खरीफ मौसम में टमाटर, बैंगन, मिर्च, भिण्डी, बरबट्टी, करेला एवं कद्दू वर्गीय फलदार वानिकी वृक्षारोपण पर इनपुट सब्सीडी किसानों को मिलेगी। खरीफ मौसम के उद्यानिकी उत्पादक कृषकों को प्रतिवर्ष 09 हजार रूपये प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि दी जायेगी। किसानों द्वारा वर्ष 2020-21 में जिस रकबे में धान की फसल ली गई थी तथा समर्थन मूल्य पर विक्रय किया गया था, उक्त रकबे में किसाना द्वारा धान के बदले उद्यानिकी फसल अथवा वृक्षारोपण किया जाता है, तो उन्हें प्रति एकड़ 10 हजार रूपये की आदान सहायता दी जावेगी। वृक्षारोपण करने वाले किसानों को तीन वर्षों तक आदान सहायता राशि दिया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत समस्त श्रेणी के भूस्वामी एवं वन पट्टाधारी कृषक योजना का लाभ प्राप्त करने के पात्र होगें। कृषकों को आदान सहायता राशि प्राप्त करने के लिए कृषि, उद्यानिकी, राजस्व विभाग के माध्यम से पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

## बीआईओएम किरन्दुल काम्प्लेक्स में सुरक्षा प्रबंधन पर प्रशिक्षण का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com




एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक आर. गोविंदराजन के दिशा निर्देश में आज बी.आई.ओ.एम. किरन्दुल काम्प्लेक्स में ए. के. एस. विश्वविद्यालय, सतना द्वारा आयोजित सुरक्षा प्रबंधन योजना एवं खनन उद्योग में ब्लास्टिंग तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन महाप्रबंधक (उत्पादन) विनय कुमार द्वारा किया गया।ए.के.एस. विश्वविद्यालय सतना के संकाय विशेषज्ञ पी.के.पालित, सेवानिवृत्त उप खान सुरक्षा महानिदेशक ए. के. मित्तल, निदेशक (प्रशिक्षण), डॉ. जी के प्रधान इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा किए। ए. के. एस. विश्वविद्यालय सतना के प्रोफेसर डॉ जी के प्रधान एंव उपस्थित फैकल्टी ने बताया कि यह प्रशिक्षण खनन उद्योग के लिए काफी महत्वपूर्ण है एवं इससे सुरक्षा स्तर में वृद्धि होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण प्रशिक्षण हेतु उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर महाप्रबंधक (उत्पादन) विनय कुमार ने सुरक्षा प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि सुरक्षा प्रबंधन योजना विशेष रूप से कार्य स्थल पर सुरक्षा स्तर बेहतर करने हेतु खान सुरक्षा महानिदेशालय के दिशा-निर्देश में किया गया है। आगे उन्होनें कहा कि आर गोविंदराजन, अधिशासी निदेशक के नेतृत्व में बी.आई.ओ.एम. किरन्दुल काम्प्लेक्स में सुरक्षा प्रबंधन योजना का क्रियान्वयन हुआ है जिससे विगत महीनों में कार्यस्थल पर सुरक्षा स्तर बेहतर हुआ है।

इस अवसर पर उन्होंने ए. के. एस. विश्वविद्यालय को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण सुरक्षा स्तर को बढ़ाने में सहायक होगा।

## बचेली में महिला समिति ने पूरे उमंग के साथ मनाया गणेशोत्सव



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल/बचेली
www.dailypioneer.com

बचेली के सेंट्रल वर्कशॉप कॉलोनी में महिला समिति के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित करके विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है।18 सितंबर शनिवार देर रात महिला समिति द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें बच्चे एवं महिलाएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए।इस दौरान संघ परिवार द्वारा महिला समिति को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्यकर्मियों की समीक्षा बैठक लेकर की चर्चा

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शुक्रवार को कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा जिले के मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आहुत की गयी थी। इस बैठक में कलेक्टर ने मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान, मोचो जचकी मोचो अस्पताल, मया मंडई, बच्चों के टीकाकरण, कोविड टीकाकरण, संवेदना कार्यक्रम, कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य जांच आदि मुदों पर चर्चा की गयी। इस दौरान कलेक्टर ने सभी एएनएम से एक-एक कर बात करते हुए मैदानी स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन में आ रही दिक्कतों के संबंध में पूछा। मोचो जचकी मोचो अस्पताल के अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने अधिक जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकित कर उन्हें प्रसव पीड़ा के पूर्व ही अस्पताल लाने की व्यवस्था करने हेतु कहा एवं 0 से 05 वर्ष के बच्चों के टीकाकरण हेतु मया मंडई के माध्यम से सभी बच्चों की स्वास्थ्य जांच के साथ कुपोषित बच्चों की जांच नियमित रूप से कराने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होने कहा कि कुपोषण से मुक्ति हेतु महिला बाल विकास विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग को कदम से कदम मिलाकर चलना आवश्यक है। मलेरिया, डायरिया, सिकलिन, असंस्थागत प्रसव, टीकाकरण ना होने आदि कारणों से अक्सर 0 से 05 वर्ष के बच्चों में मस्तिष्क का विकास नहीं हो पाता जिससे जीवन भर बच्चों को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसे दूर करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की अवश्यकता है कि वे स्वास्थ्यगत परेशानियों के समाधान हेतु घर-घर तक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करे एवं पहुंचविहीन ग्रामों की गर्भवती महिलाओं को एक सप्ताह पूर्व ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर स्थानांतरित कर संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करे। ग्रामों बच्चों के टीकाकरण, महिलाओं एवं किशोरियों की जांच हेतु मुनादी आदि के माध्यम से सूचित कर सभी की जांच करने तथा कृमिनाशक दवाईया अवश्य देने के निर्देश दिये।

**वर्चुअल कार्यक्रम में 47.76 करोड़ के 09 कार्यों के भूमिपूजन के साथ 1.71 करोड़ के 2 कार्यों का किया लोकार्पण**

## मुख्यमंत्री ने जिले को 49.47 करोड़ के 11 विकास कार्यों की दी सौगात

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




रविवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित लोक निर्माण विभाग के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विभिन्न जिलों विकास कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर से स्वास्थ मंत्री टीएस सिंहदेव, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसिंह टेकाम, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, यूडी मिंज, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी सहित अन्य मंत्रीगण एवं विधायक वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए।

इस समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा कोण्डागांव जिले को कुल 49.47 करोड़ के कुल 11 विकास कार्यों की सौगात दी गई। जिसके अंतर्गत 47.76 करोड़ रुपए के 09 पुल पुलिया एवं सड़क मार्गो के भूमिपूजन के साथ 1.71 करोड़ रुपए के दो कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। इसमें केशकाल विधानसभा में कांदाको?ी से सुखडीही तक के 03 किमी सड़क, केशकाल से रांधना (मुक्तिधाम) तक 03 किमी सड़क, चिंगली से डोंडरापाल तक 06 किमी सड़क, अंतागढ़ बेड़मा मुख्य मार्ग से पड़्डे तक 3.50 किमी सड़क, खरगांव से जबरुडीह तक 03 किमी सड़क एवं कोण्डागांव विधानसभा में भीरावंड से लखापूरी 03 किमी सड़क, बुडरापारा से मालगांव 03 किमी सड़क, अमरावती से एरला तक 06 किमी मार्ग के उन्नयन तथा नारायणपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले आदनार भंवरडीह (बारदा) नदी पर पुल निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इसके अतिरिक्त गिरोला में 50 लाख के मिनी स्टेडियम एवं इंडोर हॉल तथा बड़ेबेन्दरी में 1.21 करोड़ लागत की शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह विधायक मोहन मरकाम ने कहा कि पहुंचविहीन ग्रामों तक आधारभूत सुविधायें पहुंचाने के लिए राज्य शासन लगातार प्रयास कर रही है। किसी भी राज्य के विकास का आंकलन उनकी सड़कों से किया जा सकता है, इसके लिए राज्य शासन द्वारा सड़कों के जाल के विस्तार हेतु मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना, धरसा विकास योजना आदि योजनाओं के द्वारा अन्य राज्यों से अधिक सड़कों के निर्माण हेतु कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बारदा नदी पर आदनार से तोतर के बीच पुल को क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र के विकास से भटके हुए युवा पुनः मुख्यधारा में लौटेंगे एवं क्षेत्र में शांति कायम होगी। इसी तरह भूमिपूजन किये गये सड़कों के निर्माण से 50 से अधिक गांवों के 55 हजार ग्रामीणों को विकास की नयी राह प्राप्त होगी।

**SHRI BALAJI INTITUTE OF NURSING, MOWA, RAIPUR (C.G.)**

**APPOINTMENT**

Approved by Regulatory council under temporary Affiliation College to
Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience as per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01. | Vice Principal Cum Professor | 01 | 12 Year Experience with M.Sc (N) out of which 10 Year should be teaching experience with minimum of 5 year in collegiate programme Ph.D (N) is desirable. |
| 02. | Professor | 02 | 10 Year Experience with M.Sc (N) out of which 07 Year should be teaching experience |
| 03. | Associate Professor/Reader | 05 | M.Sc. (N) With 8 Year experience including 5 years teaching experience Ph.D (N) desirable. |
| 04. | Assistant Prof./ Lecturer | 10 | M.Sc.(N) with 3 Years teaching experience Ph.D (N) desirable |

**Other terms & conditions :-** 1. Teaching Experience : As per Council Norms. 2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale/ State Govt/ Pay Scale. 3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection Criteria :-**
Selection will decide on Merit . Merit list will be prepared on the basis of academic marks, Educational qualification ,interview, experience and Academic Contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publication in Various national/ international journals * Paper presentation in conference. * Total No. of Conference Attended.

**Last date of receipt of application :-** within 15 Days from the date of publication of advertisement.

# अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ थाना सरसीवा पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी

## आरोपी के कब्जे से कुल 15 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ सरसींवा
www.dailypioneer.com



अवैध शराब बिक्री करने वालो के खिलाफ थाना सरसीवा पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी है । गत दिनांक मधुबनखुर्द में आरोपी के कब्जे से कुल 15 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया जिसकी जुमला किमती 2500 रूपया है ।आरोपी अपने घर के बाजू में अवैध रूप से कच्ची महुवा शराब बनाकर बिक्री करते हुये रंगे हाथ् पकडाया । आरोपी घनश्याम भारद्वाज को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर उप जेल बलौदाबाजार भेजा गया ।

यह धड़पकड़ की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक महोदय आई.के. एलिसेला बलौदाबाजार द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिये गये थे । इसी के तहत पिताम्बर पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया बलौदाबाजार, संजय तिवारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिलाईगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरसींवा राजेश साहू के कुशल नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया । स्थानीय थाना सरसींवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनांक शासकीय वाहन से देहात पेट्रोलिंग पर रवाना हुये थे जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम मधुबन खुर्द में एक व्यक्ति अपने घर के बाजू में कच्ची महुवा शराब बनाकर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर तस्दीक कार्यवाही करने हमराह स्टाफ एवं गवाह के घटना स्थल पहुंचकर चारो तरफ से घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया तो मौके पर एक व्यक्ति को तीन पीला रंग की 05-05 लीटर क्षमता वाली प्लास्टीक जरिकेन के साथ रंगे हाथ पकडे नाम पता पूछने पर वह अपना नाम घनश्याम भारद्वाज पिता रामनांद भारद्वाज उम्र 30 साल साकिन मधुबनखुर्द थाना सरसीवा को होना बताया । आरोपी घनश्याम भारद्वाज के कब्जे से तीन जरिकेन 05-05 लीटर वाली में महुवा शराब कुल 15 बल्क लीटर लीटर शराब कीमती 3750 रूपये मिला है जिसे समक्ष गवाहो के जप्त किया आरोपी घनश्याम भारद्वाज का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध कायम कर दिनांक 18.09.2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर उप जेल बलौदाबाजार भेजा गया है । सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक राजेश साहू, प्रधान आर. विष्णु टंडन, आर. देव निराला , श्रवण टण्डन ,अशोक साहू महिला आर. भुनेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा है ।

# अंचल में गूंजा गणपति बाबा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ की गूंज

## धूमधाम एवं शांति से हुआ गणेश प्रतिमा का विसर्जन

■ कीर्तन भजन एवं सादगी के साथ किया गया विसर्जन

पायनियर संवाददाता ◄ सरसींवा
www.dailypioneer.com

सरसीवा एवं सरसींवा के आस पास के अंचलों में धूमधाम से गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन किया गया एवं जगह जगह अलग अलग बाजाओ एवं कीर्तन भजन के साथ भगवान श्री गणेश जी को गणपति बाबा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ बोलकर विदाई दी गई। नव युवा गणेश उत्सव समिति वार्ड नंबर 9 में लालू शर्मा द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा विगत 5 वर्षो से भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की जाती है एवं धूमधाम से पूजा अर्चना की जाती सरसींवा से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर जैतपुर के महानदी पर भगवान गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जन किया गया ।



# दिलीप माहेश्वरी की पुत्री हर्षिता माहेश्वरी का फार्मेसी में चयन



**बलौदाबाजार।** दिलीप माहेश्वरी (पत्रकार) की पुत्री हर्षिता माहेश्वरी चार वर्षीय बी फार्मेसी डिग्री कोर्स 80प्रति. अंक प्राप्त कर परिवार एवं समाज को गौरवान्वित किया उनका चयन चमेली देवी एकेडमी इंदौर के लिए हुआ है वे समाजसेवी स्वर्गीय प्रेमचंद माहेश्वरी की पोती हैं।

# विद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ खरोरा
www.dailypioneer.com

भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में विद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें चलित व स्थिर प्रादर्श का प्रदर्शन किया गया।जिसमें 9वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही । इस प्रदर्शनी में 40 प्रादर्श का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्वेता शर्मा, रीता रानी वर्मा व सुनीता सिंह थी। नवाचार प्रयोग के लिए प्राचार्य रजनी मिंज,उपप्राचार्य हरीश देवांगन ,व्याख्याता पुरषोत्तम देवांगन ने छात्र छात्राओं की तारीफ की है। विभिन्न मॉडल व टी एल एम बनाने वाले छात्र छात्राओं में गोमती वर्मा, भूमिका वर्मा, शुभम चेलक, ईशा नायक, कुसुमलता, धनेश्वरी देवांगन, पिंकी पटेल,रितु ,प्रियंका, पिंकी, प्रतिमा, नीलम,नेहा चक्रधारी, गायत्री, आरती ,समीर कुर्रे, प्रदीप नायक,दीपिका देवांगन, गोदावरी देवांगन, हेमा दिवान, लक्ष्मी, अंजलि के मॉडल सराहे गए इसी प्रकार रूपेंद्र निषाद नीरज तिवारी ने अलग ही नवाचारी प्रयोग दिखाया।सुनीता रात्रे, दामिनी टण्डन, पायल साहू,चेतना देवांगन, भूपेश पाटकर, घनश्याम सारथी, लक्की निर्मल कर नेभी नवीन प्रादर्श का प्रदर्शन किया।सीता वर्मा ,विधि मोनिका, हेमलता भूमिका साहू,जागृतिदेवांगन अनुराधा कामिनी मयंक यादव,पूजा वर्मा के टीचिंग लर्निंग मटेरिअल ने ध्यान आकर्षित किया। ममता देवांगन, शुभम धीवर, पलक, माया, झरना भोजराम,भूमिका सुमित आस्था शर्मा,तृप्ति देवांगन, अंजलि आरती, हिमांशु वर्मा तनु सेन खिलेश्वरी, लिशु प्रियांशी रेणुका साहू आकाश वीना निर्मलकर के प्रोजेक्ट को भी पसंद किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन को सेवा और समर्पण के रूप में मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भाजपाइयों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जिले में सेवा और समर्पण अभियान का शुभारंभ किया। जिसके तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन पर भाजपाइयों ने बुजुर्गों के साथ मनाया और उन्हें सम्मानित किया, जिला अस्पताल में मरीजों को फल बांटे। डॉक्टरों व कर्मचारियों का सम्मान किया। नगर के हृदय स्थल तिरंगा चौंक पर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। भाजपाइयों ने बाढ़ से प्रभावित नागरिकों से मुलाकात कर भरोसा दिलाया कि हर संभव मदद दिलाई जाएगी, कुछ दिनों पहले मूसलाधार बारिश के कारण अनेक लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिन्हें नगर पालिका के सहयोग से मंगल भवन में ठहराया गया है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य संदीप शर्मा ,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, नगर पालिका गफ्फू मेमन, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनेटेके ने ग्राम भिलाई स्थित सियान सेवा सदन में वृद्ध जनों को साल श्रीफल से सम्मानित किया ।

# कु. राधिका भट्टर सीए बनी



**बलौदाबाज़ार** । स्थानीय व्यापारी महेंद्र भट्टर की सुपुत्री कु. राधिका भट्टर ने सीए परीक्षा पास की । शुरू से ही मेधावी रही छात्रा राधिका काफ़ी लगन शील रही है । राधिका ने परिवार का ही नहीं नगर का भी मान बढ़ाया है।



# श्रद्धा-भक्ति के साथ किया गणेश विसजन

**मैनपुर।** ग्राम काण्डेकेला में धूमधाम से पूजा-अर्चना कर गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने डीजे, बाजे-गाजे और 'गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष के साथ नाचते-गाते विसर्जन स्थल पर पहुंच कर गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया।

# भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

## बाजे गाजे के साथ धूमधाम से विसर्जन किया



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव 17 सितम्बर को जिला मुख्यालय के नगर पंचायतो से लेकर गांव में भी हर्षोल्लास के साथ मना एवं 18 सितम्बर को समिति के सदस्यों द्वारा बाजे गाजे के साथ हर्षोल्लास पूर्वक महानदी एवं नगर स्थित तालाबों में भगवान विश्वकर्मा को विधिवत पूजा अर्चना कर विसर्जन कर मंगल कामना का आशीर्वाद लिया।

# धोधा साहू समाज भवन लोकार्पण में पहुंची संसदीय सचिव साहू

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्रामपंचायत धोधा में साहू समाज द्वारा सहयोग की राशि से निर्मित साहू भवन का लोकार्पण सम्पन्न हुआ जिसमें छत्तीसगढ शासन की संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। सर्वप्रथम समाजिकजनों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, ततपश्चात चौका आरती का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।अतिथियों द्वारा भक्त माता कर्मा की विधिवत पूजा अर्चना कर मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि समाजिकजनों के आपसी सहयोग से सामुदायिक भवन का निर्माण अनुकरणीय उदाहरण है जो कि हमारे समाज की एकजुटता को दर्शाता है। उन्होंने समस्त समाजिकजनों को इसके लिए बधाई शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे कहा कि हमे शिक्षा के साथ साथ ब्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की आवश्यकता है।समाज को नशामुक्त बनाने के लिए युवाओं को आगे आने होगा और सबसे पहले स्वयं से पहल करनी होगी।उन्होंने कार्यक्रम में बुलाने, सम्मान देने पर समस्त सामाजिकजनों एवं साहू समाज धोधा व हतबन्ध परिक्षेत्रवासियों का धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम को जीतराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज सिमगा, वीणा आडिल अध्यक्ष जनपद पंचायत सिमगा, संतोष कुमार साहू सभापति जनपद पंचायत सिमगा, बाबूलाल साहू संरक्षक तहसील साहू समाज सिमगा ने भी संबोधित कर समस्त साहू समाज धोधा को बधाई शुभकामनाएं दिए व समाज की एकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्रकला साहू पूर्व संयुक्त सचिव जिला साहू संघ ब.बा., सुनील साहू विधायक प्रतिनिधि एवं प्रदेश महामंत्री युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ छ.ग., विश्वनाथ साहू पूर्व सरपंच धोधा,शिव शंकर कुर्रे सरपंच धोधा,अशोक साहू उपसरपंच, तिलक साहू, सीताराम साहू, राजेंद्र साहू, घनाराम साहू, नंदकुमार साहू,बिसोनी बाई साहू ,अहिल्या साहू ,कमलेश साहू पूर्व सरपंच गुमा, बिसौहाराम साहू, टीका राम साहू ,मंतराम साहू ,अमृत साहू ,बिहारी लाल साहू, मोहित राम साहू ,राजकुमार साहू, परेटन साहू, घनश्याम साहू, खेदु राम साहू एवं रितुराज साहू मंच संचालक, भूमि दान दाता सुकेवारो बाई साहू, रजवंतीन साहू एवं बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## स्वयं की भूमि पर तालाब निर्माण कर गढ़ रहे सुनहरा भविष्य

# मछलीपालन से सवा एकड़ के तालाब से 6 लाख की सालाना कमाई करते हैं तुलसीराम

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पलारी विकासखण्ड के ग्राम अमेठी निवासी तुलसीराम फेंकर की शुद्ध आमदनी लगभग 6 लाख रुपये सालाना है। महज सवा एकड़ के तालाब में मछली पालन से उनकी यह आमदनी हो रही है। उनके पास अपना कोई पुश्तैनी तालाब नहीं था। स्वयं की भूमि पर तालाब निर्माण की मछलीपालन विभाग की योजना का फायदा उठाकर उन्होंने 2 बरस पूर्व अपने खेत पर तालाब निर्माण कराया। सवा एकड़ की भूमि को तालाब बनाने पर इनपुट सब्सिडी सहित उन्हें लगभग 2.50 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। राज्य सरकार की मछलीपालन की योजनाओं से मिल रहे फायदे से तुलसीराम बेहद खुश है। पक्का घर, मोटर गाड़ी सहित तमाम भौतिक सुख-सुविधाएं जुटाने के साथ ही अपने बच्चे तामेश्वर फेंकर को बंगलोर के प्रतिष्ठित कॉलेज में मछलीपालन विज्ञान में उच्च शिक्षा दिलाने में भी सफल हुए हैं। अमेठी ग्राम में महानदी के किनारे तुलसीराम फेंकर का फिश फार्म बना हुआ है। पलारी से कोई 12 किलोमीटर दूर पूर्व दिशा में यह गांव स्थित है।

सौर ऊर्जा चलित पंप से पानी लिफ्ट कर तालाब में भरते है। साल भर में मछली की दो दफा उत्पादन होती है। दोनों बार मिलाकर लगभग 35 लाख रुपये का उत्पादन होता है। बीज,दाना, दवाई,श्रम आदि पर लगभग 80 प्रतिशत खर्च हो जाता है। ये सब खर्च निकालने के बाद भी लगभग 6 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हो जाता है। श्री फेंकर ने बताया कि मछली पालन का सबसे बढ़ा फायदा इसके विक्रय को लेकर किसी तरह की समस्या का नहीं होना है। लोग स्वयं उनके तालाब पर मछली खरीदने लाइन लगाए खड़े रहते हैं। थोक में बेचने के लिए रायपुर, बिलासपुर और भाटापारा के ठेकेदार एक फोन पर आकर खड़े हो जाते हैं। थोक में लगभग 85 रुपये और चिल्हर में 120 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बेचते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार द्वारा मछलीपालन को खेती का दर्जा दिए जाने के निर्णय से तुलसीराम सहित मछुआ समुदाय में खुशी है। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक से उन्हें अब कम ब्याज दर पर ऋण मिलेगा। ऋण लेने के लिए आवेदन उन्होंने तैयार भी कर लिए हैं।

# आदिवासी विकास परिषद गरियाबंद ने एएसपी सुखनंदन राठौर को दी विदाई

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

आदिवासी विकास परिषद गरियाबंद द्वारा एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर के स्थानांतरण के बाद उन्हें विदाई दिया गया उनके साथ बिताए क्षणों को याद एवं उनसे मिले सहयोग के लिए आभार जताया विदाई समारोह में सुखनंदन राठौर समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहां की मुझे आदिवासी विकास परिषद गरियाबंद का मेरे ढाई साल के कार्यकाल में बहुत ही आदिवासी समाज का भरपूर सहयोग मिला आप लोगों ने अपनी संवैधानिक मांगों को लेकर हजारों की संख्या में रैली धरना किए सभी कार्यक्रम शांतिपूर्वक निपटा इसके लिए आप लोगो बहुत ही सराहनीय योगदान रहा गरियाबंद के आदिवासी समाज में एकता देखने को मिला गरियाबंद जिला आदिवासी बहुलता होने के कारण मेरे पास समस्या लेकर आदिवासी भाई बहन ही ज्यादा आते थे मैं आप लोगों के सहयोग से सभी आवेदनों का सभी समस्याओं का हल करने का प्रयास किया समाज के साथ बिताए हुए पल यादगार रहेगा ।



सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष भरत दीवान ने राठौर के साथ बिताए हुए अनुभव को साझा करते हुए कहा कि सर में कार्य के प्रति जो कर्तव्य निष्ठा और तत्परता थी वह पहले कभी किसी अधिकारी में देखने को नहीं मिला सर जी जब से आए हैं तब से हमारे आदिवासी समाज के संरक्षक की तरह समाज की समस्याओं को निराकरण करते रहे राठौर सर का गरियाबंद से जाना बहुत ही दुखद है हम समाज की रीड मानते थे राठौर सर भले ही हम लोगों से दूर जा रहे हैं हम लोग हमेशा संपर्क में रहेंगे और समस्याओं को लेकर हमेशा सलाह लेते रहेंगे इस विदाई कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के समाज प्रमुख, सरपंच ,युवा प्रभाग, महिला प्रभाग सम्मिलित हुए इसमें प्रमुख रूप से सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भरत दीवान, छत्तीसगढ़ प्रदेश सर्व समाज महिला प्रभाग के अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम, आदिवासी विकास परिषद अध्यक्ष उमेदि कोमर्रा ,जिला पंचायत सभापति फिरतू राम कंवर ,सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ध्रुव ,छूरा सरपंच संघ अध्यक्ष लेख राज ध्रुवा, देवेंद्र कश्यप, नरेंद्र कुमार ध्रुव अध्यक्ष युवा प्रभाग ,सुरेखा नागेश ,पुरुषोत्तम ध्रुव ,मुकेश बिसेन, वीरेंद्र कुमार , अश्वत ध्रुव ,डालचंद ध्रुव, लाल सिंह दीवान ,विष्णु नेताम, कार्तिक राम ,सोहन ध्रुव ,मोतीराम दीवान , खगेश भुजिया ,विजय नागेश ,अगहन सिंह ध्रुव ,झरनी बाई ध्रुव, झम्मन ध्रुव, चित्रलेखा ठाकुर ,जानकी ध्रुव, लक्ष्मी बाई आदि समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

# विकलांग शिविर का आयोजन विधायक ने बांटे ट्राई साइकिल

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के दूरस्थ ग्राम पंचायत छुईपाली में विकलांग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं सराईपाली विधायक किस्मतलाल नन्द उपस्थित हुए। विधायक नंद ने इस अवसर पर विकलांग जनो को ट्राई-साईकल वितरण कर कार्यकम को सफल बनाया।

इस अवसर पर विधायक किस्मत लाल नंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में विकलांगों हेतु ट्राईसाईकिल योजना को चलाए जा रहे हैं।



हालांकि यह योजना पहले से चली आ रही है पर इस समय आधुनिक साज सज्जा के साथ विकलांग व्यक्तियों को जो वास्तविक रुप से चल फिर नहीं सकते उन्हें आवागमन सुविधा के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान जाने हेतु निःशुल्क ट्राईसाईकिल प्रदान की जा रही है। हालांकि कोई भी व्यक्ति प्राकृतिक रूप से एक समान नहीं होते विकलांग होना कोई अभिशाप नहीं है यह प्रकृति प्रदत है। और कोई भी व्यक्ति विकलांग होना नहीं चाहता परंतु होनी के आगे नतमस्तक हैं मानव। उक्त कार्य्रकम में उपस्थित जन प्रतिनिधि के रूप में सरायपाली नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र बाघ, छूईपाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलराम भोई, केशव चौधरी, सरायपाली नगरपालिका एल्डरमैन गोपाल अग्रवाल, , प्रेम पटेल, शाहवीर चौहान एवम धनंजय नन्द के साथ ही अन्य कांग्रेसी नेता एवं ग्रामीण जन तथा क्षेत्र के लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।शासन द्वारा चलाए जा रहे इस योजना के लिए कार्यक्रम में उपस्थित विकलांग व्यक्तियों ने एवं उनके परिजनों द्वारा विधायक नंद एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया है।

## बाराद्वार की बिटिया सावी अग्रवाल का भारत सरकार के उद्यमशीलता मंत्रालय के महात्मा गांधी नेशनल फैलोशिप प्रोग्राम में हुआ चयन

**सावी अग्रवाल बाराद्वार के राजेश अग्रवाल की है मेधावी बिटिया**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



बाराद्वार शहर के प्रतिष्ठित नागरिक खरकिया परिवार के सदस्य राजेश अग्रवाल सक्तिहा की मेधावी बिटिया सुश्री सावी अग्रवाल का चयन भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय मिनिस्ट्री आफ स्किल डेवलपमेंट (महात्मा गांधी नेशनल फैलोशिप प्रोग्राम) में हुआ है,सावी अग्रवाल के इस पद पर चयन से जहां बाराद्वार शहर में लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सावी अग्रवाल को बधाई दी है, तथा उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है, तो वहीं सावी अग्रवाल के पिता राजेश अग्रवाल शक्तिहा ने भी कहा है कि उनकी बिटिया प्रारंभ से ही उच्च शिक्षा की ओर अग्रेषित थी तथा उसकी मेहनत से उसे यह स्थान मिला है।

## आत्मानंद स्कूल को अब तक नहीं मिली कोई सुविधा : शर्मा

■ **पालको में भारी चिंता, पढ़ाई पर हो रहे नए नए प्रयोग से**

पायनियर संवाददाता < कुरुद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार की कथाकथिथ महती योजना आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को कुरूद में सबसे पुराने विद्यालय में खोल तो दिया गया है लेकिन अभी तक स्कूल में माडल स्कूल जैसा कोई सुविधा राज्य सरकार मुहैया नहीं करा सकी,सिर्फ शासकीय आदेशों के आधार पर आननफानन में स्कूल खोल दिया गया है, स्वर्ण जयंती मना चुकी सबसे पुरानी बालक शाला की स्कूल को स्वामी आत्मानंद में परिवर्तित करने का आदेश तो आ गया किंतु जीर्ण शीर्ण शाला का न तो अब तक उन्नयन कराया गया,न ही




कक्षाओं को सुचारू रूप से चलाने का कार्य हुआ, लाइब्रेरी,खेल मैदान, कंप्यूटर क्लास , विज्ञान प्रयोगशाला, फर्नीचर, शुद्ध पेयजल,प्रसाधन आदि जैसी व्यवस्थाओं के लिए विद्यालय अभी तक जूझ रहा है, एक ही विद्यालय में हिंदी मीडियम ,ओपन स्कूल, सीबीएसई पाठ्यक्रम, की स्कूल भी लग रही है ,शाला भवन को तो उत्कृष्ट आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बना दिया गया हिंदी मीडियम वाले छात्र आज भी भटक रहे है,कोई आधिकारिक न आदेश मिला न ही कोई पहल हुई ,शिक्षण सत्र चालू हुए दो माह हो चुके है,न राज्य शासन और न ही जिला प्रशासन से कोई अधिकारी स्कूल संचालन की व्यवस्थाओं को देखने आया, विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है,विद्यालय में छात्र छात्राओं को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,स्कूल प्रबंधन समिति ने जिला कलेक्टर महोदय को विद्यालय के उन्नयन के लिए आग्रह किया था जिसमे अब तक कोई विचार नहीं हुआ शासन की इस उदासीनता से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षा व्यवस्था को लेकर पालक भी असंतुष्ट नजर आ रहे है , सांसद प्रतिनिधि कमल शर्मा ने मांग की है की स्कूल के पुनर्निर्माण की राशि जल्द आबंटित कर आत्मानंद स्कूल के कार्य को जल्द से जल्द चालू करवाया जाय जिससे क्षेत्र के अध्यनरत छात्र छात्राओं को अवस्थाओं से हो रही परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## सांसद विजय बघेल का हुआ नगर में भव्य स्वागत



**बेमेतरा।** दुर्ग लोकसभा के लोकप्रिय सरल सहज सांसद विजय बघेल का बेमेतरा नगर आगमन हुआ उनका विजय सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका,विकास तम्बोली जिलासंयोजक भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ,हर्षवर्धन तिवारी जिला सह संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ, राजेश शर्मा जिला सह संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ, राकेश मोहन शर्मा वरिष्ठ कार्यकता द्वारा जोरदार स्वागत हुआ युवा मोर्चा के कार्यक्रम के पश्चात बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मनियारी पहुँचे वहाँ भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता श्री शत्रुहन साहू के निधन पर शोकाकुल परिवार से भेंट कर मृतात्मा को शान्ति प्रदान करने श्रद्धांजलि दीये जिसमें श्री विजय बघेल जी सांसद अलावा पूर्व विधायक अवधेश चन्देल ,डॉ रघुनंदन तिवारी ,अनिल माहेश्वरी ,सतीश कसार जी,गोविंद पटेल कोमल पटेल जी सहिंत पूरा परिवार ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने से नाराज पति ने गला दबाकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के फास्टरपुर थाना क्षेत्र में दहेज के लिए फिर एक बेटी की हत्या का मामला सामने आया है, जिसमें मोटरसायकिल न मिलने से नाराज पति ने महिला को मौत के घाट उतारकर हत्या को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया।

पुरा मामला फास्टरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सिघंनपुरी का है जहां दहेज में मोटरसाइकिल नही मिलने से नाराज पति राहुल साहू ने अपनी पत्नी आरती साहू को मौत के घाट उतार दिया। मिली जानकारी के अनुसार 7 महीने पहले ही इन दोनों की शादी हुई थी मृतका के परिजनो के अनुसार शादी के बाद पति द्वारा मृतका को बार बार



प्रताडित किया जा रहा था, घटना के उपरांत पहले तो आरोपी युवक पुलिस को गुमराह करने के लिए चाय बनाते वक्त बिजली हीटर की चपेट में आने से मौत होना बता रहा था जब माईके पक्ष के लोग गले मे निसान देखे तो उन्होंने इसकी लिखित शिकायत फास्टरपुर थाने में की मृतिका के माँ ने बताया कि जब से शादी हुई थी तब से दहेज की बात को लेकर आरती से झगड़ा करता था फास्टरपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुच जाच कर आरोपी राहुल साहू को अपने कस्टडी में पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर गला दबाकर हत्या करना बताया है वही आगे की कार्यवाही जारी है।

> पुलिस अधिक्षक डी आर आंचला ने बतया कि मृतका की शादी कुछ माह पुर्व हुई थी, सुबह उसके पति के द्वारा हीटर के तार से गला दबा कर मारा गया, मामले की जांच जारी है आरोपी पति राहुल साहू और उसकी मां को दहेज मृत्यु, 302 के तहत न्यायायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।
>
> **डी आर आंचला**
> **पुलिस अधिक्षक**

## 7 अक्टूबर तक सेवा और समर्पण कार्यक्रम मनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय योजना अनुसार भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 सितम्बर जन्मदिवस एवं 7 अक्टूबर को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में 20 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक सेवा और समर्पण कार्यक्रम मनाया जाना तय हुआ है जिसकी आगामी कार्ययोजना हेतु जिला कार्यसमिति की आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर मुंगेली में सम्पन्न हुआ। बैठक में पूर्व मंत्री व विधायक पुन्नूलाल मोहले,सांसद अरुण साव, पूर्व सांसद लखनलाल साहू,पूर्व विधायक तोखन साहू,जिला भाजपा प्रभारी शंकर अग्रवाल, राजेन्द्र शर्मा, प्रदेश



कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, कोमलगिरी गोस्वामी, नरेंद्र शर्मा, रजनी मानिक सोनवानी,जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती अंजना दास, धनीराम यादव, आईटी सेल व सोशल मीडिया के जिला संयोजक गण ,सहित समस्त मंडल अध्यक्ष, सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित थे। संचालन जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता ने व आभार जिला उपाध्यक्ष धनेश साहू ने किया।

## पीएम का जन्मदिन सेवा दिवस के रुप में मनाया

■ **टीकाकरण केंद्र में पोस्टर प्रदर्शनी**

**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 71वां जन्मदिन को सेवा कार्य कर मनाया गया इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण , टीकाकरण केंद्रों पर जाकर लोगों का टीका लगवाने में सहयोग किया एवं पोस्टर प्रदर्शनी लगाकर प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित संघर्ष और राजनीतिक यात्रा को चित्रांकन कर दर्शाया गया ।

इस दौरान भाजपा मंडल केदुवां द्वारा हायर सेकेंड्री स्कूल जम्हारी में साफसफाई कर वृक्षारोपण किया गया , साथ ही गाँव के सभी ग्रामवासियों को शत प्रतिशत कोरोना टीका लगवाने के लिए कार्यकर्ताओं को जागरुकता अभियान चलाने की चर्चा किया गया कोरोना वेक्सीन की भ्रांति को दुर करने की अपील किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से श्रीमती पुष्पलता चौहान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा, ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा समर्पण भाव से सेवा करते आ रहे हैं प्रधानमंत्री द्वारा सही समय पर सही निर्णय लेकर कोरोना महामारी से निपटने अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया है उन्होंने कहा कि जो कार्य 70 वर्षो से नहीं हुआ वह 7 वर्षो में प्रधानमंत्री द्वारा कराए गए उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र





में नई तकनीकों का प्रयोग किया। इस अवसर पर संजय डड़सेना मंडल अध्यक्ष केंदुआ , कुसुम सिदार ज.प.सदस्य, रवि चौहान अ.जा.मो. जिला कोषाध्यक्ष, प्रकाश राणा चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक,मनीराम भोई, प्रेमसाय डड़सेना, भोला चौहान, खुबू यादव, आलोक सतपथी महामंत्री युवा मोर्चा, श्रीमती छबिला डड़सेना महामंत्री महिला मोर्चा, श्रीमती लक्ष्मीवती चौहान सरपंच जमहारी, उदय निषाद, सत्यप्रकाश सतपथी पोलिंग बूथ अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## कबीरधाम जिले के ग्राम उसरवाही के ग्रामीणों का कांग्रेस प्रवेश



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री शभूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बह रही है। सभी जिलों में विकास के कार्यों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नागरिकों की मांग पर विकास के कार्य तत्काल स्वीकृत हो रहे है। कांग्रेस सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर जिला कबीरधाम क्षेत्रों के निवासी बड़ी संख्या में कांग्रेस प्रवेश कर रहे है। आज दिनांक 18.09.2021 को कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला के उसरवाही के ग्रामीणों ने केबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। मंत्री श्री अकबर ने कांग्रेस प्रवेश करने वाले नागरिकों का गमछा पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया व उन्हें बधाई दी।

मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के समक्ष उनके शंकर नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में कांग्रेस प्रवेश करने वालों में अजब दास मानिकपुरी, रघुनाथ पांचे, संतलाल पांचे, तुमलाल पटेल, जयपाल दांदरे, भोजराज दांदरे, एवं सुबेदार दांदरे शामिल थे।

**शिक्षा के अधिकार कानून के साथ ही साथ अन्य विधिक जानकारी भी दी गई**

## कॉमन सिटीजन को विधिक सहायता देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

■ **कार्यक्रम में जिले के 150 स्कूल के प्रतिनिधि, प्राचार्य सम्मिलित हुए**

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में 17 सितंबर को प्रदेश स्तर में कॉमन सिटिजन का विधिक सहायता देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कबीरधाम जिले में भी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नीता यादव के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नीता यादव एवं न्यायाधीश श्रीमती दिप्ति सिंह गौर द्वारा शिक्षा विभाग के समस्त स्कूलों को



ऑनलाईन संबोधित किया गया। शिक्षा के अधिकार कानून के साथ ही साथ अन्य विधिक जानकारी भी दी गई। साथ ही जनचेतना यू-ट्यूब चैनल द्वारा विधिक साक्षरता प्राप्त करने और नालसा के एप्प द्वारा विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 स्कूल के प्रतिनिधि, प्राचार्य सम्मिलित हुए। श्री आलोक कुमार, न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा जिला न्यायालय परिसर में स्थित किलकारी कक्ष में उपस्थित महिलाओं, बच्चों तथा उनके साथ आए हुए परिवार के सदस्यां को भरण-पोषण, विवाह विच्छेद आदि से संबंधित विधिक जानकारियां दी गई। इसी प्रकार अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीशगण श्री पंकज कुमार शर्मा, श्रीमती स्वर्णलता टोप्पो एवं श्री वेन्सेस्लास टोप्पो द्वारा न्यायालय परिसर में प्रोजेक्टर के माध्यम से विधिक साक्षरता संबंधी शॉर्ट मुवी दिखाकर उपस्थित पक्षकारों को विधिक साक्षरता प्रदान की गई।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री भूपत सिंह साहू एवं नवनियुक्त न्यायाधीश सुश्री साक्षी ध्रुव द्वारा अधिवक्तागण को विधिक साक्षरता प्रदान के साथ ही साथ जनचेतना यू-ट्यूब चैनल द्वारा विधिक साक्षरता प्राप्त करने तथा नालसा के एप्प द्वारा विधिक सहातया प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के तारतम्य में श्री अमित प्रताप चन्द्रा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल, कबीरधाम का भौतिक निरीक्षण कर वहॉं बंदियों को विधिक साक्षरता उपलब्ध कराई गई, उक्त कार्यक्रम में लगभग 250 बंदी उपस्थित थे। सचिव द्वारा जिला जेल, के जेलर को यह अनुरोध भी किया गया कि बंदियों को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बनाये गए यू-ट्यूब चैनल जनचेतना के विडियों भी दिखाए, ताकि बंदियों को विधिक जानकारियों का ज्ञान हो सके। सचिव द्वारा ही अन्य कार्यक्रम के तहत आदर्श कन्या उच्चतम माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में जिले के शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा संकुल समन्वयकों को विधिक उपबंधां से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के लगभग 300 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री राकेश कुमार पाण्डेय के सहयोग से जिले के शिक्षा विभाग के लगभग 4500 शिक्षको, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को जनचेतना यू-ट्यूब चैनल द्वारा विधिक साक्षरता प्राप्त करने तथा नालसा के एप्प द्वारा विधिक सहातया प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। पण्डरिया न्यायालय के न्यायाधीश श्री अविनाश कुमार दुबे द्वारा 2 शिविर सरकारी स्कूलों में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लाभार्थियों की संख्या 95 थी। कुल 11 पी.एल.व्ही. द्वारा कुल 70 विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन कुल 60 ग्रामों में किया गया, जिसमें लाभान्वितों की संख्या कुल 600 रही।


DOC टॉक



डॉ विद्या झा

एसोसिएट प्रोफेसर और सलाहकार (प्रभारी), साइटोजेनेटिक्स लैब, सहायक चिकित्सा प्रशासक अमृता आयुर्विज्ञान संस्थान, कोच्चि

# कोविड-19 से रहें बेहतर ढंग से सुरक्षित



**रोग** नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) स्थानिक रोग को एक भौगोलिक क्षेत्र के भीतर आबादी में बीमारी या संक्रामक वाहक की निरंतर उपस्थिति और / या सामान्य प्रसार के रूप में परिभाषित करता है। यह देखी गयी आधार रेखा या रोग का स्थानिक स्तर अनिवार्य वांछित स्तर नहीं है, जो वास्तव में शून्य हो सकता है। किसी भी हस्तक्षेप की कमी के मामले में और यह मानते हुए कि रोग का स्तर अतिसंवेदनशील व्यक्तियों के समूचे स्तर पर समाप्त करने के लिए पर्याप्त नहीं है, मगर इस स्तर पर बीमारी अनिश्चित काल तक बनी रह सकती है। इसलिए, इस आधारभूत स्तर को अक्सर जनसंख्या में रोग के अपेक्षित स्तर के रूप में माना जाता है।

विभिन्न आबादी समूहों और राष्ट्रों में झुंड प्रतिरक्षा प्राप्त करने के समय में अंतर और कोविड-19 टीकों से प्राप्त सुरक्षा अवधि में अनिश्चितता के कारण, यह संभावना है कि बूस्टर टीके जैसे कुछ उपायों की अनिश्चित काल तक आवश्यकता हो सकती है। सार्स-कोवि-2 मौजूद रहेगा। यहां तक कि जब कोई देश झुंड प्रतिरक्षा की स्थिति तक पहुंच भी जाता है, तो भी मौजूदा निगरानी, बूस्टर टीके, और संभावित रूप से अन्य उपायों की आवश्यकता बनी रह सकती है। फिलहाल, डेल्टा संस्करण ने कम से कम अल्पावधि में अधिकांश देशों में समग्र झुंड प्रतिरक्षा को प्रभावी ढंग से पहुंच से बाहर कर दिया है।

अभी तक, भारत झुंड प्रतिरक्षा प्राप्त करने में सक्षम नहीं हुआ है और एक ज्यादा यथार्थवादी एपिडेमियोलोजिकल समापन छोर नजर आता दिखता है जब कोविड-19 से स्थानिक बीमारी के रूप में निपटा जा सकता है। हालांकि, सबसे बड़ी समग्र चुनौती एक महत्वपूर्ण नए संस्करण का उभरना है जो अधिक संक्रमणकारी है, जिसमें अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु होने की अधिक संभावना है, और यह टीकाकरण वाले लोगों को संक्रमित करने में अधिक सक्षम है। मौजूदा टीके डेल्टा संस्करण से संक्रमण को रोकने में सक्षम नहीं हैं। इसके अलावा, क्रमिक रक्त परीक्षण से पता चलता है कि प्रतिरक्षा अपेक्षाकृत तेजी से कम हो सकती है। इसने कुछ विकसित देशों को अधिक संवेदनशील आबादी को बूस्टर खुराक की पेशकश शुरू करने या उनके रोलआउट की योजना बनाने के लिए प्रेरित किया है।

भारत बीमारी की महत्वपूर्ण लहरों के मद्देनजर एक असुरक्षित देश के रूप में बना हुआ है। इस तथ्य के कारण कि समग्र प्रतिरक्षा कमजोर है, भारतीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी तक पूर्णतया टीका सुरक्षित नहीं किया गया है। भारत के लिए स्थानिक बीमारी के रूप में कोविड -19 से निपटने की संभावित समय सीमा भी कम स्पष्ट है।

इसलिए, भारत सहित कई देश स्थानिक कोविड-19 के चरण में पहुंचना चाहेंगे। लेकिन भारत बीमारी की महत्वपूर्ण लहरों के मद्देनजर एक असुरक्षित देश के रूप में बना हुआ है। इस तथ्य के कारण कि समग्र प्रतिरक्षा कमजोर है, भारतीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी तक पूर्णतया टीका सुरक्षित नहीं किया गया है। भारत के लिए स्थानिक बीमारी के रूप में कोविड -19 से निपटने की संभावित समय सीमा भी कम स्पष्ट है। डेल्टा संचालित मामलों की लहर में गिरावट आने पर गंभीर बीमारियों और मौतों से निपटने के लिए कोविड-19 मामलों के प्रबंधन से सार्वजनिक-स्वास्थ्य प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

अंतिम बिंदु के रूप में स्थानिकता तक पहुंचने में चुनौतियों का नए वेरिएंट्स में उभरना जारी है जो टीका-आधारित प्रतिरक्षा को लांघ जाते हैं। वे अक्सर टीकाकरण वाले व्यक्तियों में गंभीर बीमारी का कारण बनते हैं और समय के साथ प्राकृतिक व टीका आधारित प्रतिरक्षा की कमी के कारण अत्यधिक संक्रामक होते हैं, प्रतिरक्षा बनाए रखने और बीमारी के स्वीकार्य बोझ को परिभाषित करने के लिए टीका बूस्टर खुराक को जल्दी से सामने लाना होगा (उदाहरण के लिए, टीकाकरण और बिना टीकाकरण आबादी में रोग दबाव के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित करना)। सबसे बड़ा कार्य यह निर्धारित करना होगा कि सार्वजनिक-स्वास्थ्य प्रतिबंधों को उठाने के लिए बीमारी का दबाव कितना कम है। हालांकि, समय के साथ, समस्त बाधाओं के बावजूद, हम अधिक टीकाकरण कवरेज, पूर्व संक्रमण से प्राकृतिक प्रतिरक्षा, बूस्टर खुराक, भारत में टीकों की पूर्ण स्वीकृति, बच्चों हेतु टीकों के प्राधिकरण के कारण कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर से बेहतर रूप से सुरक्षित रहेंगे।

## समर कूलर

**खरबूजे के बीज :** हम आमतौर पर फलों में लगे बीजों को फेंक देते हैं। हमारे भोजन में बहुत सारे फलों के बीजों का सेवन अलग-अलग तरीकों से किया जा सकता है और बीजों वाला एक ऐसा फल जिसके कि अनगिनत स्वास्थ्य लाभ हैं, वो है खरबूजा। यह आपके शरीर और त्वचा के लिए बेहतरीन हाइड्रेटर है और गर्मी को दूर रखता है। फाइबर की अच्छी मात्रा होने के कारण, यह मैग्नीशियम, विटामिन ए और फास्फोरस से भी भरपूर होता है जो वजन कम करने की प्रक्रिया को तेज करने में मदद करता है। अच्छा आंत स्वास्थ्य बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है और ये बीज आपके पेट को साफ करने में मदद करते हैं और एक कृमिनाशक का भी काम करते हैं।



इस कठिन समय के दौरान स्क्रीन की थकान बेहद चिंता का विषय हो सकती है और हम सभी को अपनी आंखों की उचित देखभाल करनी चाहिए। बीजों में मौजूद ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन दो कैरोटीनॉयड हैं, जो आपकी आंखों की रोशनी के लिए अद्भुत काम करते हैं। खरबूजे के बीजों को फल से निकालकर, कुछ दिनों तक धूप में सुखाकर, नाश्ते के रूप में या मीठे व्यंजनों में गार्निशिंग तत्व के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।



# क्या है एनआईवी

## केरल के कोझीकोड जिले में 12 साल के एक बच्चे की मौत के बाद निपाह वायरस फिर से सक्रिय हो गया है। हमें कितना चिंतित होना चाहिए? वायरस के बारे में अधिक जानने के लिए विशेषज्ञों से बात कर रही हैं सुप्रिया रमेश

**निपाह** वायरस (एनआईवी) को पहली बार 1999 में मलेशिया में सुअर पालकों में इसके प्रकोप के दौरान पहचाना गया था। भारत में, इसका पहला प्रकोप केरल के एक जिले कोझीकोड में बताया गया था, जो बांग्लादेश के माध्यम से फैल गया है। जबकि एनआईवी का पहला मामला तीन साल पहले दर्ज किया गया था, हाल की खबरें तब से इसके तीसरे प्रकोप का संकेत दे रही हैं।

एनआईवी संक्रमण एक जूनोटिक बीमारी है जो जानवरों से लोगों में फैलती है और एनआईवी का प्राथमिक स्रोत चमगादड़ हैं। यह दूषित भोजन के माध्यम से मनुष्यों में भी फैल सकता है या सीधे संक्रामक हो सकता है। इंटर्नल मेडिसिन एंड मेडिकल एडवाइजर के वरिष्ठ निदेशक डॉ आशुतोष शुक्ला कहते हैं, ''हालांकि यह भी नोट किया गया था कि वायरस में सूअरों को गंभीर रूप से प्रभावित करने की प्रवृत्ति थी, मगर वायरस से संक्रमित सूअर का मांस का सेवन एक अन्य योगदानकारी कारण है।''

भले ही यह एक ज्ञात बीमारी है, फिर भी वायरस का दुबारा प्रकट होना चिंता का विषय है और इस प्रकार कोविड महामारी की तरह ही ग्रह को अपनी चपेट में लेने से पहले सभी संभावित निवारक उपाय किए जाने की आवश्यकता है। शुक्ला कहते हैं, ''गंभीर संक्रमण में, व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो सकती है, लेकिन अन्य लक्षणों में तीव्र श्वसन रोग, उल्टी, सिरदर्द और गर्दन में जकड़न शामिल हो सकते हैं, और जटिलताएं तब बढ़ जाती हैं जब वायरस मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करना शुरू कर देता है, जिससे मस्तिष्क में सूजन हो जाती है जिससे मरीज की मौत हो सकती है। ''विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मनुष्यों में निपाह वायरस के संक्रमण से कई प्रकार के रोग लक्षण पैदा होते हैं, जिसमें लक्षणहीन संक्रमण (सबक्लिनिकल) से लेकर तीव्र श्वसन संक्रमण और घातक एन्सेफेलाइटिस होना शामिल हैं।

एनआईवी का प्राथमिक रूप से पॉलीमेरिक चेन रिएक्शन (पीसीआर) के माध्यम से निदान किया जाता है जैसा कि डेंगू या अन्य वायरल बीमारियों के मामलों में किया जाता है। जटिलताओं को रोकने के लिए प्रारंभिक पहचान और निगरानी महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, एनआईवी संक्रमण के लिए कोई लाइसेंस प्राप्त उपचार उपलब्ध नहीं है और यह सहायक देखभाल तक सीमित है, जिसमें आराम, खूब पानी पीना और लक्षणों के उभार अनुसार उपचार करना शामिल हैं।

डब्ल्यूएचओ ने बताया कि निपाह वायरस के संक्रमण के शुरुआती लक्षण और लक्षण अविशिष्ट हैं, और निदान अक्सर उपस्थिति के समय संदिग्ध नहीं होता है। यह सटीक निदान में बाधा उत्पन्न कर सकता है और इसके प्रसार का पता लगाने, प्रभावी और समय पर संक्रमण नियंत्रण उपायों और प्रकोप प्रतिक्रिया गतिविधियों में चुनौतियां पैदा कर सकता है। इसके अलावा, गुणवत्ता, मात्रा, प्रकार, नैदानिक नमूना संग्रह का समय और प्रयोगशाला में नमूनों को भेजने के लिए आवश्यक समय, प्रयोगशाला परिणामों की सटीकता को प्रभावित कर सकते हैं।

इस रोग से संबंधित मामले की मृत्यु दर 40 प्रतिशत से 75 प्रतिशत अनुमानित है। महामारी विज्ञान निगरानी और नैदानिक प्रबंधन की स्थानीय क्षमताओं के आधार पर यह दर प्रकोप से भिन्न हो सकती है। संक्रमित रोग, सलाहकार, डा अंकिता बैध्या कहती हैं, ''आमतौर पर निपाह वायरस का संक्रमण दूषित शारीरिक तरल पदार्थ के माध्यम से होता है। उस स्थिति में, संक्रामकता दर बहुत अधिक नहीं होती है, लेकिन यदि स्थानीय प्रसार में इसे नियंत्रित नहीं रखा जाता है, तो यह अत्यंत चिंता का विषय हो सकती है।''

बीमारी शुरू में 3-14 दिनों के बुखार और सिरदर्द के रूप में नजर आती है और इसमें अक्सर सांस की बीमारी के लक्षण शामिल होते हैं, जैसे खांसी, गले में खराश और सांस लेने में कठिनाई।

लक्षणों में तेज बुखार, उल्टी, सिरदर्द और गर्दन में अकड़न होना शामिल है और जब वायरस मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करना शुरू कर देता है तो जटिलताएं बढ़ जाती हैं। संक्रमण के कारण हल्की से गंभीर बीमारी हो सकती है, जिसमें मस्तिष्क में सूजन होना भी शामिल है जिससे मृत्यु हो सकती है। लक्षण आमतौर पर वायरस के संपर्क में आने के बाद 4-14 दिनों के भीतर दिखाई देते हैं। शुक्ल बताते हैं, ''बीमारी शुरू में 3-14 दिनों के बुखार और सिरदर्द के रूप में नजर आती है, और इसमें अक्सर सांस की बीमारी के लक्षण शामिल होते हैं, जैसे खांसी, गले में खराश और सांस लेने में कठिनाई। मस्तिष्क की सूजन का एक चरण आ सकता है, जहां लक्षणों में उनींदापन, भटकाव और मानसिक भ्रम होना शामिल हो सकते हैं, जो मरीज को 24-48 घंटों के भीतर तेजी से कोमा में ले जा सकते हैं।''किसी भी अन्य बीमारी की तरह, जल्दी पता लगाना और निगरानी करना आवश्यक है। भले ही मनुष्यों के जरिए वायरस का फैलना कम आम है, लेकिन इसे फैलने से रोकने के लिए एहतियाती कदमों का पालन करना अधिक महत्वपूर्ण है। यदि आप ऐसी जगह रह रहे हैं जहां बहुत सारे चमगादड़ पाए जाते हैं, आपको अतिरिक्त सावधान रहना चाहिए। केरल में, जहां बहुत ज्यादा आबादी है, लोगों को सावधान रहना चाहिए अगर आसपास कोई चमगादड़ मृत पाया जाता है। बैध्या कहती हैं कि अगर लोग बुखार और सिरदर्द और किसी प्रकार के मस्तिष्क संक्रमण के लक्षणों जैसे भूलने की बीमारी की रिपोर्ट कर रहे हैं, तो तत्काल जांच कार्य किया जाना चाहिए।

## दादी का कहना



**लोगों के बाल झड़ने के कई कारण हो सकते हैं, यह हार्मोनल हो सकता है या बीमारी के कारण भी हो सकता है। रोशनी देवी ऐसे घरेलू उपचार बता रही हैं जो बालों के झड़ने को रोकने में मददगार हो सकते हैं**

**लोगों** के बाल झड़ने के कई कारण हो सकते हैं, यह हार्मोनल हो सकता है या बीमारी के कारण भी हो सकता है। रोशनी देवी ऐसे घरेलू उपचार बता रही हैं जो बालों के झड़ने को रोकने में मददगार हो सकते हैं

तो पेश है झड़ते बालों की समस्या का समाधान। मुलेठी एक ऐसी जड़ी-बूटी है जो न सिर्फ आपके बालों को नुकसान होने से बचाती है बल्कि बालों का झड़ना कम करने में भी मदद करती है। इसे मास्चराइजर के रूप में सिर की खाल पर लगाने में इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि रुखेपन से छुटकारा मिल सके। प्राकृतिक नद्यपान को मेंहदी के साथ मिलाया जा सकता है, जो आपको बाल धोने के बाद उनका रेशमीपन प्राप्त करने में मदद करेगा। इससे यह आपके बालों को वैसे ही मॉइस्चराइज करेगा जैसे यह उन्हें मजबूत और बेहतर बनाता है। आवश्यक तेलों और बालों की मिट्टी के साथ नद्यपान भी बालों के लिए कुछ बेहतरीन कवच बनाता है।



नद्यपान की जड़ को एक चौथाई चम्मच केसर के साथ एक कप दूध में मिलाकर बारीक पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को हफ्ते में दो बार लगाएं और इसे रात भर के लिए अपने बालों की जड़ों और बालों की लंबाई पर लगाकर छोड़ दें, इससे बालों का झड़ना कम हो सकता है।

मुलेठी की जड़ रूखी, पपड़ीदार या खुजली वाली खोपड़ी को कम करने का काम करती है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मुलेठी की जड़ आपके सिर की खाल को सांस लेने का रास्ता देती है और आपके कमजोर बालों के रोम को मजबूत बनाती है, जो कि बालों के झड़ने का सबसे पहला कारण होता है। तत्काल परिणामों का आनंद लेने के लिए, इसे साप्ताहिक स्तर पर लगाएं या चाय के रूप में मौखिक रूप से सेवन करें।

# डिब्बाबंद ऑक्सीजन के जरिए जीवन रक्षा



**घर पर पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन रखना उतना ही महत्वपूर्ण हो सकता है जितना कि प्राथमिक चिकित्सा किट में बैंड-एड। अलंकार सक्सेना बता रहे हैं कि यह किस तरह हमारी दैनिक जीवन स्थितियों में भी बहुत मददगार हो सकते हैं**

**वो** प्राथमिक चिकित्सा किट आपके बाथरूम वैनिटी में पड़ा हुई है, इसे कितनी बार थर्मामीटर, एंटीसेप्टिक लिक्विड / क्रीम, ओटीसी दवाओं और बैंड एड्स से परे इस्तेमाल किया जा रहा है? अधिकांश घरों और यहां तक कि कार्यस्थलों के लिए, प्राथमिक चिकित्सा किट में ये कुछ चीजें शामिल होती हैं, जिनका एकमात्र उद्देश्य चोटों व बीमारियों का इलाज करना और उनकी गंभीरता और संक्रमण की संभावना को घटाना होता है। हालांकि, सटीक होने के लिए, प्राथमिक चिकित्सा, मूलतः चिकित्सा देखभाल की प्रतीक्षा करते समय, किसी बीमार या घायल व्यक्ति को दी जाने वाली तत्काल देखभाल है। तो, लो टिशू ऑक्सीजन से जुड़ी प्राणघातक आपात स्थितियों को लेकर कोई तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

प्राथमिक चिकित्सा पद्धति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू 'जीवन का संरक्षण' है, जो तभी संभव है यदि शरीर में हवा का लगातार निर्बाध संचरण हो। अवरुद्ध वायुमार्ग से कुछ ही मिनटों में मस्तिष्क क्षतिग्रस्त हो सकता है। खतरनाक है ना? हाल ही में, भारत अपने गंभीर रूप से प्रदूषित शहरों के लिए चर्चा में रहा है। वास्तव में, स्विस संगठन, आईक्यूएयर द्वारा तैयार 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट, 2020' के अनुसार, दुनिया के 30 सबसे प्रदूषित शहरों में से 22 शहर भारत में हैं, दिल्ली को विश्व स्तर पर सबसे प्रदूषित राजधानी शहर के रूप में स्थान दिया गया है, जबकि प्रदूषण को रोकने के लिए परिवहन और रहने के तरीके अनेक नीतियां और विकल्प पेश किए जा रहे हैं। लेकिन अभी भी लोगों को घरेलू स्तर पर गंभीर सावधानी बरतने की तत्काल आवश्यकता है।

प्रदूषित वातावरण किसी भी शहर के लिए एक चेतावनी होता है क्योंकि यह उसके मौसम को प्रभावित कर सकता है। यह स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि उस हवा में ऑक्सीजन सांस लेने के लिए उपयुक्त नहीं है और आपकी सेहत को काफी हद तक परेशान कर सकती है। बस आसमान को ढंकने वाले स्मॉग की मोटी परत , काम के उसी माहौल में यात्रा करने या काम चलाने और यहां तक कि बच्चों और बुजुर्गों को उस हवा में सांस लेने देने की भयावहता को याद करें। जल्द ही, सांस लेने की समस्या परिवार के लगभग हर सदस्य पर हमला करने के लिए बाध्य है। ऐसे परिदृश्य में, पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन से लैस प्राथमिक चिकित्सा किट हर घर के लिए तारणहार हो सकती है। आपात स्थिति के दौरान, चिकित्सा सहायता की प्रतीक्षा करते समय, पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन से लिया जाने वाला एक कश शरीर और अंगों को ऑक्सीजन के उत्पादन को बनाए रखने में मदद कर सकता है। यह देखते हुए कि शुद्ध ऑक्सीजन की अनुपस्थिति हमारे दैनिक जीवन में एक नया सामान्य होती जा रही है, ''रोकथाम इलाज से बेहतर है'' की पुरानी कहावत पूरी तरह से समझ में आती है। इस प्रकार, घर पर एक पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन रखना हमारे दिन-प्रतिदिन की जीवन स्थितियों में भी बहुत मददगार हो सकता है जैसे सांस की तकलीफ, बीमारी के बाद ठीक होना, जिमिंग, दौड़ना आदि जैसी किसी भी शारीरिक गतिविधि के बाद ठीक होना। इतना ही नहीं, पोर्टेबल बोतलबंद ऑक्सीजन भी आमतौर पर

इस्तेमाल किया जाने वाला प्रदर्शन उत्प्रेरक है जिसका पेशेवर एथलीट खेलों के दौरान उपयोग करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहले ही सांस लेने में तकलीफ महसूस करने वाले वयस्कों के लिए ऑक्सीजन थेरेपी की सिफारिश की है। कोविड 19 वायरस वाली महामारी के बीच इस सिफारिश ने अधिक महत्व प्राप्त कर लिया है, जिससे रक्तप्रवाह में ऑक्सीजन-स्तर में कमी के कारण कुछ मामलों में सांस लेने में तकलीफ होती है।

- **लेखक यूसीएस वेलनेस** प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक और सीईओ हैं।

# स्वास्थ्य देखभाल को बनाएं मजबूत

**मौजूदा** महामारी से सबक लेते हुए और सदी में एक बार के अवसर पर जोर देते हुए, डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के देशों ने स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली प्रतिरक्षण को मजबूत करने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज व स्वास्थ्य के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक मंत्रिस्तरीय घोषणा को अपनाया।

मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक के दौरान डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डा पूनम सिंह ने कहा, ''मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियां जो प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल उन्मुख हैं, और जो किसी को पीछे नहीं छोड़ती हैं, ऐसी आबादी बनाती हैं जो स्वस्थ, अधिक उत्पादक और आर्थिक रूप से सुरक्षित है। लचीला स्वास्थ्य प्रणालियां आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया का आधार हैं, और जो यह सुनिश्चित करती हैं कि जब गंभीर घटनाएं हों, तो अत्यावश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को बनाए रखा जा सके।''

मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में अपनाई गई घोषणा के माध्यम से, सदस्य देशों ने स्वास्थ्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज व स्वास्थ्य संबंधी एसडीजी की दिशा में प्रगति के लिए राजनीतिक नेतृत्व और जवाबदेही प्रदान करने की प्रतिबद्धता दिखाई।

सदस्य देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन क्षमताओं और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की उपलब्धि, दोनों को मजबूत करने की नींव के रूप में, सार्वजनिक निवेश में वृद्धि के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की ओर स्वास्थ्य प्रणालियों को पुनर्निर्देशित करने का निर्णय लिया। क्षेत्रीय निदेशक ने कहा, ''महामारी ने स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन में निवेश की तात्कालिकता और महत्व पर प्रकाश डाला है, विशेष रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल स्तर पर, और सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सस्ती, प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित चिकित्सा उत्पादों की पर्याप्त आपूर्ति और लचीली स्वास्थ्य प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है।'' यह घोषणा महामारी के दौरान और बाद में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं व सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के वितरण को बनाए रखने के लिए समुदायों के साथ घनिष्ठ जुड़ाव और सशक्तीकरण के लिए भी प्रतिबद्ध है।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने वर्चुअल 195.72 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**1 करोड़ 14 लाख रूपए लागत के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल गुरूर का रेनोवेशन कार्य भी शामिल**

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

सूबे के मुखिया भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में बालोद जिले के लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 195 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत के 15 विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास कर बधाई एवं शुभकामनाए दी। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, यूडी मिंज, विधायक गुलाब कोमरो, बृहस्पति सिंह, प्रकाश नायक, खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल सहित मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी उपस्थित थे।

1 करोड़ 14 लाख रूपए लागत के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल गुरूर का रेनोवेशन कार्य भी शामिल-मुख्यमंत्री बघेल ने बालोद जिले के जिन कार्यों का शिलान्यास किया, उसमें 90 करोड़ 74 लाख रूपए लागत के आदमाबाद-घोटिया-डौण्डी लम्बाई 41 किलोमीटर का निर्माण कार्य, 30 करोड़ 27 लाख रूपए लागत के गुरूर-पड़कीभाट-सनौद लम्बाई 16. 80 किलोमीटर का निर्माण कार्य, 13 करोड़ 93 लाख रूपए लागत के कंवर-गंगोरीपार-बासीन-भोथली मार्ग लम्बाई 8.40 किलोमीटर पुल पुलिया सहित, 4 करोड़ 2 लाख रूपए लागत के संजारी से धुमादाह मार्ग लम्बाई 2 किलोमीटर मजबूतीकरण डामरीकरण कार्य पुल-पुलिया सहित, 5 करोड़ 45 लाख रूपए लागत के भैंसबोड़ से बकलीटोला लम्बाई 3.80 किलोमीटर में मजबूतीकरण एवं पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य, 2 करोड़ 50 लाख रूपए लागत के संजारी-बेंदरचुवा मार्ग लम्बाई 3 किलोमीटर पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य, 9 करोड़ 33 लाख रूपए लागत के आमाबाहरा-सिंघोला मार्ग लम्बाई 7.80 किलोमीटर का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित, 5 करोड़ 92 लाख रूपए लागत के अहिबरन नवागांव-घीना मार्ग लम्बाई 5.20 किलोमीटर पुल पुलिया सहित निर्माण, 4 करोड़ 64 लाख रूपए लागत के कचांदुर से भरदा मार्ग लम्बाई 3.10 किलोमीटर का उन्नयन कार्य, 6 करोड़ 47 लाख रूपए लागत के फरदफोड़-भडेरा-हथौद मार्ग लम्बाई 6.15 किलोमीटर का मजबूतीकरण एवं डामरीकरण कार्य, 3 करोड़ 41 लाख रूपए लागत के गुण्डरदेही धमतरी मार्ग में 11 किलोमीटर उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य, 5 करोड़ 99 लाख रूपए लागत के राजनांदगॉव-अर्जुन्दा-गुण्डरदेही मार्ग में 9.40 किलोमीटर उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य, 5 करोड़ 39 लाख रूपए लागत के सिकोसा से अर्जुन्दा मार्ग में 11.75 किलोमीटर उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य, 6 करोड़ 52 लाख रूपए लागत के बालोद-गुण्डरदेही-दुर्ग मार्ग में 12 किलोमीटर का नवीनीकरण कार्य और 1 करोड़ 14 लाख रूपए लागत के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल गुरूर का रेनोवेशन कार्य शामिल है। जिला मुख्यालय बालोद में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संसदीय सचिव व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत की अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मिथिलेश निरोटी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर, मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी, आदि सहित कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एफ.टोप्पो सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए।



# जवानों और किसानों का सम्मान कर मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



भाजपा किसान मोर्चा मंडल कुम्हारी में सेना के सेवानिवृत्त जवानों तथा कुम्हारी एवं आसपास के ग्रामों के किसानों का तथा वरिष्ठ कलमवीर वरिष्ठ पत्रकारों का आत्मीय सम्मान शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वां जन्मदिन मनाया गया। सम्मानित सेवा निवृत्त जवानों की ओर से अपनी राष्ट्रभावना, सेवा, समर्पण के लिए जनहितकारी कार्य में सदैव सहयोग देने हेतु तत्पर रहने की बात कही और आत्मीय सम्मान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। किसानों का सम्मान किया गया, वरिष्ठ कलमवीर पत्रकार द्वय डॉ. मोहन वाधवानी एवं विक्रम शाह ठाकुर अध्यक्ष प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी एवं14 जवानों, 13 किसानों को इस अवसर पर जिला भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष निश्चय बाजपेई द्वारा सम्मानित कर नमन करते हुए अपने प्रेरक उद्बोधन से मोर्चा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया, जिलाध्यक्ष निश्चय वाजपेयी ने देश के सर्वप्रिय नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को भारत भर में सेवा ही समर्पण के रूप में मनाया जाने का संकल्प लिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश के मजबूती व विकास व सुरक्षा में किसान व सैनिकों का योगदान अभूतपूर्व है। उनका सम्मान निरंतर होना चाहिए। उनकी उपस्थिति ने कुम्हारी के कार्य कर्ताओं में उत्साह एवं उमंग का संचार किया, विशेष कर युवावर्ग की कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भागीदारी ने यह सुनिश्चित कर दिया कि भाजपा अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हुए जनाकांक्षाएं पूर्ण करने के लक्ष्य को प्राप्त करेगा।

कार्यक्रम में कुम्हारी, चरौदा, समीपवर्ती ग्राम से आए हुए जवानों, किसानों तथा गणमान्य लोगों का स्वागत अश्विनी देशलहरे अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा मंडल कुम्हारी तथा भाजपा युवा मोर्चा कुम्हारी मंडल अध्यक्ष सुजीत यादव एवं आशीष शुक्ला ने किया। इस कार्यक्रम में अवधेश दुबे, गीतेश्वर साहू, छबिलाल यादव, पन्ना लाल साहू, थानेशर साकार, विकास मारकंडे, सात्विक तिवारी, सूरज यादव, संजय वर्मा, परदेशी राम साहू, सेजु राम बंजारे, नारायण वर्मा, हिम्मत देशलहरे, भुजबल साहू, शत्रुघन साहू, मनहरण साहू, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित हुए। भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष जिला भिलाई द्वारा आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

# किसान हित में विशाल किसान कैम्प का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

निकटवर्ती ग्राम गोड़ी में वृहद किसान केम्प का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में किसानों को कृषि से संबंधित समस्याओं, सरकार की योजनाओं सहित कृषि हेतु आसानी से ऋण की उपलब्धता पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में गोड़ी सहित आसपास के करीब 122 किसानों ने हिस्सा लिया एवं अपनी समस्याओं को साझा किया। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि एस वी राधाकृष्ण राव (डीजीएम बिजनेस एंड आपरेशन) रायपुर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में किसान भाई योजनाओं का लाभ नही ले पाते ऐसी स्थिति में उन्हें बैंक के संबंधित अधिकारियों से मिलकर इसकी पूर्ण एवं सही जानकारी लेनी चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक रीजन-2 के चक्रवर्ती, नाबार्ड के जिला विकास अधिकारी, बागवानी विभाग के साहू क्षेत्राधिकारी संतोषी पंडा एवं कृषि तकनीकी अधिकारी रत्नावती देवी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। स्थानीय शाखा कुम्हारी के शाखा प्रबंधक जी टी निम्जे ने किसानों को आश्वस्त किया कि किसी भी तरह की कोई भी कृषि से संबंधित परेशानी हो तो वे हमारे विशेषज्ञों की सलाह लेकर कृषि के कार्य को सुचारू रूप से कर सकते हैं। इस बीच कई किसानों ने अपनी समस्याएं बताई जिसका निराकरण किया गया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यअतिथि एस वी राधाकृष्ण राव (डीजीएम बिजनेस एंड आपरेशन) रायपुर ने कहा कि मझोले और छोटे किसानों को भी इस योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार से चर्चा हो रही है शीघ्र ही सीमांत भूमि वाले किसानों को भी इसका विस्तृत लाभ मिल सकेगा।

**गुरुर विकासखंड के नालों में भी नरवा विकास के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे**

# नरवा विकास का बेहतर क्रियान्वयन और जल भंडारण से सिंचाई सुविधा में हो रही वृद्धि

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना के तहत जिले में कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन और जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव के निर्देशन में नरवा विकास के कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन से सिंचाई सुविधा में वृद्धि हो रही है। नरवा विकास का मुख्य उद्देश्य किसानों को अधिक से अधिक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन किया जाना है। इस योजना के तहत ऐसी सरंचनाओं का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भू-जल स्तर में सुधार के साथ बरसात के पानी को भंडारित कर आगे उपयोग किया जा सके। नरवा विकास कार्य के तहत भू-जल की स्थिति में सुधार, मिट्टी के नमी की मात्रा में वृद्धि, सिंचाई की रकबा में वृद्धि, मृदा संरक्षण आदि को ध्यान में रखते हुए गेबियन चेकवाल निर्माण, अंदर डाइक वाल निर्माण, लूज बोल्डर चेक निर्माण एवं चेकडेम निर्माण आदि कार्य किए जा रहे है।



**वर्षा जल का संचयन व भंडारण से सिंचाई सुविधा में हो रही वृद्धि**

गुरुर विकासखंड के नालों में भी नरवा विकास के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे है। जिसका लाभ ग्रामीणों को मिलने लगा है। नरवा विकास अंतर्गत ग्राम आमानाला से ग्राम बोरिदकला नाला में विभिन्न कार्य कराया गया, जिससे उक्त क्षेत्र में सिंचित रकबा 125.25 हेक्टेयर से बढ़कर 130.63 हो गया है। ग्राम नगझर से ग्राम मंगचुआ नाला में गेबियन वाल निर्माण कार्य कराया गया, जिससे सिंचित रकबा 176.23 हेक्टेयर से बढ़कर 182.36 हेक्टेयर हो गया है।

ग्राम नवागांव से ग्राम बोहारडीह नाला में नरवा विकास के कार्य से सिंचित रकबा 690.06 हेक्टेयर से बढ़कर 701.72 हेक्टेयर हो गया है। ग्राम बड़भुम से ग्राम हितेकसा नाला में नाला विकास कार्य से सिंचित रकबा 15.50 हेक्टेयर से बढ़कर 18.90 हेक्टेयर हो गया है। ग्राम भिरई से ग्राम हसदा नाला नरवा विकास कार्य से सिंचित रकबा 112.05 से बढ़कर 126.82 हेक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार ग्राम कपरमेटा से ग्राम सुर्रा नाला, ग्राम कुम्हारखान से ग्राम फागुनदाह नाला एवं ग्राम दरगहन से ग्राम बोहरडीह नाला में भी नरवा विकास के कार्य किए गए, जिससे सिंचित क्षेत्र में वृद्धि के साथ ही भूजल स्तर में सुधार हुआ है। नरवा विकास से जिले में वर्षा जल का संचयन व भंडारण से सिंचाई सुविधा में वृद्धि हो रही है।

# तीज मिलन समारोह एवं विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



संरक्षिका रश्मि ताम्रकार के यहां लीनेस क्लब बेमेतरा द्वारा तीज मिलन समारोह एवं विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा शकुंतला साहू थे साहू ने क्लब गतिविधियों की सराहना करते हुए विजेताओं को बधाई दी तथा कहा कि क्लब जिस प्रकार से सामाजिक कार्यों में सहयोग कर रहा है एवं सेवा गतिविधियों में आगे है वह समाज के लिए प्रेरणादायक है भविष्य में भी के सभी क्षेत्रों में इसी प्रकार से कार्य करते रहे यही शुभकामनाएं हैं विशेष अतिथि के रूप में रेहाना वाहिद रवानी पार्षद जया साहू पार्षद ज्योति जठासी के सानिध्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता लीनेस अध्यक्ष विनोद राघव ने किया आभार न्यूज़ लेटर संपादिका रश्मि ताम्रकार आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपना कीमती समय तथा योगदान देने के लिए हम इनके आभारी हैं तीज? मिलन समारोह कार्यक्रम के विजेता रहे प्रथम शबीना खान द्वितीय लीनेस उपाध्याय सरला होरी सिह ठाकुर लीनेश क्लब कि संरक्षिका शारदा तिवारी संरक्षिका उमा तिवारी संरक्षिका कांता सलूजा संरक्षिका शशि तिवारी संरक्षिका सुमीता यादव सचिव ममता ताम्रकार उपाध्यक्ष मुमताज रवानी ललिता साहू वर्षा गौतम पी आर ओ रामेश्वरी साहू आरती साहू नित्या साहू सुषमा साहू कार्यक्रम की संचालन टैल टियुस्टर रानी रवानी ने किया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कबीरधाम जिले को दी 218.37 करोड़ की सौगात

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में कबीरधाम जिले में 218 करोड़ 37 लाख 98 हजार रूपए लागत के 10 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। लोकापर्ण कार्यो में 130 करोड़ 19 लाख 32 हजार रूपए के दो कार्य और भूमिपूजन कार्यों में 88 करोड़ 18 लाख 66 लाख रूपए के 8 कार्य शामिल है। इन कार्यों में मुख्य रूप से सड़क, भवन निर्माण, पुल-पुलियों से संबंधित कार्य शामिल हैं। इस वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, वनमंत्री मोहम्मद अकबर शामिल हुए। वहीं कवर्धा एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर, कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, नीलकंठ चंद्रवंशी, कवर्धा विधायक के निज सहायक कीर्तन शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य ी रामकुमार भट्ट, लोहारा जनपद अध्यक्ष लीला धनुष वर्मा, पीतांबर वर्मा, लोकनिर्माण विभाग कार्यपालन अभियंता वी.के. चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि कबीरधाम जिले के लिए आज का दिन बहुत गौरवशाली रहा है। इस दिन का इंतजार पूरे जिलेवासियों को थी। मुख्यमंत्री बघेल ने कबीरधाम जिले को 218 करोड़ 37 लाख 98 हजार रूपए लागत के 10 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया इससे पूरा जिला अभिभूत है। उन्होंने कहा है कि 128 करोड़ 88 लाख रूपए की लागत से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पंडरिया बजाग मार्ग का लगभग 35 किलोमीटर का नया सड़क निर्माण कराया गया है। यह मार्ग कबीरधाम जिलेवासियों की सबसे पुरानी और बहुप्रतिक्षित मांग रही है। सड़क निर्माण पूरा होने से छत्तीसगढ राज्य मध्यप्रदेश से होते हुए प्रयागराज का सीधा संपर्क जुड़ गया है। इससे छत्तीसगढ़ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से लोकनिर्माण विभाग के विभिन्न 10 कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम किया गया। लोकार्पण कार्यो में 130 करोड़ 19 लाख 32 हजार रूपए के दो कार्य और भूमिपूजन कार्यो में 88 करोड़ 18 लाख 66 लाख रूपए के 8 कार्य शामिल है। भूमिपूजन कार्यो में पंडरिया विधानसभा के ग्राम बिरनपुर से इंदौरी मार्ग में पुल पुलिया, ग्राम गौरमाटी से उरैहा मार्ग में पुल पुलिया, कवर्धा विधानसभा के ग्राम मोहगांव प्रतापपुर मुख्य जिला मार्ग का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य, ग्राम केजेदाह से वन खैरा सड़क निर्माण, पुल पुलिया निर्माण, ग्राम जबमड़वा से बजई डबरी सड़क निर्माण, पुल पुलिया निर्माण, ग्राम चिल्फी, रेंगाखार, साल्हेवारा मुख्य मार्ग से गर्रा बोदा कन्हारी मार्ग पर पुल पुलिया, ग्राम चिल्फी, रेंगाखार साल्हेवारा मुख्य मार्ग से लावारोल मार्ग का उन्नयन कार्य और कवर्धा भोरमदेव मंदिर तक का उन्नयन कार्यो का भूमिपूजन किया गया। इसी तरह लोकार्पण कार्यो में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पंडरिया बजाग मार्ग का उन्नयन कार्य और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लाइवलीहुड कालेज में 50 सीटर बालक छात्रावास एवं अधीक्षिका सह चौकीदार आवासगृह निर्माण कार्य शामिल है। कार्यक्रम के अंत में लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता वी.के. चौहान ने अभार व्यक्त किया।

## व्याख्याता पद के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार

**बालोद।** उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति जिला बालोद द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालोद, अर्जुन्दा, गुरूर, डौण्डी और डौण्डीलोहारा में संविदा नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति उपरान्त व्याख्याता पद हेतु प्रकाशित वरीयता सूची के आधार पर 1 अनुपात 30 के अनुपात में व्याख्याता पद के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव ने बताया कि साक्षात्कार हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची, साक्षात्कार स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी जिले की वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन में अपलोड की गई है तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालोद के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है।

**समूह को 24 क्विटंल 40 किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय कर 78 हजार 611 रूपए लाभांश के रूप में हुआ प्राप्त**

# कलेक्टर महोबे के मार्गदर्शन में गौठान आजीविका मूलक के रूप में हो रहा विकसित

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में डौंडीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खपराभाट में शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना के तहत् निर्मित आदर्श गौठान आजीविकामूलक गतिविधियों के केन्द्र के रूप में विकसित हो रहा है। ग्राम खपराभाट में लगभग 13 एकड़ बंजर जमीन पर आदर्श गौठान का निर्माण किया गया है। जिसका संचालन, देखरेख एवं रखरखाव ग्राम गौठान प्रबंधन समिति द्वारा किया जा रहा है। आदर्श गौठान में मवेशियों के लिए पेयजल की व्यवस्था एवं चारा की व्यवस्था की गई है। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वसहायता समूहों को गौठान से जोड़कर विभिन्न प्रकार की आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिससे समूह की महिलाएं गांव के गौठान में स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे है। आदर्श गौठान खपराभाट में प्रज्ञा दीदी स्वसहायता समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। समूह द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत पशुपालकों व गोबर संग्राहकों से खरीदे गए गोबर से वर्मी खाद का निर्माण कर सोसायटी के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है। जिससे समूह की महिलाएं आमदनी अर्जित कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। समूह द्वारा अब तक 24 क्विंटल 40 किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय किया जा चुका है। जिसकी कुल राशि 2 लाख 40 हजार 400 रूपए में से समूह को 78 हजार 611 रूपए लाभांश के रूप में प्राप्त हुआ है। गौठान के पास ही दो एकड़ जमीन पर प्रगति महिला स्वसहायता समूह द्वारा केला बाड़ी विकसित किया गया है और प्रज्ञा दीदी स्वसहायता समूह द्वारा दो एकड़ जमीन पर सब्जी बाड़ी का कार्य किया जा रहा है। समूह द्वारा बाड़ी में उत्पादित सब्जी का विक्रय कर अब तक 5 हजार 980 रूपए का लाभांश आय अर्जित किया गया है। गौठान में विभिन्न गतिविधियों के संचालन से समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।



**आदर्श गौठान में दो एकड़ जमीन पर चारागाह का किया गया निर्माण**

ग्राम खपराभाट के ही पशुपालक धंसूराम द्वारा गोधन न्याय योजना के तहत् गौठान में कुल 42 क्विंटल 29 किलोग्राम गोबर विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 84 हजार 58 रूपए उसे प्राप्त हो चुका है। पशुपालक धंसूराम ने बताया कि उसने कभी भी नहीं सोंचा था कि गोबर से उसे इतनी बड़ी राशि प्राप्त होगी।

उसने बताया कि गोधन न्याय योजना शुरू होने से अब उनकी रूचि पशुपालन में और अधिक बढ़ गया है। आदर्श गौठान में दो एकड़ जमीन पर चारागाह का निर्माण किया गया है। जिसमें उन्नत चारा नेपियर घास रोपित किया गया है। ग्राम खपराभाट के आदर्श गौठान में आजीविका केन्द्र को और अधिक विकसित करने के उद्देश्य से अन्य गतिविधियॉ जैसे वृहद स्तर पर मुर्गीपालन, बकरी पालन एवं मछली पालन आदि कार्य महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से कराया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक संरचना मुर्गी शेड, बकरी शेड एवं स्वसहायता समूह के लिए वर्किंग शेड का निर्माण किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय एकता में हिंदी की भूमिका विषय पर हुआ संगोष्ठी

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

हिंदी दिवस पखवाड़ा अन्तर्गत हिंदी साहित्य भारती जिला इकाई बेमेतरा के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता में हिंदी की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन गूगल मीट पर किया गया। उक्त गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित राजेश्वर प्रसाद तिवारी ने कहा इतिहास इस बात को प्रमाणित करता है कि हमारे देश के सभी भागों के लोगों ने सामान रूप से प्रतिष्ठित किया है। राष्ट्र भाषा वह होती है जो देश के अधिकांश सुसंस्कृत लोगों के द्वारा प्रयोग की जाती है,इस दृष्टि से हिंदी राष्ट्र भाषा थी,है और रहेगी। किसी अन्य भाषा का विरोध किए बिना आत्मीय रूप से जिस भाषा को स्वीकारा जाए वही राष्ट्र भाषा है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में हिंदी साहित्य भारती के प्रदेशाध्यक्ष बलदाऊ राम साहू ने हिंदी को हृदय और संस्कार की भाषा कहा। हिंदी को केवल जानना आवश्यक नहीं वरन प्रयोग करना और उसके संवर्धन के लिए कार्य करना है।संगोष्ठी के प्रारंभ में छात्रा निधि ने स्वरचित सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।हिंदी साहित्य भारती के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार झा ने स्वागत भाषण के साथ विषय का प्रवर्तन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता की मजबूत स्थापना हेतु यदि कोई तत्व है तो वह है हमारी हिंदी भाषा जो लोगों के मन को मन से जोड़ते हुए राज भाषा से राष्ट्र भाषा के स्वरूप को प्राप्त करने अग्रसर है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री सुनीता मिश्र ने कहा देश की सभी क्षेत्रीय भाषा,बोली एवं प्रांतीय भाषाओं को पूर्ण सम्मान देते हुए हमें हिंदी को राष्ट्र भाषा के रूप में प्रतिस्थापित करना है राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ राजेन्द्र पाटकर ने विषय पर अपनी बात करते हुए कहा हिंदी के साधकों को हिंदी का विशुद्ध प्रयोग करते हुए लोगों को शुद्ध प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास करना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### राज्य स्तरीय कुश्ती में रायगढ़ के पहलवानों ने दिखाया दम

**रायगढ़।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन धमतरी जिले में किया गया था, जिसमें कुश्ती के खिलाड़ियो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग के तरफ से रायगढ़ के (हनुमान अखाड़) के पहलवानों ने भाग लिया। कुश्ती प्रतियोगिता में दो तरह की कुश्ती का कैटेगरी बनाया गया था, जिसमें फ्री स्टाइल कुश्ती (बालक एवं बालिका) 14, 17 एवं 19 वर्ष), ग्रीकोरोमन कुश्ती (बालक 17, 19 वर्ष) का आयोजन किया गया। जिसमें रायगढ़ के पहलवानों ने मैच में जबरदस्त कुश्ती के दावपेंच का प्रदर्शन करते हुए। शहर के 10 पहलवानों ने विभिन्न कुश्ती के मैचों में हिस्सा लिया। जिसमें रायगढ़ के पहलवानों ने मैच में जबरदस्त कुश्ती के दावपेंच का प्रदर्शन करते हुए 10 पहलवानों में से 8 ने मेडल प्राप्त कर प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाया।

### अंडर 23 की बजाय अब अंडर 25 का होगा ट्रायल

**रायगढ़।** बीसीसीआई के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा क्रिकेट के आने वाले सत्र की घोषणा कर दी गई है। जिसमें अंडर 23 क्रिकेट को बदलकर अंडर 25 कर दिया गया है इस हेतु टीम के लिए ट्रायल 20 सितंबर को फिटनेस टेस्ट स्टेडियम में और ट्रायल संस्कार स्कूल कैम्पस के सीमेंट पिच पर होगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर 25 खिलाडियों के सभी मैच अथवा ट्रायल टेस्ट आधार पर होंगे इस कारण से पहले फिटनेस टेस्ट किया जाएगा। फिटनेस टेस्ट के लिए प्रातरू 9रू00 बजे रायगढ़ स्टेडियम में खिलाडियों को पहुंचने के लिए कहा गया है। जहाँ फिटनेस जाँच समिति के सदस्य जफर उल्लाह सिद्धिकी व अभिषेक गुप्ता द्वारा खिलाडियों का परीक्षण किया जाएगा। दोपहर को 1 बजे से खिलाड़ियों का बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी के आधार पर ट्रायल लिया जाएगा।

# गेरवानी क्षेत्र में कोटवारी भूमि पर भू-माफिया हावी, स्टे के बावजूद चल रहा निर्माण कार्य





पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

भू माफियाओं द्वारा कोटवार जमीन की खरीद फरोख्त के कई मामले सामने आ चुके हैं कोटवार भूमि पर अवैध कब्जे करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है और हैरानी की बात है कि ये सब प्रशासन की नाक के नीचे धड़ल्ले से चल रहा है क्योंकि इन पर लगाम कसने वाला कोई नहीं,यही वजह है कि कार्रवाई ना होने पर इनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा क्षेत्र पर गेरवानी रोड का है जानकारी मिली कि यहां कोटवार भूमि पर अवैध तरीके से ढाबे का संचालन और निर्माण दोनों ही जारी है। इस मामले की हकीकत जानने का प्रयास किया गया तो पता चला कि उक्त भूमि कोटवार गुलाब दास के नाम पर दर्ज है। अपनी भूमि पर ही कोटवार गुलाब दास ने फ्लाईएश डंप कराने के साथ ही पेड़ों की कटाई भी की है जो गैरकानूनी है इतना ही नहीं गुलाब दास की उक्त भूमि पर एक ढाबा निर्माणाधीन है और एक ढाबा अन्य व्यक्ति द्वारा संचालित भी है जो। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार विरोध जताने पर कोर्ट द्वारा उक्त भूमि पर स्टे लगा दिया गया लेकिन कोर्ट द्वारा स्टे लगाने के बावजूद उक्त भूमि पर फ्लाईएश डालकर भूमि को पाटा गया है साथ ही बोर भी खुदवाया गया है? अब सवाल ये उठता है कि भूमि पर स्टे होने के बावजूद भी वहां निर्माण कार्य कैसे किया जा रहा है? जबकि यह गैरकानूनी है।

### नहीं मिला कोटवार का पक्ष

इस मामले पर कोटवार गुलाब दास का पक्ष जानने की कोशिश की और उनसे फोन पर संपर्क किया गया तो उनका नम्बर बंद आया उनके घर से जानकारी मिली कि वे सुबह से ही पंचायत में बैठक लेने गए हुए हैं लेकिन जब हमने पंचायत कार्यालय जाकर पता किया तो जानकारी मिली कि वहां कोई बैठक ही नहीं चल रही थी पंचायत कार्यालय बंद था।

### क्या कहती हैं सरपंच

इस संबंध में हमने वहां की नवनियुक्त सरपंच मोहरमती सिदार से बात की तो उनका यही कहना था कि उन्हें इस मामले की कोई भी जानकारी ही नहीं है।

### हाल ही में हुई है बोर की खुदवाई

कोर्ट द्वारा स्टे होने के बावजूद हुई बोर की खुदाई समझ से परे है जिसे देखकर साफ जाहिर होता है कि 2 से 3 दिन पहले ही यहां बोर खोदवाया गया है इससे स्पष्ट है कि कोटवार द्वारा गलत तरीके से वहां कार्य प्रारंभ है।

# जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ने की राज्यपाल से सौजन्य मुलाकात



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के सहसचिव एवं सर्व आदिवासी समाज युवा प्रकोष्ठ के जांजगीर जिलाध्यक्ष, जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ने छत्तीसगढ़ की राज्यपाल महामहिम अनुसुइया उइके से मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में मुलाकात की एंव विभिन्न विषयों पर चर्चा की,इस दौरान सक्ती विधानसभा एनएसयूआई के अध्यक्ष रवि गबेल भी उपस्थित रहे, धर्मेंद्र सिंह ने इस मुलाकात के बाद एक भेंटवार्ता में बताया कि उनकी राज्यपाल से निरंतर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी मुलाकात होती है, तथा राजपरिवार सकती का महामहिम राज्यपाल से पुराना नाता रहा है, एवं शक्ति क्षेत्र के बारे में भी उनसे निरंतर समय-समय पर चर्चा के माध्यम से उन्हें अवगत कराया जाता है, तथा धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि महामहिम राज्यपाल महोदया छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास एवं खुशहाली को लेकर भी सदैव सकारात्मक पहल करती हैं, ज्ञात हो कि शक्ति रियासत के राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह ने भी विगत दिनों प्रदेश की राज्यपाल से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मुलाकात कर सौजन्य भेंट की थी, साथ ही शक्ति के पूर्व विधायक कुमार पुष्पेंद्र बहादुर सिंह की सुपुत्री सिद्धेश्वरी सिंह भी समय-समय पर राज्यपाल अनुसूईया उइके से मुलाकात करती हैं।

# जांजगीर-चांपा जिले में 23,077 हितग्राहियों ने लगवाया कोविड टीका

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले में छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक-23,077 हितग्राहियों ने कोविड से सुरक्षा का वैक्सीन लगवाया। बिलासपुर में 22,677 और दुर्ग जिले ने 19,412 हितग्राहियों को कोविड का टीका लगाकर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। जांजगीर-चांपा जिले में कोरोना से बचाव का टीका लगवाने वालों की संख्या में रोज बढ़ोतरी हो रही है। आमजनों में कोविड से सुरक्षा के लिए टीका के प्रति विश्वास बढ़ा है। स्वास्थ्य अमला युद्ध स्तर पर वैक्सीनेशन में लगा हुआ है। कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में कोविड-19 ,टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सभी विभागों के समन्वय से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। टीकाकरण के लिए जिले में 186 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में टीकाकरण के लिए प्रचार प्रसार किया गया है। स्वास्थ विभाग से जारी बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार 17 सितंबर को जिले के सभी केंद्रों में कुल-23,077 लोगों का टीकाकरण किया गया। जिसमें 45 वर्ष से अधिक आयु वाले 4,300 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें 2,509 लोगों को प्रथम डोज का टीका और 1,791 लोगों को द्वितीय डोज का टीका लगाया गया। इसी प्रकार 18 से 44 वर्ष आयुवर्ग के 13,756 युवा स्वप्रेरणा से टीका लगवाने केंद्र में पहुंचे। इनमें से 11,758 को प्रथम डोज का और 1,998 युवाओं ने द्वितीय डोज का टीका लगवाया।

# पुलिस की जन चौपाल में सुनी जा रही शिकायतें

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




पुलिस और आमजन के बीच की दूरी कम करने के साथ आमजन की समस्याओं का त्वरित रूप से निराकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर जिले के सभी थाना क्षेत्र अन्तर्गत थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिस जन चौपाल लगाया जा रहा है।

शनिवार को थाना कोतरारोड अन्तर्गत ग्राम नवरंगपुर में आयोजित पुलिस जन चौपाल में एडिशनल एसपी लखन पटले, सीएसपी चन्द्रकांत गवर्ना, थाना प्रभारी कोतरारोड निरीक्षक चमन सिन्हा अपने स्टाफ के साथ मौजूद थे। एडिशनल एसपी लखन पटले द्वारा ग्रामीणों को फेक कॉल, इनामी कूपन, लाटरी के जरिये हो रही ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने एवं बचाव के उपाए बताया गया। उनके द्वारा महिलाओं को फेरीवालों व सोना-चांदी चमकाने वालों से लेन-देन करते वक्त सावधानी बरतने को कहा गया तथा उपस्थित जन समूह को क्षेत्र में आपराधिक किस्म के लोगों जुआ, सट्टा, शराब में संलिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई व क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिये ऐसे लोगों की सूचनाएं देने व पुलिस का सहयोग करने कहा गया। पुलिस जन चौपाल में सरपंच, पंच, महिला समूह की सदस्यों के साथ काफी संख्या में आसपास गांव के लोग उपस्थित थे। वहीं कोतवाली थानाक्षेत्र अन्तर्गत रामभांठा, केंवटापारा, नाईपारा तथा थाना सरिया क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कांठीपाली, तमनार के ग्राम कुंजेमुरा, लैलूंगा के ग्राम सिहारधार, खरसिया के ग्राम बडे डूमरपाली, छाल के छाल के ग्राम बेहरामुड़ा में प्रभारी द्वारा अपने स्टाफ के साथ पुलिस जन चौपाल लगाया गया। रायगढ़ पुलिस का पुलिस जन चौपाल लगातार सुदूर एवं ग्रामीण अंचलों में आयोजित किया जा रहा है, इसी क्रम में थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत दूरस्थ ग्राम सिधारपारा में पुलिस जन चौपाल की तर्ज पर तूहर पुलिस तूहर द्वार आयोजित किया गया जिसमें थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक रूप नारायण साय द्वारा ग्रामीणों को अपराधियों के प्रति जागरूक किया गया।

# किसान का बेटा बनेगा अधिकारी

**रायगढ़।** रायगढ़ पूर्वी अंचल के एक किसान का बेटा अब अधिकारी बन जायेगा, छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में साक्षात्कार पश्चात 43 वे रेंक हासिल हुआ है। खबर सुनकर गांव में साथियों व पड़ोसियों में खुशी का माहौल है वही देर रात मिठाई बांटी गई।ल सुसंस्कृत ग्राम महापल्ली के गौंटिया परिवार में जन्मे प्रदीप कुमार गुप्ता के पिता कृष्णलाल गुप्ता



व माता ललिता गुप्ता एक मध्यम वर्गीय परिवार से है। तीन भाई और एक बहन में से प्रदीप सबसे छोटा है। प्रदीप बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि सम्पन्न रहा है। प्रदीप की प्रारंभिक शिक्षा ग्राम बनोरा स्थित अघोरेश्वर भगवान राम बाल विद्या मंदिर में हुआ। घरेलू आर्थिक परिस्थिति आड़े आने के कारण शिक्षा ऋण लेकर बी. ई. मेकेनिकल की पढ़ाई ओ पी जे आई टी रायगढ़ में किया तथा इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद अंगुल ओडिसा स्थित जिंदल प्लांट में ही असिस्टेंट मैनेजर के पद पर 5 वर्ष तक जॉब किया जहाँ से त्यागपत्र देकर बिलासपुर में पी एस सी कोचिंग की तैयारी के लिए आ गया।

# श्रीमद्भागवत महापुराण का मूल पाठ एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के सुप्रसिद्ध भागवत कथा आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा टेमर वाले महाराज के निवास पर 19 सितंबर को श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के मूल पाठ एवं सह महामृत्युंजय अनुष्ठान का कार्यक्रम संपन्न हुआ, तथा विगत वर्षों पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा की पूज्य माताजी खीक बाई शर्मा एवं उनके अनुज भ्राता पंडित गिरधर गोपाल शर्मा का स्वर्ग लोक गमन हो गया था, तथा इस अवसर पर वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा 12 से 18 सितंबर तक शर्मा परिवार द्वारा टेमर शक्ति में श्रीमद् भागवत महापुराण के मूल पाठ एवं सह महामृत्युंजय अनुष्ठान का आयोजन किया गया, तथा इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भागवत कथा आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा उनके अनुज भ्राता शासकीय महाविद्यालय सीपत में पदस्थ प्रोफेसर डॉ. एच एल शर्मा एवं उनके सुपुत्र भागवत कथा आचार्य पंडित देवेंद्र शर्मा सहित परिवार जन उपस्थित रहे, एवं 19 सितंबर को आयोजित अनुष्ठान के समापन अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पधारे शुभचिंतकों ने वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्पांजलि दी तथा 2 मिनट का मौन धारण कर स्मृति शेष स्व. खीक बाई शर्मा एवं स्मृति शेष पंडित गिरधर गोपाल शर्मा को मोक्ष प्राप्ति की ईश्वर से कामना की गई एवं इस अवसर पर भागवत कथा अचार्य एवं सरस्वती शिशु मंदिर शक्ति के व्यवस्थापक पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा तथा प्रोफेसर एचएल शर्मा ने शर्मा परिवार टेमर की ओर से आगंतुक समस्त शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया तथा 19 सितंबर को हुई भारी बारिश के बावजूद लोगों ने शर्मा परिवार के इस आयोजन में पहुंचकर अपनी पुष्पांजलि दी तथा प्रसाद ग्रहण किया।



# लूटपाट करने वालों को पकड़ने पर एसपी से मिला रिवार्ड

- कोसीर के तीन आरक्षकों को मीणा ने किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीना द्वारा सोशल पुलिसिंग एवं कानून व्यवस्था निष्पादन के कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। गत दिनों सरिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत लोहे का कत्ता दिखाकर मोटर सायकल की लूटपाट कर भाग रहे हथियारबंध आरोपी को थाना पुसौर के आरक्षक एवं डॉयल 112 स्टाफ द्वारा निडरतापूर्वक खेत में दौड़ाकर पकड़े। थाना पुसौर के दोनों आरक्षकों एवं डॉयल 112 के वाहन चालक का हौसला बढाने एसपी अभिषेक मीना अपने कार्यालय बुलाकर नकद राशि इनाम दिया गया था। इसी दौरान उन्होंने कोसीर क्षेत्र अन्तर्गत लूट के आरोपितों को पकड़ने वाले आरक्षकों को पुरस्कृत करने की घोषणा किया गया था। इसी क्रम में शनिवार को एसपी अभिषेक मीना द्वारा 26 अगस्त की रात्रि थाना कोसीर क्षेत्रान्तर्गत परसदा बडे मेन रोड पर पल्सर सवार दो अज्ञात आरोपियों द्वारा एयर पिस्टल दिखाकर दो युवकों के साथ लूटपाट के आरोपियों को 07 सितंबर को छिंद रोड पर संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़े। दोनों फिर लूटपाट की वारदात को अंजाम देने एयर पिस्टल पकड़े अपने शिकार की तलाश में थे। दोनों को थाना लाया गया, तब दोनों 26 अगस्त को लूटपाट की वारदात को स्वीकार किये। दोंनों आरोपियों को हथियार समेत पकड़ने वाले थाना कोसीर के तीन आरक्षक जीतराम लहरे, नवीन शुक्ला और प्रकाश धीरही को आज कार्यालय में एसपी अभिषेक मीना द्वारा नकद 10,000 रूपये की इनाम राशि से पुरस्कृत कर आगे भी अच्छा कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किये।

# जलझूलनी एकादशी पर भगवान श्रीहरि को त्रिवेणी संगम में कराया नौका बिहार

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



श्रद्धा एवं विश्वास की पावन धरा श्री शिवरीनारायण में डोल ग्यारस एकादशी का पर्व बड़ी श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया नगर वासियों के साथ क्षेत्र के अनेक गांवों तथा बिलासपुर, जांजगीर, मालखरौदा, अकलतरा, खरौद, नवागढ़, आदि नगरों से आए हुए श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोल ग्यारस एकादशी जिसे जलझूलनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है बड़े ही श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक मनाया गया। शाम ढलते ही भगवान गोपाल जी को रथ में बिठाकर कीर्तन मंडली के साथ राम नाम संकीर्तन करते हुए मध्य नगरी चौक से होते हुए महानदी के त्रिवेणी संगम तट पर ले जाया गया, यहां भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई, आरती के पश्चात एनडीआरएफ के द्वारा लाई गई नाव में भगवान को बिठाया गया, महानदी की तीव्र धारा में जल क्रीड़ा करा कर पुनः रथ में बिठाकर मठ मंदिर लाया गया, भगवान की शोभायात्रा नगर के जिन गलियों से होकर गुजरा लोगों ने अपने- अपने दरवाजे पर आरती पहले से ही सजा रखी थी, उन्होंने सपरिवार पूजा अर्चना करके आशीर्वाद प्राप्त किया। जलझूलनी एकादशी के संदर्भ में श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने बताया कि भाद्र शुक्ल पक्ष एकादशी को शिवरीनारायण में जल क्रीड़ा एकादशी मनाने की प्राचीन परंपरा है। जो भी भक्तजन इस दिन व्रत रखकर भगवान श्री हरि की श्रद्धा भक्ति पूर्वक पूजा अर्चना करते हैं, उन्हें वे मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। यह मनुष्य के लिए मोक्ष का साधन है। उन्होंने कहा कि एकादशी के दिन मनुष्य को अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिए इसके स्थान पर फल- फूल का आहार ले सकते हैं । इस अवसर पर विशेष रूप से श्री जगदीश मंदिर के पुजारी त्यागी जी महाराज,राम मंदिर के पुजारी ज्ञानदास जी नागा, थाना प्रभारी शिवरीनारायण रविंद्र अनंत स्टाफ , चुन्ना सिंह, अवधेश सिंह, संतोष दुबे, चंद्रिका फूलर, पुरेंद्र सोनी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

# भाजपा डभरा मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर किया मरीजों को फल-बिस्किट का वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिला के निर्देशानुसार चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के डभरा मंडल द्वारा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा ही समर्पण अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई, भाजपा मंडल अध्यक्ष घासीराम अग्रवाल के मार्गदर्शन में मंडल एवं विभिन्न मोर्चा/ प्रकोष्ठओ के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में पहुंच कर मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण किया, साथ ही मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की गई तथा इस दौरान मंडल के पदाधिकारियों ने कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर में भी पहुंच कर लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश में विगत महीनों से कोविड-19 वैक्सीनेशन की शुरुआत की गई है तथा हम सभी वैक्सीनेशन करवा कर अपने आप को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित करने की दिशा में पहल करें साथ ही डभरा मंडल द्वारा 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक मंडल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी जिसके लिए मंडल स्तर पर अलग-अलग गतिविधियों के लिए मंडल के प्रभारी एवं सह प्रभारी तथा बूथ स्तर पर भी प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष डभरा घासीराम अग्रवाल ने कहा है कि डभरा मंडल के अंतर्गत सभी पार्टी कार्यकर्ता इस सेवा समर्पण अभियान में सक्रियता के साथ अपनी भागीदारी करते हुए समस्त गतिविधियों को सक्रियता के साथ बूथ स्तर पर संपन्न करवाएं, विश्व पटल पर भारत मां के नाम ऊंचा करने वाले मां भारती के शिल्पकार पूरे विश्व के सर्वप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी जी के जन्मदिन को पूरे भारत भर में सेवा ही समर्पण पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है,इसी कड़ी में भाजपा मंडल डभरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष घासीराम अग्रवाल, जिला कार्यसमिति सदस्य नेतराम चंद्रा, मंडल महामंत्री सोम चंद्रा, प्रकाश खांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष रुपसिंग चंद्रा, मंडल उपाध्यक्ष बाबूलाल चंद्रा, निरंजन निषाद, हितेश चंद्रा, राजू बरेठ सहित अनेको कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेवा समर्पण अभियान के तहत सहकारवाद पर आलेख निबंध प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी राष्टीय एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चल रहे सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत भाजपा जांजगीर-चांपा जिले में सेवा समर्पण अभियान के मीडिया गतिविधि विभाग द्वारा आलेख निबंध प्रतियोगिता का आयोजन मंडल स्तर पर किया गया है, तथा उक्त जानकारी देते हुए मीडिया गतिविधि विभाग के जांजगीर-चांपा जिला सह प्रभारी अधिवक्ता मनोज मिश्रा अकलतरा ने बताया कि उपरोक्त आलेख निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत भाजपा का कोई भी सदस्य गण सफेद कागज पर साफ-सुथरे 200 शब्दों में विषय सहकारवाद-आत्मनिर्भर भारत के लिए मोदी तंत्र पर, निबंध लिखकर जिला कार्यालय या कि मंडल कार्यालय में 25 सितंबर तक जमा कर सकता है, जिला प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि उपरोक्त आलेख निबंध प्रतियोगिता में मंडल स्तर पर आने वाली प्रविष्टियों को मंडल का संगठन चयनित कर उसे सम्मानित करेंगे, एवं मंडल से जिले को प्रेषित की जाने वाली समस्त आलेख निबंध की प्रविष्टियों का प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेता का चयन कर उसे उन्हें सम्मानित किया जाएगा, जिला सह प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि सेवा समर्पण अभियान के अंतर्गत मीडिया गतिविधि विभाग द्वारा 20 सितंबर की सुबह 11ः00 बजे से वर्चुअल रूप से चर्चा संवाद का कार्यक्रम भी रखा गया है,जिसमें भारतीय जनता पार्टी द्वारा पखवाड़े के रूप में मनाए जा रहे सेवा समर्पण अभियान के अंतर्गत मीडिया गतिविधि विभाग की जिम्मेदारियों एवं जानकारियों से अवगत कराते हुए भाजपा सदस्यों से आपसी संवाद किया जाएगा, भाजपा जिला सह प्रभारी मीडिया गतिविधि विभाग अधिवक्ता मनोज मिश्रा अकलतरा ने भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के सभी मंडलों के सम्माननीय सदस्यों से इस वर्चुअल मीटिंग में भी लिंक के माध्यम से शामिल होने तथा आलेख निबंध प्रतियोगिता में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता करवा कर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।

# मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से सार्वजनिक स्थलों में आवागमन होगा आसान : साहू

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



विधायक कसडोल एवं संसदीय सचिव (कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी, जल संसाधन एवं आयाकट विभाग, पशुपालन, मछलीपालन) शकुन्तला साहू कसडोल एवं लवन प्रवास के दौरान चार स्थानों पर लगभग 26 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मुख्यमंत्री सुगम सड़क का भूमिपूजन विधिविधान से किया। संसदीय सचिव ने अतिथियों सहित ग्राम पंचायत कोहरौद में हाई स्कूल पहुँच मार्ग लंबाई 75 मीटर सीसी सड़क निर्माण लागत 5.95 लाख ,ग्राम बोरसी में हाई स्कूल पहुंच मार्ग 255 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य लागत 10.25 लाख, कसडोल में कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास पहुँच मार्ग सड़क निर्माण कार्य 55 मीटर लागत 2.58 लाख, न्यायिक परिसर कसडोल पहुँच मार्ग 160 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य लागत 7.31 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना का लाभ आमजनों को मिलेगा जिससे समस्त सार्वजनिक स्थलों तक आवागमन में आसानी होगी।उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार माना जिनकी वजह से इस योजना से प्रदेश के सभी सार्वजनिक स्थलों स्कूल, अस्पताल, शासकीय कार्यालयों, शमशान घाट, मेला स्थलों, हाट बाजार तक आवाजाही में आप जनता को सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत सीसी रोड का जो निर्माण किया जा रहा है , शासन के तरफ से उसके निर्माण का ठेका ई श्रेणी पंजीकृत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को दिया जा रहा है जिससे उन्हें रोजगार का अवसर मिल रहा है। साथ ही उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं, जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है। कार्यक्रम में परमेश्वर यदु जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार, गुरु दयाल यादव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन, नीलू चंदन साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल, मानस पांडे अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस बलौदाबाजार ने भी संबोधित कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिए। इस अवसर पर राम प्रसाद वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल, गोरेलाल साहू जिला पंचायत सदस्य ब.बा., रामखिलावन डहरिया पार्षद, पार्षद सेवती कैवर्त्य, ललिता यादव अध्यक्ष महिला कांग्रेस कसडोल, नीरेंद्र क्षत्रिय महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल, मुरारी धीवर,चंदन साहू, अशोक यादव, घीतराम यादव, कार्तिक यादव, लक्ष्मीकांत जायसवाल, रामशंकर पटेल, अशोक पटेल, बंसोर सर इंजीनियर लोक निर्माण विभाग, धर्मेंद्र पैकरा सरपंच बोरसी, संस्था प्रमुख गोरधा एवं समस्त स्टाफ गण, नगरवासी तथा ग्राम पंचायत कोहरौद में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल बारवे, प्रताप डहरिया, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, किशन खांडे जनपद सदस्य, एल्डरमैन लवन मनोज पांडे, मृत्युंजय वर्मा, अभिषेक पांडे, केदारनाथ डहरिया, बनवारी बारवे,अजय बारवे,सुरेंद्र बघेल,ओमप्रकाश प्रभुवा, धर्मेंद्र खूंटे,लालाराम वर्मा, रज्जू वर्मा, टीका राम साहू, टेकराम साहू, रूपचंद मनहरे,विनोद अनंत, धन कुमार अवधेलिया,रामेश्वर साहू, गुरुदयाल लोधी, त्रिभुवन वर्मा, रामेश्वर साहू, पांडू डहरिया, भीखमसिंह राजपूत, मनोज बंजारे सरपंच प्रतिनिधि डमरु ,नरेंद्र डहरिया सरपंच प्रतिनिधि कारी, नरेंद्र वर्मा, बाल्मीकि साहू, जोगेंद्र वर्मा,नोखराम पाणे, खेतर सिंह ध्रुव सरपंच कोरदा, खेलिन फेकर सरपंच कोहरौद,भुनेश्वरी पटेल, सत्यनारायण घृतलहरे उपसरपंच, चैतराम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, नारायण सोनी, संतोष फेकर सरपंच प्रतिनिधि,कृष्णा साहू, हंस राम रजक, पन्ना लाल रजक,पलटन साहू, श्रीराम रजक,गोविंद यादव, गणेश बघेल, बृजलाल पैकरा, हलीजा रात्रे, तोमर सिंह डांडे प्राचार्य ,स्टॉप गण , एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# कुसमी में सड़क भूमि पूजन किया संसदीय सचिव ने

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसमी में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अंतर्गत शास.हाय. सेकंडरी स्कूल कुसमी पहुंच मार्ग सी.सी. सड़क निर्माण का भूमिपूजन छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुन्तला साहू के मुख्य आतिथ्य एवं खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम सम्माननीय अतिथियों द्वारा देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। मुख्य अतिथि शकुन्तला साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवान विश्वकर्मा जयंती की बधाई शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की सरकार गांव, गरीब किसान की सरकार है जो उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना पहली प्राथमिकता है। इसी क्रम में सड़कों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से छत्तीसगढ़ के सभी सार्वजनिक स्थलों को पक्के सड़क मार्ग से जोड़ा जा रहा है प्रदेश के सभी शासकीय भवन स्कूल, अस्पताल, राशन दुकान, सरकारी कार्यालय, आंगनबाड़ी भवन, हाट बाजार, मेला स्थल, धान संग्रहण केंद्र, मुक्तिधाम जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक जगहों तक बारहमासी पहुंच मार्ग का निर्माण किया जा रहा है जिससे आमजन को सहूलियत प्राप्त होगी। विधायक जी ने आगे कहा कि राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ई श्रेणी के तहत पंजीयन कराने की योजना लागू की है जिससे युवाओं को 50 लाख तक निर्माण कार्यों के लिए ठेका दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे जिले में ही मुख्यमंत्री सुगम सड़क के जितने भी कार्य हैं ई श्रेणी पंजीकृत युवाओं को ही प्रदाय किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी, गणेश शंकर जयसवाल वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, झड़ी राम कन्नौजे महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी, सुनील कुर्रे अध्यक्ष अनु.जाति प्रकोष्ठ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी, बाबूखान वरिष्ठ पत्रकार, तरुण चंद्राकर कांग्रेस नेता संगीता नीलकमल साहू सरपंच कुसमी, सुनील शर्मा इंजीनियर लोक निर्माण विभाग, धर्मेंद्र सोनवानी, सेवक निषाद सरपंच प्रतिनिधि अमेठी, के पी साहू प्राचार्य ,रोमनाथ सेन अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, नील कमल साहू सरपंच प्रतिनिधि, नागेंद्र वर्मा, रामकिशुन वर्मा, भकला साहू ,दशरथ साहू, नोहर यादव ,जगमोहन वर्मा, तिलक साहू, धर्मेंद्र बंजारे, शिवकुमार साहू एवं स्टॉफगण ग्राम वासी उपस्थित रहे। मंच संचालन पोखनलाल जायसवाल ने किया।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में खनिज निकाय फंड राशि में करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

एक तरफ खनिज निकाय मद फंड की राशि को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्र के विकास कार्य में आबंटन के लिए आये दिन शासन प्रशासन से मांग करते हैं। वहीं दूसरी ओर डौण्डी ब्लॉक में खनिज निकाय मद के फंड में खुलकर भ्रष्टाचार करने का मामला प्रकाश में आया है। जिस व्यवस्था में भ्रष्टाचार है वहां अधिकारियों और ठेकेदार के लिए यह सब कर लेना संभव हो तब वहां कोई कानून कितना असरदार होगा यह कह पाना मुश्किल है। जनपद सदस्य संजय बैस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया की डौंण्डी ब्लॉक के समस्त आंगनबाड़ी भवन में करोड़ो रूपये के टाइल्स लगाने के निर्माण कार्य में बड़े पैमाने में भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है। उन्होने आगे बताया कि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि होने पर मैं खुद ब्लॉक के अधिकांश आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया हूं। सभी आंगनबाड़ी भवन केन्द्र में टाइल्स निर्माण कार्य सही सलामत नहीं है। अधिकांश टाइल्स दिवालों से गिरकर खराब हो गये हैं। इन्ही आंगनबाड़ी में 4 साल के छोटे बच्चे पढ़ाई करते है जिनकी जिंदगी भी सुरक्षित नहीं है। कई ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्र में दीवारों से टाइल्स गिरने से बच्चे चोटिल हो गये हैं। यह भी निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली है। भैंस ने कहा कि कभी भी इन भवनों में टाइल्स गिरते रहते है जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती है। मजे की बात यह है की किस निर्माण एजेंसी या ठेकेदार से इन कार्यों को करवाया गया है यह ब्लॉक के किसी अधिकारी ,गांव के सरपंच, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं व परियोजना कार्यालय को भी पता नही है। निर्माण एजेंसी करोड़ो रूपये के कार्य में भ्रष्टाचार करके चला गया। खनिज निकाय फंड से उस निर्माण एजेंसी को पेमेंट भी हो चुका है। संजय बैस ने कहा की शासन भ्रष्टाचार में रोक लगाना चाहती है। भ्रष्टाचार होने के बाद संबंधित अधिकारी कार्यवाही करते हैं पर इस मामले में खुलेआम भ्रष्टाचार प्रमाणित हो रहा है फिर भी अधिकारी कार्यवाही की बात छोड़ दीजिए।

## सामुदायिक भवन के संधारण कार्य का भूमिपूजन



**दल्लीराजहरा।** निकाय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक-03 में सीसी रोड़ निर्माण कार्य व वार्ड क्रमांक-22 व 26 में सामुदायिक भवन संधारण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के करकमलों से पूजा-अर्चना कर किया गया। भूमिपूजन के दौरान एल्डरमैन प्रमोद तिवारी ,केव्ही अब्राहम, वार्ड क्रमांक-08 के पार्षद स्वप्निल तिवारी ,वार्ड क्रमांक-26 की पार्षद टी.ज्योति ,नपा के पूर्व उपाध्यक्ष रवि जायसवाल ,मनोज दुबे ,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार ,रामकुमार शर्मा,पूर्व पार्षद रमेश भगत ,जिला युवा कांग्रेस के प्रभारी महासचिव परितोष हंसपाल ,गायत्री शक्ति पीठ के शिव कुमार कलिहारी ,चंद्रशेखर पवार ,राधेश्याम साहू ,बंगाली समाज के सचिव गौतम बेरा ,वीना साहू सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बंजारा सहायता समूह छत्तीसगढ़ का हुआ वार्षिक अधिवेशन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




जिले के केशकाल ब्लाक अंतर्गत बहीगांव में रविवार 19 सितंबर को बंजारा सहायता समूह छत्तीसगढ़ का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ, जिसमे बंजारा सहायता समूह छत्तीसगढ़ के सदस्य शामिल हुए। वार्षिक अधिवेशन की शुरुआत सबसे पहले बंजारा समाज के धर्म गुरु संत सेवालाल महाराज जी के छाया चित्र के समक्ष दिप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। बंजारा सहायता समूह छत्तीसगढ़ के वार्षिक अधिवेशन में समूह के अध्यक्ष दीपक नायक के द्वारा समूह बनने से लेकर 14 महीनों में किए गए कार्यो का विवरण दिया गया। वही समूह के लक्ष्य के बारे में भी बताए । वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि लोकनाथ राठौर, विशिष्ट अतिथि में जेआर पवार, बसन्त चौहान, महावीर भारद्वाज, कृष्णा नायक, सन्तोष नायक, ललिता पवार व अन्य समाज के लोगों सहित बंजारा सहायता समूह के सदस्य दीपक नायक, अनुराग नायक, अखिलेश राठौर, बिसाऊ राठौर, पुरषोतम नायक, अरुण पमहार, मोती राठौर, विष्णु नायक, मनोज मुछवड़, आलेख नायक, दिलीप नायक, रामकुमार भारद्वाज, संतोष नायक, हेमराज भारद्वाज, किशोर पमहार, मोती चौहान, मनीषा चौहान, राधा पमहार, कमलेश भारद्वाज, विनोद राठौर व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### बंजारा सहायता समूह छत्तीसगढ़ के है पांच उद्देश्य

समूह ने पांच उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है। समाज के कमजोर व असहाय व्यक्तियों को सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित करना। लोगों को अपने समाज के लिए रचनात्मक कार्यो के लिए प्रोत्साहित करना। विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सहयोग के द्वारा जनहित में समस्त कार्य कर समाज के विकास कार्य मे सहयोग करना। समाजिक धरोहर (समाज के रीति-रिवाज, बोली-चोली, सभ्यता व संस्कृति) के प्रति युवाओं को प्रेरित करना। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना व संरक्षण संवर्धन करना। निःशक्त, दिव्यांग, कमजोर गरीब, वृद्धजनों पर उनकी सामाजिक आर्थिक मनोवैज्ञानिक एवं देखभाल सम्बंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये विभिन्न प्रकार से मदद के रूप में योजना बनाकर उनका क्रियान्वयन करना।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने मंत्री से मुलाकात की



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री शिव कुमार डहरिया के डौंडी लोहारा आगमन पर नगर पालिका दल्लीराजहरा अध्यक्ष शिबू नायर ने सौजन्य भेंट कर दल्ली राजहरा नगर पालिका कार्यालय में कर्मचारियों की कमी से अवगत कराया और कार्यालय में कर्मचारियों की नियुक्ति के लिये मांग पत्र सौंपा। नपा अध्यक्ष शीबू नायर द्वारा मंत्री डहरिया को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि नगर पालिका कार्यालय में कर्मचारियों की कमी होने से नगर वासियों के पालिका से जुड़े कार्य प्रभावित होते है। पूर्व में कुछ कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए और कुछ स्थानांतरित हो गए जिनके बदले कर्मचारी नियुक्त नहीं किये गए हैं।

# पितृ पक्ष कल से : उड़द दाल में आई तेजी

## खाद्य तेलों में स्थिरता का रुख

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com





कल से शुरू हो रहा पितृपक्ष उड़द दाल में तेजी की खबर लेकर आ पहुंचा है। खाद्य तेल और काली तिल में भाव, स्थिरता के बने हुए हैं। तर्पण के लिए जरूरी माना जाने वाला कुश 10 से 20 रुपए में मिलेगा। शायद यह पहला मौका होगा जब पितृपक्ष में खाद्य तेलों की कीमतों में स्थिरता का रुख देखा जा रहा है। आमतौर पर पितृपक्ष में, खाद्य तेलों की कीमतों की स्थिति को देखते हुए नवरात्रि पर भाव कैसे रहेंगे? इसका अनुमान लगाया जाता रहा है। जैसी स्थिति बनी हुई है, उसे देखते हुए यह मानकर चला जा रहा है कि खाद्य तेलों में आगे के दिन भी ऐसे ही बने रहेंगे। इतना तय है कि दलहन की तेजी आने वाले दिनों में भी बनी रह सकती है।

### उड़द और मूंग दाल में तेजी

दलहन के लिए बाजार की शुरुआत पितृ पक्ष से मानी जाती है जो दीपावली तक जारी रहती है। कल से शुरू हो रहे पितृपक्ष के पहले दिन उड़द में अपेक्षित तेजी देखी गई। उड़द दाल छिलका वाली 80 से 85 रुपए पर पहुंच गयी। मूंग दाल छिलका वाली और धुली में भाव 100 रुपए किलो पर पहुंच चुके हैं।

### तिल तेज, जौ शांत

पितृ तर्पण के लिए जौ और काली तिल का अहम स्थान है। पर्व की शुरूआती मांग और त्योहारी सीजन की तैयारी के बीच काली तिल 120 रुपए किलो पर पहुंच चुकी है तो, जौ 30 रुपए किलो पर स्थिरता का स्पष्ट संकेत दे रहा है। तिल के लिए आगे के दिन, शीत ऋतु तक तेजी की संभावना को स्पष्ट कर चुके हैं तो जौ में भाव टूटने के आसार हैं।

### कुश दिखा रहा गर्मी

स्थानीय संग्राहकों और उड़ीसा से आने वाला कुश इस पितृपक्ष में आंशिक गर्मी के साथ पहुंच चुका है। 10 से 20 रुपए जोड़ी में इसकी बिक्री की जा रही है। अलबत्ता जनेऊ में भाव स्थिर बने हुए हैं। इसमें फिलहाल तेजी के आसार नहीं हैं।

### खाद्य तेल स्थिर

पितृ पक्ष से शुरू हो रहा खाद्य तेल का बाजार इस बरस स्थिर है। सरकार की कड़ाई के बाद सोयाबीन तेल प्रति टीन 2300 से 2400 रुपए, राइस ब्रान 2200 से 2300 रुपए और वनस्पति में चिल्हर भाव 120 से 125 रुपए किलो पर आकर ठहरा हुआ है। तेजी की आशंका नहीं है।

## जिले में अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ की जा रही है कार्यवाही



**जशपुरनगर।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध सघन अभियान के तहत् कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार सिन्हा के दिशा-निर्देश में 17 सितम्बर को आबकारी वृत्त जशपुर इलाके में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग जशपुर टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई जहां आरोपी जुनस एक्का पिता स्व. करलूस एक्का पतराटोली, दुलदुला द्वारा संचालित ढाबे से कुल 15.735 ब.ली. जप्त किया गया है। और 01 प्रकरण कायम कर न्यायिक रिमांड कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार राठौर, जन्मेजय दुबे, रामलाल भगत, किशुन राम, त्रियक्ष आबकारी आरक्षक का सक्रिय योगदान रहा।


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)**

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060113784100, राकेश कुमार तिवारी (ऋणी एवं बंधककर्ता), श्रीमती बबीता तिवारी (सहऋणी) | 23-अप्रैल-21 ₹ 16,67,989/- सोलह लाख सडसठ हजार नौ सौ नवासी रूपये मात्र 21-अप्रैल-21 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एंव फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मौजा लिंगायादिह, प्लॉट नं. 189, आर.के. नगर, हर्षी नगर योजना, बिलासपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट, पूर्व प्लॉट नं. 188, पश्चिमः प्लॉट नं. 190, उत्तर प्लॉट नं. 171/172, दक्षिणः रोड | 14-सितम्बर-21 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060718488569 रिकी दोना पत्तल (ऋणी एवं बंधककर्ता), भगवत प्रसाद कश्यप (सहऋणी) | 23-अप्रैल-21 ₹ 18,75,808/- अठारह लाख पिचहत्तर हजार आठ सौ आठ रूपये मात्र 2-अप्रैल-21 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एंव फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 262/10, ब्लॉक बिलहा, पटवारी हलका नं. 23 30 मौजा सिरगिट्टी, आर आई सर्किल, तहसील एवं जिलाः बिलासपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट, पूर्वः चन्द्र केतु सिंह की भूमि, पश्चिमः अन्य की भूमि, उत्तरः रोड, दक्षिणः ठाकुरजी का मकान | 14-सितम्बर-21 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060717682968 कश्यप कन्सट्रक्शन (ऋणी), मुकवान दास कश्यप (सहऋणी एवं बंधककर्ता), श्रीमती लक्ष्मी कश्यप (सहऋणी एवं बंधककर्ता) | 7-मई-21 ₹ 52,49,127/- बावन लाख उनचास हजार एक सौ सत्ताईस रूपये मात्र 7-मई-21 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एंव फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान स्थित खसरा नं. 541/1 का भाग, मौजा स्थित, तिकरापारा, कृष्णा नगर, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड नं. 51, पीएच नं. 114/69/70, आर.आई.सी., रायपुर–प्रथम, तहसील एवं जिलाः रायपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः महाराज जी की भूमि, उत्तरः नवरंग कामकान, दक्षिणः विक्रेता की भूमि | 15-सितम्बर-21 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060118241891, अनुराथ कुमार टंडन (ऋणी), श्रीमती खेलिया बाई टंडन (सहऋणी एवं बंधककर्ता) | 24-मई-21 ₹ 7,64,928/- सात लाख चौसठ हजार नौ सौ अट्ठाईस रूपये मात्र 22-मई-21 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एंव फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 35/12, ग्राम डहरा कपा, पीसी नं. 41, तहसील लूरनी, जिलाः मुगली, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 400 वर्ग मीटर, पूर्वः नहीं, पश्चिः नहीं, उत्तरः नहीं, दक्षिणः नहीं | 15-सितम्बर-21 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060714361412 अशोक रमानी (ऋणी एवं बंधककर्ता), भरत रमानी (सहऋणी), श्रीमती चांदनी रमानी (सहऋणी एवं बंधककर्ता), सुरेश रेलवानी (गारंटर) | 23-अप्रैल-21 ₹ 26,79,896/- छब्बीस लाख उनयासी हजार आठ सौ छियानवे रूपये मात्र 2-अप्रैल-21 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एंव फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 75/23, वार्ड नं. 12, ग्राम एवं तहसील बिलहा, जिलाः बिलासपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 1534 वर्ग फीट, पूर्वः रेलवे एवं विक्रेता की भूमि, पश्चिमः लतेल की भूमि, उत्तरः चन्द्रभाग की भूमि, दक्षिणः विक्रेता की भूमि | 16-सितम्बर-21 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060719899122 लाल बहादुर गडवाल (ऋणी एवं बंधककर्ता), श्रीमती सरोजानी गडवाल (सहऋणी) | 29-अप्रैल-21 ₹ 15,24,584/- पन्द्रह लाख चौबीस हजार पांच सौ चौरासी रूपये मात्र 29-अप्रैल-21 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एंव फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 11, खसरा नं. 286/2, मौजाा, ग्राम कूतरावोड, आरएनएम/ तहसील/ पामगढ, जिलाः जांजगीर, चमपा, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 405.20 वर्ग मीटर, पूर्वः रामगोपाल की भूमि, पश्चिमः सविता की भूमि, उत्तरः सरकारी भूमि, दक्षिणःसरकारी भूमि एवं मरथमा स्कूल की भूमि | 17-सितम्बर-21 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060118472693 विक्कीस प्रताप सिंह नरनाम (ऋणी एवं बंधककर्ता), विक्रम प्रताप (सहऋणी एवं बंधककर्ता), नरेश सिंह नरमान (सहऋणी एवं बंधककर्ता), अवध बिहारी नरमान (सहऋणी) | 29-अप्रैल-21 ₹ 13,85,508/- तेरह लाख पिच्यासी हजार पांच सौ आठ रूपये मात्र 29-अप्रैल-21 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एंव फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 608 एवं 609, ग्राम मस्तूरी, तहसील मस्तूरी, जिलाः बिलासपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 5227 वर्ग फीट, पूर्वः दोनार की भूमि, पश्चिमः निस्तारी रोड, उत्तरः शंकर सोनी का मकान, दक्षिणः मेलाराम का मकान | 17-सितम्बर-21 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है। ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थानः छत्तीसगढ**
**दिनांकः 18/09/2021**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**


# भगवान विश्वकर्मा को विश्व का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है: योगेश तिवारी

## ग्राम भटगांव में किसान नेता योगेश तिवारी विश्वकर्मा पूजा में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भटगांव में किसान नेता योगेश तिवारी विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए । किसान नेता ने भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा को विश्व शका पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सृष्टि को संवारने की जिम्मेदारी ब्रह्मा जी ने भगवान विश्वकर्मा को सौंपी थी। ब्रह्मा जी को अपने वंशज और भगवान विश्वकर्मा की कला पर पूर्ण विश्वास था। जब ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया तो वह एक विशालकाय अंडे के आकार की थी। उस अंडे से ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई। कहते हैं कि बाद में ब्रह्माजी ने इसे शेषनाग की जीभ पर रख दिया। शेषनाग के हिलने से सृष्टि को नुकसान होता था। इस बात से परेशान होकर ब्रह्माजी ने भगवान विश्वकर्मा से इसका उपाय पूछा। भगवान विश्वकर्मा ने मेरू पर्वत को जल में रखवा कर सृष्टि को स्थिर कर दिया। भगवान विश्वकर्मा की निर्माण क्षमता और शिल्पकला से ब्रह्माजी बेहद प्रभावित हुए। तभी से भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का पहला इंजीनियर और वास्तुकार मनाते हैं। भगवान विश्वकर्मा की छोटी-छोटी दुकानों में भी पूजा की जाती है।ईस कार्यक्रम में संरपच तरुण साहु रघवीर साहुं डां मार्कण्डेय गजानंद साहु चोवाराम साहु प्रह्लाद साहु खेमराज साहु सालिक साहु गौतम साहु परदेशी राम साहु बिजेराम साहु राजेन्द्र साहु हरिराम साहु सहित गाँव के प्रमुख लोग उपस्थित थे।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 20210400100004/ अ-20(1)/2020-21

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रितेश पटेल पिता श्री धरमनाथ कौशिक निवासी ग्राम बफना तहसील कोण्डागांव तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला-तहसीलपारा स्थित भूमि शीट क्रमांक 02 भूखण्ड क्रमांक 671/1 कुल क्षेत्रफल 147755 वर्गफीट भूमि में से क्षेत्रफल 432 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टा पर प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 22.09.2021 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.08.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

# जिपं सीईओ के आदेश बावजूद सरपंच के खिलाफ कार्रवाई में हो रहा हील-हवाला

## सरपंच को धारा 40 से बचाने राजनीतिक साजिश रचने का आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com




ग्रामीणों की शिकायत और उस पर जांच में सरपंच, सचिव द्वारा बरती गई अनियमितता, भ्रष्टाचार के आरोप साबित होने के बाद जिला कार्यालय ने ग्राम पंचायत रानी तालाब के सरपंच को धारा 40 के तहत बर्खास्त करने के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश को एक पखवाड़ा बीतने को है लेकिन अब तक इस आदेश पर अमल नहीं किया गया है। ग्रामीणों में इसे लेकर रोष है।

जिला पंचायत राजनांदगांव द्वारा अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव को सरपंच के विरुद्ध धारा 40 एवं 92 के तहत कार्यवाही कर कार्यालय को प्रतिवेदित करने का 6 सितंबर को आदेश जारी किया गया है। आज पर्यंत तक कार्यवाही नहीं होने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। पहले ही मौजूदा सरपंच श्रीमती कौशल्या बांधे की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों ने कई शिकायतें कर रखी है। जिला पंचायत के आदेश के बाद अधिकारियों द्वारा सरपंच को ब्यान के लिए एक मौका देने की बात कही जा रही है। जबकि करीब साल भर चली जांच में सरपंच को अपने बचाव के लिए तीन से चार बार मौके पहले ही मिल चुके हैं।

जांच प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पंचायत रानीतालाब के सरपंच श्रीमती कौशल्या बांधे एवं तत्कालीन पंचायत सचिव शोभा राम साहू, भुनेश्वर कुमार कंवर एवं निलंबित पंचायत सचिव तिलकराम सिन्हा के द्वारा पदीय दायित्वों के प्रति गंभीर अनियमितता एवं लापरवाही बरती गई है। जनवरी 2021 तक उनके विरुद्ध 19 लाख 38 हजार पांच रुपए की वसूली योग्य रकम निकली है।

सुत्रो से मिली जानकारी अनुसार सरपंच को धारा 40 से बचाने के लिए राजनीतिक दबाव का सहारा भी लिया जा रहा है। खैर इस मामले को अधिकारी शासन की नियमावली के अनुसार और निदेर्शानुसार कार्यवाही करेंगे। लेकिन एक ग्राम पंचायत में 19 लाख की रिकवरी और धारा 40 लगना बहुत बड़ी लापरवाही को उजागर करता है।

> ग्राम पंचायत रानीतालाब में कार्यवाही हो रही है। मेरे पास में कल ही जिला कार्यालय से लेटर प्राप्त हुआ है। उसके बाद जनपद कार्यालय से अभिलेख को मंगवा लिया गया है। उसके आधार पर जो संबंधित सरपंच है उसे एक बार जवाब भेज देने हेतु मौका दिया जा रहा है। उसके पश्चात उसके ऊपर कार्यवाही हो जाएगी।
>
> **-हितेश पिस्दा,** एसडीएम

# जनपद अध्यक्ष के जन्मदिन पर युवाओं ने किया रक्तदान

■ विधायक परिवार, ब्लॉकईकां व साहू समाज सम्मिलित

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





जनपद पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष टिकेश साहू के 18 सितंबर को 33वें जन्मदिन अवसर पर अंचल के युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में 33 से अधिक युवाओं में कांग्रेस के जनप्रतिनिधिगण व पदाधिकारियों सहित मित्रगण शामिल थे। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष का जन्मदिन समारोह भी रेस्टहाउस में आयोजित कर सामूहिक तौर पर सुखद व समृद्ध जीवन की शुभकामनाएँ दी।

जनपद क्षेत्र के युवाओं व जनप्रतिनिधियों सहित कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा आयोजित जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू के जन्मदिन समारोह में विधायक दलेश्वर साहू सहपरिवार सम्मिलित हुए थे। इसके अतिरिक्त माथलडबरी, मनेरी, अमलीडीह व तेंदूनाला के कांग्रेसजनों सहित युवाओं ने पृथक से भी जपंअध्यक्ष का जन्मदिन मनाया। सरकारी अस्पताल में रक्तदान दौरान, मनेरी में भूमिपूजन व तेंदूनाला में रिकार्डिंग डॉन्स स्पर्धा दौरान सहयोगियों द्वारा जन्मदिन मनाया गया। गंतव्य फाउंडेशन के ओमप्रकाश साहू के मार्गदर्शन में पार्षद दीपक देवांगन व सद्दाम खत्री सहित ब्लॉक कांग्रेस के सेक्टर प्रभारियों सहित मित्रों ने रक्तदान किए। जनपद अध्यक्ष ने विधायक दलेश्वर साहू, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, विधायक की धर्मपत्नी जयश्री साहू, जिला साहू संघ महामंत्री अमरनाथ साहू व ब्लॉकइकां अध्यक्ष चेतन साहू साहू की मौजूदगी में केक काटकर सेलिब्रेट किया।

उक्त अवसर पर हीरा निषाद, ललित लोढ़ा, सुयश नाहटा, हेमंत साहू, डॉ नरेंद्र साहू, रोहित सोनकर, मयंक यदु, दीपक देवांगन, देवेंद्र साहू, हरिशंकर सिन्हा, रोशन साहू, मुरली निषाद, कमल वैष्णव, प्रमोद साहू, रजत साहू, शेरू खान, प्रियंक जैन, महेंद्र वैष्णव, पुरुषोत्तम साहू, कमलेश साहू, रोशन बंजारे, सोनू साहू, लाला साहू के अलावा जनपद सदस्यगण, पार्षदगण व सरपंचगण, अधिकारी व कर्मचारीगण, शिक्षक समुदाय तथा ब्लॉकइकां के समस्त पदाधिकारी, ज़ोन व सेक्टर प्रभारी सहित तहसील साहू समाज के पदाधिकारीगण व कांग्रेसजन सम्मिलित हुए।

# पीएम के जन्मदिन पर बेरोजगारी के खिलाफ युवा कांग्रेस का हल्लाबोल

पायनियर संवाददाता ◄ गंडई पंडरिया
www.dailypioneer.com



युवक कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान युवक कांग्रेसियों ने केंद्र के मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथों में थाली लेकर जमकर हल्ला बोला। कांग्रेस नेताओं ने संदेश दिया कि महत्वपूर्ण डिग्रियां लेने के बावजूद भी बेरोजगार युवक चाय-पकौड़े की दुकान करने को मजबूर हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में भाजपाइयों ने जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आगामी 7 नवम्बर तक किये जाने की जानकारी भी सामने आ रही है। कांग्रेसियों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बेरोजगारी बढ़ी है. उन्होंने सभी सरकारी संस्थाओं और सरकारी विभागों को निजीकरण कर दिया है, ऐसे में युवाओं में भारी आक्रोश है। कांग्रेसियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ष देश के दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन उनके कार्यकाल में दिन-ब-दिन बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। युवक कांग्रेस ने गंडई मुख्यचौक से हल्ला बोलते हुए पुलिस लाइन नया बस स्टैण्ड माँ गंगई मंदिर से ए-मार्केट होते हुए मुख्य चौक पर इकट्ठा हुए। कार्यक्रम में रणजीत सिंह चंदेल, खैरागढ़ यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष मोहसीन खान, दिलीप ओगरे, भिगेश यादव, नारायण लाल चतुर्वेदी, क्रांति ताम्रकार, चुरावन छेदेया अमित टंडन, पुरुषोत्तम यादव, शुभम बघेल, जित्तू ठाकुर, दिनेश रजक, सरपंच पंचराम, बेदुल वर्मा, पूरण मरकाम, कन्हैया कुर्रे, मोहन साहू, शशि साहू, राकेश साहू, नितिन ठाकुर, तब्बू खान, रवि पटेल, टीकम पटेल, नेम सिंह निर्मलकर, दिनेश यादव,कुलेश यादव,मुकेश यादव, सोमनाथ झारिया, सर्वेश्वर झारिया, बीजू यादव, सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र और आवास निर्माण के लिए मिले 6 करोड़

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में शासन द्वारा कारगर पहल की जा रही है। इसी कड़ी में आज जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्टॉफ आवास निर्माण के लिए 5 करोड़ 96 लाख 19 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राजनांदगांव जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान नवीन भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ 50 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। वही अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के थुआडबरी उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए 27 लाख 73 हजार रूपए, छुरिया विकासखंड के कल्लूबंजारी उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए 27 लाख 73 हजार रूपए, डोंगरगांव विकासखंड के सोनेसरार उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए 27 लाख 73 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# विधायक बघेल ने पंचायतों में 63 लाख से अधिक की सड़क योजना का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विधायक डोंगरगढ़ एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण भुनेश्वर बघेल ने डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के घुमका ब्लॉक के ग्राम पंचायत खैरा हाईस्कूल पहुंच मार्ग में 15 लाख, ग्राम पंचायत हरडुवा हाई स्कूल पहुंच मार्ग 4.58 लाख, ग्राम पंचायत कलडबरी आंगनबाड़ी पहुंच मार्ग 3.33 लाख, ग्राम पंचायत परसबोड माध्यमिक स्कूल पहुंच मार्ग 5 लाख, ग्राम बरगाही आंगनबाड़ी 3.95 लाख, ग्राम पंचायत बिरेझर हॉस्पिटल पहुंच मार्ग 4.58 लाख, ग्राम दर्रा आंगनबाड़ी 2.10 लाख, ग्राम पंचायत मासूल हाईस्कूल पहुंच मार्ग 4.58 लाख, ग्राम पंचायत मोहंदी आंगनबाड़ी 1 पहुंच मार्ग 5.16 लाख, ग्राम पंचायत मुरमुंदा 5.93 लाख, ग्राम पंचायत पटेवा स्कूल पहुंच मार्ग 7.97 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा की सुगम सड़क योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय कार्यालयों, अस्पताल, स्कूल पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी तक पहुंच को आसान बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना आरंभ की है, इनका आज भूमिपूजन किया जा रहा है। विधायक बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। विधायक बघेल ने राजीव गांधी भूमिहीन न्याय योजना में पात्र व्यक्ति को पंजीयन कराने की अपील किये। विधायक बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार कोरोना काल के बावजूद विकास की कमी नहीं होने दिए। सभी व्यक्ति को कम से कम 1 पेड़ लगाने की अपील किये। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सुगम सड़क के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम कर रही है, उनके लिए मुख्यमंत्री, लोकनिर्माण मंत्री, विधायक बघेल का धन्यवाद ज्ञापित किये। भूमिपूजन में जिला पंचायत सदस्य हर्षिता स्वामी बघेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष हंसा सिन्हा, जनपद सदस्य गीतालाल वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य चन्द्रेश वर्मा, ब्लॉक महामंत्री गिरीश साहू, ललित चंदतारे, अखिलेश दुबे, दिनेश पुराणिक, घुमका सरपंच फुलमती वर्मा, ईश्वर वर्मा, नेमदास साहू, जयश्री चाँदतारे, संतोष वर्मा सहित सभी पंचायत प्रतिनिधि ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# पीएम के जन्मदिन पर आयुष्मान कार्ड बनाने लगा शिविर



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत योजना के तहत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस योजना के तहत स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के लिए प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक वर्ष 50 हजार रुपये तक कि मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकेगा। इस योजना अंतर्गत आम जनता जिनके पास राशन कार्ड और आधार कार्ड है उनका आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर का आयोजन वार्ड नं 19 में किया गया। इस योजनान्तर्गत 95 लोगो के कार्ड बने।

## ढाई करोड़ की लागत से तैयार होगा अंबेडकर भवन

**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष (केंद्रीय राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त नई दिल्ली) एवं महादलित परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबन रावत ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास में राज्य के सभी सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और उनके जल्द निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। इसी कड़ी में उन्होंने राजनांदगांव के कलेक्टरेट सभागृह में उच्च अधिकारियों की बैठक ली जिसमे जिला कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा, नगर निगम आयुक्त आशुतोष चतुर्वेदी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला राजनांदगांव उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई जिससे कि सफाई कर्मचारियों के जीवन मे उचित बदलाव आये, और वो समाज के मुख्य धारा से खुद को जोड़ सके। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की अनुसंशा पर राजनांदगांव में डॉ बीआर अम्बेडकर सामुदायिक भवन का निर्माण होगा जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 40 लाख रुपए होगी। उक्त भवन का उपयोग सफाई कर्मचारी शादी आदि शुभ अवसरों पर कर सकेंगे।



# महेंद्र यादव प्रदेश महामंत्री, मदन साहू जिलाध्यक्ष

■ डोंगरगांव विधानसभा से दो चेहरों को दी नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





पीसीसी के अहम विंग कहे जाने वाले किसान कांग्रेस में नई नियुक्ति की गई है। प्रदेश किसान कांग्रेस की जारी सूची में जिपंसदस्य महेंद्र यादव को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। जिले में अहम जिलाध्यक्ष की कमान डोंगरगांव के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू को सौंपी गई है। डोंगरगांव विधानसभा के निवासी उक्त दोनों ही पदाधिकारी मुख्यमंत्री व चन्द्रशेखर शुक्ला के बेहद करीबी व विश्वसनीय चेहरों में से माने जाते हैं। किसान नेताओं महेंद्र यादव को प्रदेश महामंत्री व मदन साहू को जिलाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर विधायकगण दलेश्वर साहू, छन्नी साहू, भुनेश्वर बघेल, इंद्र शाह मंडावी, देवव्रत सिंह के अलावा सुरेंद्र दास वैष्णव, क्रांति बंजारे, पदम् कोठारी, जीतू मुदलियार, गुलाब वर्मा, मोती साहू, चेतन साहू, बलीराम साहू, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, रोहित सोनकर, महेंद्र साहू, रमेश साहू सहित जिले के विभिन्न विधानसभाओं के कांग्रेसजनों, किसानों सहित ईष्टजनों ने शुभकामनाएं दी है।

# फल बांटे, बेरोजगारों से भरवाया फार्म



**मानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा और समर्पण कार्यक्रम में मानपुर मंडल के अध्यक्ष राजू टांडिया और जिला पंचायत सदस्य श्रीमति राधिका अंधारे, भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री प्रवीण मंडावी की उपस्थिति में मानपुर मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष चेतन साहू ,उपाध्यक्ष राजहंस मंडावी, अभिषेक बाजपेयी, महामंत्री थानसिंह पोटाई, ओम सोनी व युवा मोर्चा के अन्य पदाधिकारियो ने अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया। इस दौरान शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्रदाय किये जाने वाले घोषणा को स्मरण करवाने बेरोजगारी भत्ता फ़ार्म बड़ी संख्या में भरवाया गया।

## लोक निर्माण विभाग के विकास कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन एवं लोकार्पण

# जिले को मिली 145 करोड़ की सौगात, पुल-पुलिया सहित सड़क, भवन और छात्रावास का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोक निर्माण विभाग के 144 करोड़ 95 लाख 45 हजार रूपए के 31 विकास कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य शासन द्वारा सामाजिक क्षेत्र निर्माण के तहत सुविधाओं एवं विकास योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण एवं लॉकडाउन की चुनौतियां सामने आई लेकिन इसके बावजूद विकास कार्य चलते रहे। जून माह में कोरोना का प्रभाव कम होते ही विकास कार्यों में गति आई।

इस अवसर पर अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण एवं डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि लीलाराम भोजवानी, जनप्रतिनिधि कुलबीर छाबड़ा, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने आज लोक निर्माण विभाग के 144 करोड़ 95 लाख 45 हजार रूपए के 31 विकास कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें से 119 करोड़ 82 लाख 13 हजार रूपए की लागत से 26 कार्यों का भूमिपूजन तथा 25 करोड़ 13 लाख 32 हजार रूपए की लागत से 5 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

### लोकार्पण भी हुआ

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव विधानसभा अंतर्गत 1 करोड़ 33 लाख 95 हजार रूपए की लागत से अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के अंतर्गत राजनांदगांव में फायर स्टेशन व गैरेज का निर्माण (कार्य वर्ष 2018-19), खुज्जी विधानसभा अंतर्गत 1 करोड़ 78 लाख 88 हजार रूपए की लागत से छुरिया में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भवन का निर्माण, खैरागढ़ विधानसभा अंतर्गत 1 करोड़ 71 लाख 42 हजार रूपए की लागत से डुण्डेरा में विश्राम गृह सह 02 नग आई-टाईप आवास गृह का निर्माण तथा 11 करोड़ 84 लाख रूपए की लागत से छुईखदान - कुम्हरवाड़ा - बकरकट्टा मार्ग के किलोमीटर 18/2, 19/2, 19/4-6, 21/8 पर 05 नग उच्चस्तरीय पुल का निर्माण, मोहला-मानपुर विधानसभा अंतर्गत 8 करोड़ 45 लाख 7 हजार रूपए की लागत से दनगढ़ नाले पर पुल निर्माण कार्य सही नाम- बिहरीकला से दनगढ़ नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण का लोकार्पण किया

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दावा झूठा है या युवा कांग्रेस का प्रदर्शन धोखेबाजी है : आशीष डोंगरे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के मानव मंदिर चौक पर पकोड़ा तलकर और चाय बेचकर विरोध दर्ज करने वाले कांग्रेसी कार्यकताओं के प्रदर्शन पर भारतीय जनता पार्टी के जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष आशीष डोंगरे ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जैसा की प्रदेश सरकार दावा कर रही है कि छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर खत्म हो चुकी है, तो कांग्रेस की युवा बेरोजगार कैसे अब इस मामले में या तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बघेल झूठ बोल रहे हैं, या छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी युवा जो बेरोजगारी दिवस मना रहे है। डोंगरे ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक आंकड़े के आधार पर कहा कि छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर खत्म हो बेहद कम है। उन्होंने स्वयं अपने फेसबुक में इस संबंध में जानकारी साझा की थी। वहीं हाल में युवा कांग्रेस के हाफिज वारसी और मानव देशमुख द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को लेकर बेरोजगारी दिवस बनाते हुए कफन ओढ़ कर लेटे और रोजगार दो या कफ़न दो के नारे लगाए। यह प्रदर्शन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दावों पर सवाल नहीं है तो और क्या है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला**
**क्रमांक: 202109092200022/202109092200022**
**मामले की श्रेणी- राजस्व**

विषय- अ-6 सन- 2020-21
डोंगरगढ़ प.ह.नं. 00025 (598/2 (0.0080 हे.))
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- हृदेश प्रसाद यादव
अनावेदक पक्षकार-

// ईश्तहार //

आवेदक हृदेश प्रसाद यादव पिता गयाप्रसाद यादव निवासी महावी पारा वार्ड नम्बर 11 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक हृदेश प्रसाद यादव के अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम डोंगरगढ़ में ख.नं. 598/2 रकबा 0.02 डिसमील भूमि है जो कि उक्त भूमि का पूर्व में आपसी बंटवारा से प्राप्त हुआ है तथा बंटवारे में सभी हिस्सेदारों ऑनलाइन रिकार्ड दर्ज हो चुका है किन्तु आवेदक का नाम से किसान किताब एवं ऑनलाइन रिकार्ड में दर्ज किया गया है। जिस कारण से उक्त वाद ग्रस्त भूमि के राजस्व अभिलेख (किसान किताब एवं ऑनलाइन) पर आवेदक अपना दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.09.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.09.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

# मयंक मोबाइल में हुई 178000 की उठाईगिरी के आरोपियों को पकड़ने में मिली पुलिस को सफलता

- उठाई गिरी के तीन आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों से करीब 70000 नगद एवं कीमती सामान हुए बरामद
- मोहल्ले मे फेरी लगाकर चूड़ी बेचने वाले ही निकले आरोपी

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



15 सितंबर को शक्ति शहर के नवधा चौक की मयंक मोबाइल दुकान मे चांपा से आए एक व्यापारी से 178000 की उठाई गिरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, तीनों पकड़े गए आरोपी मोहल्ले मोहल्ले में फेरी कर चूड़ी बेचने का काम करते थे।

शक्ति पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस संबंध में शक्ति पुलिस द्वारा 18 सितंबर को पुलिस थाना में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी रामनरेश कश्यप पिता स्व:नेतराम कश्यप उम्र 46 वर्ष साकिन तहसील रोड शंकर नगर चाम्पा चाम्पा जिला जॉजगीर-चांपा (छ.ग.) थाना उपस्थित आकर रिपोट दर्ज कराया कि दिनांक 15.09.2021 के मयंक मोबाईल सक्ती के दुकान में मोबाईल विक्रय किया एवं विक्रय का पैसा मोबाईल दुकान मालिक से 178000 रूपये पेमेंट लिया जिसे अपने बेग मे भरकर रखा व विक्रय किये गये हिसाब को व्हाट्सअप के माध्यम से भेज रहा था उसी समय करीबन 3:30 बजे अज्ञात चोर द्वारा बैग के अंदर रखे रकम 178000 रूपये को निकाल लिए और लेकर भाग गये,प्राथी की रिपोट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करायागया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जिला जांजगीर चांपा (भ.पु.से) विवेक शुक्ला, अति. पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ती मो. तस्लीम आरिफखान, एवं थाना प्रभारी रूपक शर्मा के द्वारा त्वरित कार्यवाही करने हेतु निदेर्श देने पर उनके मागर्दशर्न में त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देश देने पर उनके मागर्दशर्न पर प्रकरण में विवेचना के दौरान घटना स्थल एवं उसके आसपास गली में लगे सी.सी.टी.वी कैमरे से फुटेज लेकर उप निरीक्षक नवीन पटेल एवं थाना पामगढ के थाना प्रभारी उप निरी. ओमप्रकाश कुर्रे द्वारा टीम बनाकर रवाना हुए बिलासपुर के पास ग्राम देवरीखुर्द में संदेहियों (01.) सजन मोंगिया पिता फिरतु मोंगिया उम्र 19 वर्ष साकिन (02) तेजभान मोंगिया पिता इजन लाल मोंगिया उम्र 19 वर्ष (03) सुबीन मोंगिया पिता फिरतु मोंगिया उम्र 21 वर्ष सभी साकिन पथरिया थाना खिमलासा जिला सागर (म.प्र.) हाल मुकाम देवरीखुर्द थाना तखतपुर जिला बिलासुपर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना दिनांक को अपराध घटित करना स्वीकार किया।

## समाजसेवी सियाराम एवं रामजी लाल अग्रवाल का गृह ग्राम- टीबा बसई राजस्थान में हुआ सम्मान



पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

राजस्थान प्रदेश के ग्राम पंचायत टीबा बसई में रायपुर निवासी अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल एवं अग्रवाल सभा के संरक्षक रामजी लाल अग्रवाल का टीबा बसई की ग्राम पंचायत में प्रवासी भामाशाह सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं प्रमुख सदस्यगण उपस्थित रहे जिनमें शिवलाल शेखावत, राजेंद्र प्रसाद शेखावत ,फतेह चंद गोयल, रोहतास दरजी, बुद्धिप्रकाश गोयल, आनंदप्रकाश सुंदरका, अशोक गुप्ता, मालीराम जांगिड़ ,सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। पंचायत प्रमुख सेवलाल शेखावत ने अपने उद्बोधन में कहा की ग्राम टीबा बसई से रायपुर जाकर अपने कार्यो से गांव का नाम इन्होंने रोशन किया है ,गांव के लिए भी इन्होंने सेवा के कार्य किए हैं ।श्री सियाराम अग्रवाल ने ग्राम टिबा बसई में हनुमान परिवार की वर्षो पुरानी धर्मशाला का जीर्णोद्धार करा कर उसे एक नया स्वरूप प्रदान किया है । ऐसे भामाशाह को आज हम अपने बीच पाकर गौरवान्वित हैं। इस अवसर पर उन्होंने श्री रामजी लाल अग्रवाल जी की भी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि गांव में इन्होंने एक बहुत ही शानदार यात्री निवास का निर्माण किया है, जिसमें बाहर से आने वाले यात्री भी रुक सकते हैं। यह भी हमारे लिए अत्यंत गौरव की बात है अपने आशीर्वचन में आगे उन्होंने कहा कि जहां भी रहे परिजनों सहित खूब फले फुले खूब आगे बढ़े तरक्की करें यही इनके साथ हमारी शुभकामनाएं हैं। ऐसे भामाशाह को हम हमारे बीच पाकर धन्य हैं।

18 सितंबर को गुड़गाँव हरियाणा में श्री रामरतन गुप्ता ने परिवार सहित, बाबूजी श्री सियाराम अग्रवाल जी और श्री रामजीलाल अग्रवाल जी का शाल- श्रीफल से स्वागत सत्कार किया, जिस पर हनुमान परिवार उनका बहुत;बहुत आभार व्यक्त किया है।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए राम खूबवानी

**सक्ति।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की राजधानी रायपुर में संपन्न बैठक में जांजगीर-चांपा जिले से राम खूबवानी चांपा, सुरेश कृपलानी सक्ति शामिल हुए, साथ ही इस बैठक के दौरान रायपुर से भाजपा नेता राजेश हरियाणवी भी शामिल हुए बैठक के दौरान विस्तारपूर्वक आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई तो वही व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेताओं से भी मुलाकात की तथा इस दौरान संगठन की गतिविधियों से भी वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराया गया तथा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के



प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश हरियाणवी रायपुर ने भी बताया कि व्यापार प्रकोष्ठ के माध्यम से आने वाले दिनों में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी व्यापारी बंधुओं को दी जाएगी तो वही शक्ति के व्यापार प्रकोष्ठ के नेता सुरेश कृपलानी ने भी कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व्यापारियों के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

## भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ जांजगीर-चांपा ने मोदी के जन्मदिन पर नहरिया बाबा मंदिर में किया महा आरती का आयोजन

**सक्ति।** जांजगीर-चांपा जिले में 17 सितंबर दिन- शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ? जन्मदिन पर सेवा ही समर्पण अभियान के तहत भाजपा जांजगीर-चांपा जिला व्यवसायी प्रकोष्ठ के द्वारा नहरिया बाबा मंदिर में महाआरती किया गया।



जिसमें जांजगीर-चांपा सांसद गुहाराम आजगल्ले, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मणिकांत जिला भाजपा उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, आशुतोष गोस्वामी अध्यक्ष नगर मंडल जांजगीर नैला, रवि मित्तल, शिशुपाल सिंह व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक, गुलाब श्रीवास मंडल संयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ जांजगीर नैला, देवा गाढ़ेवाल, विवेक सिंह (पार्षद), पलाश चंदेल जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा , गोलू महाराज, प्रदीप सोनी, पंकज अग्रवाल, नरेश थवाईत, विनय राठौर, शुभम सोनी आशीष कहरा, श्रीमती संतोषी दुबे जिला महामंत्री महिला मोर्चा, श्रीमती उषा सोनी, जिला कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा, श्रीमती प्रेमलता कौशिक, नगर मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे, कार्यक्रम के दौरान नारिया बाबा की महाआरती कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना की गई। तो वहीं सांसद एवं पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश भर में 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक सेवा और समर्पण अभियान का शुभारंभ कर विभिन्न प्रकार के सेवा एवं रचनात्मक कार्यो को गति दी जाएगी तथा इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में केंद्र सरकार के माध्यम से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की भी लोगों को जानकारी दी जाएगी तो वही कोविड-19 वैक्सीनेशन के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## सविता दास संभालेंगी अजाक थाना जांजगीर चांपा जिले के उप पुलिस अधीक्षक का दायित्व

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन गृह एवं पुलिस विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर द्वारा 17 सितंबर 2021 को जारी आदेश के तहत श्रीमती सविता दास उप पुलिस अधीक्षक रायपुर को अस्थाई रूप से उप पुलिस अधीक्षक (आजाक) थाना जिला-जांजगीर चांपा के पद पर पदस्थापना की गई है, तथा श्रीमती सविता दास पूर्व में पुलिस थाना शक्ति के नगर निरीक्षक पद पर भी अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी है, एवं वर्तमान में



रायपुर में पदस्थ हैं, तथा विगत महीनों ही श्रीमती सविता दास नगर निरीक्षक से उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत की गई थी।

## बिजनेस

# विमानन कंपनियों को 15 दिन बाद मनचाहा किराया लेने की छूट

**नई दिल्ली।** नागरिक विमानन मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि हवाई किराये की निचली और ऊपरी सीमा किसी भी समय 15 दिनों तक लागू होगी और विमानन कंपनी 16वें दिन से बिना किसी सीमा के शुल्क लेने के लिए स्वतंत्र होंगी। इस वर्ष 12 अगस्त से लागू यह व्यवस्था फिलहाल 30 दिनों के लिए थी और विमानन कंपनियां 31वें दिन से बिना किसी सीमा के शुल्क ले रही थीं। वहीं केंद्र सरकार ने शनिवार को विमानन कंपनियों को घरेलू विमान सेवा में कुल उपलब्ध सीटों के मुकाबले 85 फीसद सीटों को भरने की अनुमति प्रदान कर दी है। 12 अगस्त को यह



सीमा 65 फीसद से बढ़ाकर 72.5 फीसद की गई थी।

मंत्रालय ने जारी एक आदेश में कहा कि मान लीजिए आज तारीख 19 सितंबर है, तो यात्री उसके 15 दिनों यानी चार अक्टूबर तक की यात्रा के लिए किराये की ऊपरी और निचली सीमा में टिकट ले सकते हैं। लेकिन अगर वे इसके बाद की तारीख का टिकट लेते हैं, तो विमानन कंपनियां निर्धारित सीमा से अधिक या कम किराया लेने के लिए स्वतंत्र हैं। इसी तरह, अगर कोई 21 सितंबर को पांच अक्टूबर तक के लिए टिकट बुक कराता है, तो वह ऊपरी और निचली सीमा में ही किराये का भुगतान करेगा, लेकिन उसके बाद के लिए नहीं।

भारत ने कोरोना महामारी की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के बाद 25 मई, 2020 को उड़ान सेवाएं फिर शुरू होने पर विमान यात्रा की अवधि के आधार पर किराये की निचली और ऊपरी सीमा निर्धारित की थी। इस साल 12 अगस्त को घरेलू हवाई यात्रा महंगी हो गई थी। नागर विमानन मंत्रालय ने किराये की निचली और ऊपरी सीमा में 9.83 से 12.82 प्रतिशत की वृद्धि की थी।

## सोने के दाम में पिछले सप्ताह आई भारी गिरावट, चांदी की कीमत में भी जबरदस्त टूट

**नई दिल्ली ।** सोने एवं चांदी की कीमतों में पिछले सप्ताह काफी अधिक गिरावट दर्ज की गई। दुनियाभर में वैक्सीनेशन की तेज रफ्तार और इकोनॉमिक रिकवरी की संभावना तेज होने से सेफ एसेट समझे जाने वाले सोने की डिमांड में कमी आई है। इससे इन बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में टूट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक बीते सप्ताह 24 कैरेट सोने के दाम में कुल 749 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट देखने को मिली। इसी तरह चांदी की कीमत में 1745 रुपये प्रति किलोग्राम की टूट दर्ज की गई।



**सोने के दाम में इस तरह का उतार-चढ़ाव दिखा**

**13 सितंबर, 2021:** सोमवार को हाजिर बाजार में सोने का भाव 47,059 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा।

**14 सितंबर, 2021:** सप्ताह के दूसरे कारोबारी सत्र में सोने के दाम में 42 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई। इससे स्पॉट मार्केट में सोने का भाव 47,017 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रह गया।

**15 सितंबर, 2021:** बुधवार को सोने का रेट 238 रुपये चढ़कर 47,255 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

**16 सितंबर, 2021:** गुरुवार को हाजिर बाजार में सोने के भाव में 598 रुपये की टूट दर्ज की गई। इससे सोने का रेट 46,657 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रह गया।

**17 सितंबर, 2021:** सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में सोने का रेट 347 रुपये लुढ़ककर 46,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रह गया।

इस तरह स्पॉट मार्केट में सोने के दाम में पिछले पांच सत्रों में 749 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई।

## नए साल से एक माह का जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं करने पर जमा नहीं कर सकेंगे GSTR-1

**नयी दिल्ली।** नए साल यानी एक जनवरी से संक्षिप्त रिटर्न और मासिक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के भुगतान में चूक करने वाली कंपनियों को आगे के महीने के लिए जीएसटीआर-1 बिक्री रिटर्न दाखिल करने की अनुमति नहीं होगी। जीएसटी परिषद की लखनऊ में शुक्रवार को हुई बैठक में अनुपालन को सुसंगत बनाने की दृष्टि से कई फैसले किए गए। इसमें कंपनियों या कारोबारियों द्वारा रिफंड का दावा करने के लिए आधार सत्यापन को अनिवार्य किया जाना भी शामिल है। माना जा रही है कि इन कदमों से जीएसटी की चोरी से राजस्व में होने वाले नुकसान को रोका जा सकेगा।



जीएसटी व्यवस्था एक जुलाई, 2017 को लागू हुई थी। जीएसटी परिषद ने एक जनवरी, 2022 से केंद्रीय जीएसटी नियम के नियम 59 (6) में संशोधन करने का फैसला किया है। इसके तहत यदि किसी पंजीकृत व्यक्ति ने पिछले महीने का फॉर्म जीएसटीआर-3बी में रिटर्न दाखिल नहीं किया है, तो उसे जीएसटीआर-1 जमा करने की अनुमति नहीं होगी। अभी कंपनियां यदि पिछले दो माह क जीएसटीआर-3बी जमा करने में चूक जाती हैं, तो उन्हें बाहरी आपूर्ति या जीएसटीआर-1 जमा कराने की अनुमति नहीं होती। कंपनियों को किसी महीने के लिए जीएसटीआर-1 बाद के महीने के 11वें दिन तक जमा कराना होता है।

वहीं जीएसटीआर-3बी जिसके जरिये कंपनियां कर का भुगतान करती हैं, उसके बाद के माह के 20वें से 24वें दिन जमा कराना होता है। इसके अलावा परिषद ने जीएसटी पंजीकरण के लिए आधार सत्यापन को अनिवार्य कर दिया है तभी कोई कंपनी रिफंड के लिए दावा कर सकेगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जीएसटी पंजीकरण के लिए आधार सत्यापन को 21 अगस्त, 2020 से अनिवार्य किया था।

## बॉलीवुड

# स्कूल डे की तस्वीर शेयर करते हुए तापसी पन्नू बोलीं- बहुत तेज दौड़ती है...बचपन से

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू (Taapsee Pannu) अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपने स्कूल टाइम की एक फोटो शेयर किया है। फोटो तापसी विनिंग प्राइज लेती नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने बताया है कि वो बपचन से दौड़ने में काफी तेज थी।


### तापसी पन्नू की आने वाली फिल्में



तापसी पन्नू इस समय अपने कई प्रोजेक्ट्स की तैयारी में बिजी हैं। हालांकि अभी वो अगली फिल्म साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'ब्लर' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है। इसके इतर तापसी की आने वाली फिल्में लूप लपेटा, रश्मि रॉकेट, शाबाश मिट्ठू, दोबारा, वो लड़की कहां है सहित तमिल फिल्म जन गण मन, एलियन और मिशन इम्पॉसिल जैसी फिल्में शामिल हैं।

### स्कूल ड्रेस में क्यूट लगी तासपी

तापसी इस फोटो में क्यूट तापसी व्हाइट स्कूल ड्रेस पहने हुए मिडल में खड़ी हैं, जिसमें वह विनिंग प्राइज हाथ लिए मुस्कुरा रही हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए तापसी कैप्शन लिखती हैं -बहुत तेज़ दौड़ती है.. बचपन से।




## आलिया भट्ट ने पिंक बिकिनी में शेयर की तस्वीर, दोस्त संग समंदर किनारे करती दिखीं एंजॉय



**मुंबई।** बॉलीवुड में आलिया भट्ट के कई करीबी दोस्त हैं। इन्हीं में से एक हैं आकांक्षा रंजन कपूर। दोनों बचपन की दोस्त हैं। वेकेशन से लेकर पार्टीज तक में उन्हें साथ स्पॉट किया जाता है। आलिया ने अपनी खास दोस्त के जन्मदिन पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें दोनों समंदर किनारे हैं और पोज दे रही हैं।

**जन्मदिन की बधाई :** जैसा कि फोटो में देखा जा सकता है आलिया पिंक कलर की बिकिनी में हैं, जबकि आकांक्षा ने ब्लू स्विमसूट पहना है। आलिया ने फोटो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा- 'हैप्पी बर्थडे मेरी दुनिया।'

**मालदीव वेकेशन की तस्वीर :** यह फोटो दरअसल मालदीव वेकेशन की है। इस साल फरवरी में आलिया अपनी बहन शाहीन भट्ट, आकांक्षा रंजन कपूर और अनुष्का रंजन कपूर के साथ मालदीव गई थीं। आलिया ने उस वक्त भी सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर की थीं।

## शिबानी दांडेकर ने शेयर की फरहान अख्तर के साथ तस्वीर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर अपनी गर्लफ्रेंड शिबानी दांडेकर के साथ कई बार वक्त बिताते हुए नजर आते हैं। फरहान और शिबानी अक्सर कई जगह पर स्पॉट होत हैं और चर्चा में आ जाते हैं। इन दोनों की जोड़ी को लोगों का खासा प्यार मिलता है। अब हाल ही में शिबानी दांडेकर ने फरहान के साथ एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें दोनों की जोड़ी बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

शिबानी दांडेकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर कई तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। खासकर शिबानी, फरहान के साथ अपनी कई तस्वीरें शेयर कर फैंस को ट्रीट देती रहती हैं। अब हाल ही में शिबानी ने एक बार फिर से ऐसा ही कुछ दोबारा किया है। लेकिन ये ट्रीट देना शिबानी के लिए ही भारी पड़ गया है। शिबानी को इस तस्वीर में ड्रेस के लिए फैंस ने ट्रोल कर



दिया। दरअसल हाल ही में शिबानी दांडेकर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए शेयर की है। इस तस्वीर में शिबानी दांडेकर और फरहान अख्तर एक घर की सीढ़ियों पर खड़े हैं और पोज दे रहे हैं। तस्वीर में शिबानी चेक्स का ब्लेजर और लूज पैंट पहनी हुई हैं। वहीं फरहान अख्तर ने काले रंग का जैकेट, काला लॉन्ग शर्ट और सफेद लाइनिंग वाली पैंट पहनी हुई है।

# सम्पत्तिकर विवाद मामले में एनएमडीसी ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए नपा के आरोपों का किया खंडन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी किरंदुल परियोजना और नगरपालिका परिषद किरंदुल के मध्य विगत कुछ दिनों से सम्पत्तिकर मामले में चल रहे विवाद के संदर्भ में एनएमडीसी का पक्ष रखने के लिए अधिशासी निदेशक आर. गोविंदराजन द्वारा रविवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। उनके द्वारा जानकारी दी गई कि एनएमडीसी के खिलाफ बकाया सम्पत्तिकर, स्थानीय विकास में योगदान न देने का जो आरोप लगाया जा रहा है वह पूर्णतः निराधार है हम इसकी निंदा करते हैं। सम्पत्तिकर के बारे में कहा जा रहा है कि हम लोग इतने वर्षों से टैक्स नहीं दे रहे हैं, करोड़ों रूपया बकाया है यह एक गलत आंकड़ों के साथ प्रस्तुत किया गया दावा है।बहुत से बिंदुओं पर हमें नगर पालिका परिषद की अधिनियमों के तहत आपत्तियां थी, जिस पर हमारी आपत्ति को नगरपालिका परिषद द्वारा स्वीकार न करने पर हमने माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में चुनौती दी थी, जिस पर माननीय हाईकोर्ट का जो अंतरिम आदेश प्राप्त हुआ है, उसके अनुसार प्रतिवर्ष टैक्स का भुगतान किया जा रहा है। हम माननीय हाईकोर्ट के आदेश का परिपालन कर रहे हैं तथा जो भी अंतिम आदेश होगा, उसका पूर्णतः अनुपालन करेंगे।एनएमडीसी ने कभी भी कोई गलत कृत्य न किया है न करेगी। अवैध कब्जा सम्बन्धी जो आरोप लगाया जा रहा है, उसमें भी हम राजपत्र में जो प्रकाशित किया गया है, उसके तहत ही अनुपालन किया गया है तथा जिला प्रशासन, राज्य शासन के नियमों के तहत कुछ मामले प्रक्रियारत हैं। स्थानीय विकास में एनएमडीसी कितना योगदान देती है यह किसी से छुपा नहीं है। प्रति वर्ष लाखों रुपये का योगदान स्थानीय विकास कार्यो के लिए एनएमडीसी करती आ रही है, करती रहेगी। यहाँ तक कि कचरे के निपटान हेतु नगरपालिका परिषद द्वारा जो ठेका श्रमिक लगाए गए हैं, उनका भुगतान भी एनएमडीसी करती है। इन सभी से सम्बंधित दस्तावेजों को अधिशासी निदेशक द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) बी के माधव, सहायक महाप्रबंधक वेल्वसन्थन, सहायक महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार, प्रबंधक शिव प्रसाद गुप्ता, उप प्रबंधक राहुल साठवाने, राजेन्द्र यादव मौजूद थे।

## धर्मान्तरण के विरोध में भाजपा ने निकाली प्रभात रैली, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप



**रायपुर।** धर्मांतरण के विरोध में बीजेपी नेताओं ने रायपुर के प्रभात फेरी निकाली. बीजेपी का आरोप है कि राज्य सरकार ने धर्मांतरण मामले पर एकपक्षीय कार्रवाई की है। रैली को लेकर बीजेपी नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि धर्मांतरण को लेकर शहर की जनता आक्रोशित है, इसलिए भूपेश सरकार के विरोध में आज शहर के सभी 70 वार्डों में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया है. प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों तक यह संदेश देना चाहते हैं कि किसी भी धर्म का अपमान ना करें और किसी का भी धर्म परिवर्तन ना करवाए। उन्होंने कहा कि बीते दिनों बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने धर्म की रक्षा की तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, कुछ लोगों पर केस भी दर्ज है, लेकिन जो धर्मांतरण के कार्य में लिप्त है, जो दूसरों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई नहीं हुई. इन्ही वजहों से प्रदेश में धर्मांतरण बढ़ता चला जाएगा. प्रभात फेरी के माध्यम से भूपेश सरकार को चेतावनी देना चाहते है कि यदि ऐसी ही गतिविधियां रही तो शहर की जनता उनके खिलाफ आंदोलन करेगी।

# पोषण वाटिका महाभियान का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के परिपेक्ष्य में पोषण वाटिका महाभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने किसानों को वेबिनार के माध्यम से संबोधित किया। उन्होने कहा कि भारत ने खाद्यान्न के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कृषि व सम्बद्ध उत्पादों में हमारा देश दुनिया में नंबर एक या दो पर है। हमारे किसानों व वैज्ञानिकों की इतनी ताकत है कि हम दुनिया में प्रतिस्पर्धा करें तो लगभग सभी जिंसों में नंबर एक हो सकते हैं। इतना उत्पादन व बढ़ती हुई उत्पादकता हम सब के लिए गौरव व प्रसन्नता का विषय है, लेकिन आजादी के 75वें वर्ष में हम ऐसे मुकाम पर खड़े है, जहां हमें आत्मावलोकन करने के साथ ही चुनौतियां तथा उनके समाधान पर विचार करना होगा। उन्होने कहा कदन्न फसलें जैसे कोदो, कुटकी, रागी के उत्पादन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा देनें की आवश्यकता है क्योंकि ये फसलें विपरीत जलवायु परिस्थितियों में भी सफलता पूर्वक उगाई जा सकती है साथ ही इनमें पोषक तत्व प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है। मुख्य अतिथि तोमर ने कहा कि वर्षा आधारित व अन्य क्षेत्रों में कब-कौन सी खेती हो व किन बीजों को ईजाद किया जाएं, इस पर आईसीएआर सफलतापूर्वक काम रही है, यह भी प्रयत्न किया जा रहा है कि कृषि व किसान नई तकनीक से जुड़े। उत्पादन में हमारी महारत है लेकिन इस प्रचुरता को प्रबंधित करना भी महत्वपूर्ण है । हमारे उत्पाद गुणवत्तापूर्ण हो, वैश्विक मानकों पर खरे उतरे, किसान महंगी फसलों की ओर आकर्षित हो, कम रकबे-कम सिंचाई में, पर्यावरण के मित्र रहते हुए पढ़े-लिखे युवा कृषि की ओर आकर्षित हो, यह सरकार के साथ किसानों की भी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि सरकरा ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कुपोषण की समस्या हल करने का संकल्प लिया है, साथ ही इस दिशा में अनेक योजनाएं व कार्यक्रम हाथ में लिए हैं। चौधरी ने कहा कि वर्ष 2023 को भारत के नेतृत्व में पोषक-अनाज वर्ष मनाया जाएगा, जो हमारे लिए गर्व का विषय है। आईसीएआर के महानिदेशक डा. त्रिलोचन महापात्र ने बताया कि आईसीएआर द्वारा अधिकाधिक किसानों के बीच कृषि संबंधी उपलब्धियां महोत्सव के दौरान बताई जाएगी, साथ ही उन्हें लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख प्रदीप कश्यप ने बताया पोषण व्यक्ति के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. जैसे स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, वैसे ही हमारे दैनिक आहार में लवण, विटामिन, प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों का होना जरूरी है।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष 22 से 24 तक दौरा करेंगे प्रदेश में

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. भगवान लाल साहनी और सदस्य कौशलेंद्र सिंह पटेल विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए तीन दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार वह नईदिल्ली से 22 सितंबर को शाम 7.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे और राज्य अतिथि गृह 'पहुना' में ठहरेंगे। इसके बाद वह 24 सितंबर तक छत्तीसगढ़ में रहते हुए प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और सदस्य की राज्य अतिथि गृह में 23 सितम्बर को प्रातः 10 बजे अन्य पिछड़ा वर्ग एसोसिएशन के साथ बैठक होगी। इस दौरान वह पिछड़ा वर्ग की समस्याओं और उनके उत्थान से संबंधित विषयों पर चर्चा करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे प्रदेश के मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, प्रमुख सचिव शिक्षा और समाज कल्याण विभाग के सचिव के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 2.30 बजे से पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ के साथ बैठक और दोपहर तीन बजे से राष्ट्रीय खनिज विकास निगम की समीक्षा बैठक होगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग शाम पांच बजे स्थानीय भ्रमण पर रहेगा। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के साथ 24 सितंबर को राज्य अतिथि गृह पहुना में प्रातः 10 बजे एसईसीएल, सुबह 11 बजे फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के साथ बैठक, दोपहर 12 बजे जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ समीक्षा बैठक होगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग दोपहर 2 बजे भिलाई स्टील प्लांट पहुंचकर वहां के अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। बैठक के बाद दोपहर 3.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेगा और वहां से शाम 6.55 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्रों को आईएएस अभिषेक ने दिए सफलता के टिप्स

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नालंदा परिसर लाइब्रेरी के सदस्यों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अधिकारियों से रूबरू कराने के लिए सफलता की पाठशाला कार्यक्रम शुरू किया गया है। नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रायपुर सौरभ कुमार की पहल पर ये कार्यक्रम शुरू किया गया था, जो लगातार प्रतिभागियों के बीच लोकप्रिय होता जा रहा है। इस कार्यक्रम के जरिये छात्रों को यूपीएससी की परीक्षा में सफलता के टिप्स दिए जाते हैं। इस कार्यक्रम के तहत रविवार 19 सितंबर को यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन के लिए कार्यशाला की गई। इस कार्यशाला में 2020 बैच के आईएएस एवं सहायक कलेक्टर रायपुर अभिषेक कुमार ने प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दिए। बताते चलें कि इस साल यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 10 अक्टूबर 2021 को आयोजित होने जा रही है, अभिषेक कुमार ने प्रतिभागियों को बताया कि वे कॉन्सेप्ट को समझते हुए प्रमाणिक पुस्तकों से पिरामिड स्टाइल में स्टडी करें। जिस प्रकार पिरामिड का आधार चौड़ा होता है तथा शीर्ष की तरफ जाने पर उसकी चौड़ाई घटती जाती है उसी प्रकार सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए पहले चरण में विस्तृत अध्ययन करके अपने नोट्स तैयार करें। इन नोट्स को अपडेट करते रहें। परीक्षा के समय इस नोट्स के मुख्य बिंदुओं पर फोकस कर उनका लगातार रिवीजन करें। प्रारंभिक परीक्षा के लिए अधिक से अधिक मॉक टेस्ट दें और उनका विश्लेषण करके अपनी कमजोरियों को दूर करें। मॉक टेस्ट, यूपीएससी द्वारा परीक्षा आयोजित करने के समय अर्थात् प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक तथा दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक देने की कोशिश करें, ताकि आपके शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक, वास्तविक परीक्षा के लिए तैयार हो सके। साथ ही परीक्षा के दिन आपका माइंड तेजी से और कुशलता के साथ काम कर सके। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग होने के कारण उन प्रश्नों को पहले राउंड में हल करें, जिनके उत्तर आपको अच्छी तरह से पता हों। दूसरे राउंड में आप उन प्रश्नों को हल करें, जिनके दो ऑप्शन को आपने एलिमिनेट कर दिया है। परीक्षा में क्वालिटी के साथ क्वांटिटी पर भी विशेष ध्यान रखें। प्रारंभिक परीक्षा में सीसेट के प्रश्न पत्र में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है इसलिए इंग्लिश और मैथ्स के प्रश्नों की भी प्रैक्टिस अधिक से अधिक करें। कार्यशाला में अभिषेक कुमार ने प्रतिभागियों के सवालों एवं जिज्ञासाओं को भी शांत किया। कार्यशाला में रोजगार अधिकारी एवं नोडल अधिकारी केदार पटेल, लाइब्रेरियन डॉ. मंजुला सहित 65 से अधिक प्रतिभागी सदस्य शामिल हुए।



### प्रतिभागियों ने इस आयोजन को बताया मोटिवेशनल

नालंदा परिसर के सदस्य एवं यूपीएससी के प्रतिभागी दिव्यांश ने बताया कि यह आयोजन को बहुत उपयोगी एवं प्रेरक था। वहीं, सदस्य योगिता तांद्रे ने बताया कि इससे उसके बहुत सारे डाउट्स क्लियर हुए हैं तथा उसे तैयार करने की नई दिशा मिली है।

# मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले को दी 170 करोड़ की सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com







मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले में 170 करोड़ 26 लाख 66 हजार रूपए के 1457 निर्माण और विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। जिले में 27 करोड़ 04 लाख 37 हजार रुपए की लागत के 50 कार्यों का लोकार्पण और 143 करोड़ 22 लाख 29 हजार के 1407 कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ मंत्री टी एस सिंहदेव, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेम सिंह टेकाम, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, संसदीय सचिव यू डी मिंज, विधायक गुलाब कोमरो, बृहस्पति सिंह, प्रकाश नायक, खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल उपस्थित थे। जशपुर जिले से जशपुर विधायक विनय भगत, कलेक्टर महादेव कावरे, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी कृष्णा जाधव, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हीरू राम निकुंज, अनिल किस्पोट्टा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हसन व जनप्रतिनिध, गणमान्य नगारिक और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**27 करोड़ के लोकापर्ण कार्य**

लोकार्पण में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चेटबा का भवन निर्माण कार्य लागत राशि 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार, जिला जशपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा का निर्माण कार्य लागत राशि 74 लाख 48 हजार, विकास खण्ड स्तरीय 500 सीटर 250 सीटर बालक एवं 250 सीटर बालिका अनुसूचित जनजाति छात्रावास जशपुर का निर्माण कार्य लागत राशि 14 करोड़ 57 लाख 12 हजार एवं बाल सम्प्रेक्षण गृह बालक हेतु भवन निर्माण लागत राशि 99 लाख 46 हजार के कार्य शामिल है।

**143 करोड़ के भूमिपूजन कार्य**

विभिन्न निर्माण एवं विकास के 1407 कार्यो का भूमि पूजन कार्य की लागत राशि 143 करोड़ 22 लाख 29 हजार हैं। इनमें जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों-बसाहटों में नलजल योजना के माध्यम से पेयजल व्यवस्था 90 कार्य लागत राशि 24 करोड़ 3 लाख 76 हजार, सौर सुजला योजना फेस 06 अंतर्गत सिंचाई के लिए सोलर पंप स्थापना कार्य 400 नग लागत राशि 10 करोड़ 08 लाख, शासकीय आई.टी.आई. कांसाबेल लागत राशि 3 करोड़ 44 लाख 59 हजार, सौर सुजला योजना फेस 06 अंतर्गत सिंचाई के लिए सोलर पंप स्थापना कार्य 400 नग लागत राशि 10 करोड़ 8 लाख, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर अतिरिक्त कक्ष का निर्माण लागत राशि 50 लाख, जिला जशपुर के पण्डारीपानी से जरहाटोली मार्ग पर डुड़की नदी में पुल निर्माण लागत राशि 5 करोड़ 90 लाख 6 हजार, जिला जशपुर के बुरजूडीह से खखरा पहुंच मार्ग नगटीडदाह के पास सूर्यानाला पर पुल निर्माण लागत राशि 6 करोड़ 72 लाख 73 हजार, जिला जशपुर के बम्हनी नदी में पुल निर्माण कार्य सन्ना से कोपा लागत राशि 3 करोड़ 47 लाख 77 हजार, जिला जशपुर के सालेकेरा से नवाटोली के बीच पुल निर्माण लागत राशि 6 करोड़ 81 लाख 37 हजार, सौर सुजला योजना फेस 6 अंतर्गत सिंचाई के लिए सोलर पंप स्थापना कार्य 400 नग लागत राशि 10 करोड़ 8 लाख, जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों-बसाहटों में नलजल योजना के माध्यम से पेयजल व्यवस्था-41 कार्य लागत राशि 15 करोड़ 56 लाख 74 हजार एवं प्रयास आवासीय विद्यालय पांडुल लागत राशि 17 करोड़ 26 लाख 40 हजार के कार्य शामिल है।

# महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार की संवेदनहीनता

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के घर के पास लड़की से छेड़खानी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मगर, अब इस मामले के जरिये भाजपा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत व महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने कहा कि यह पुलिस प्रशासन की लापरवाही और बदमाशों के दिलों में खत्म होता पुलिस का खौफ है कि अपराधी निरंकुश हो गए हैं। राजधानी रायपुर में पुलिस का खौफ खत्म होता जा रहा है। महिला मोर्चा की सदस्यों ने आरोप लगाया कि बदमाश लड़की के साथ बदतमीजी कर वहां से आराम से निकल भी जाते, लेकिन इस दौरान वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने कार रोककर घटना का वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। मामले में किरकिरी होने के बाद पुलिस की आंखें खुली और जल्द ही बदमाशों को धर दबोचा गया। महिला मोर्चा ने प्रदेश की नाकाम सरकार और पुलिस प्रशासन के कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है, प्रदेश में हर तरफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। मगर, प्रदेश की सरकार कुर्सी दौड़ में अपना पूरा ध्यान लगा रही है।

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

B.Sc Nursing 4 years
Post Basic Bsc Nursing 2 years
M.Sc. Nursing 2 years
Medical Surgical Nsg.
Community Health Nsg.
Child Health Nsg.
Mental Health Nsg.

Pathology technician 1 year
Operation theater tech. 1 year
X-Ray technician 1 year
Ortho and dresser tech. 1 year



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन: 0771-4241000,4241057 | वेब: www.balajinursingcollege.com

# वीआईपी रोड में देर रात पुलिस का विशेष वाहन चेकिंग अभियान



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर में सड़क व्यवस्था को दुरुस्त करने और आपराधिक वारदातों पर लगाम कसने के लिए पुलिस सड़कों पर उतर आई है। अभियान चलाकर अचानक रात में वाहनों की तलाशी ली जा रही है और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शहर के तीन प्रमुख स्थानों को चिह्नित कर बैरिकेडिंग कर अभियान चलागा गया। वीआईपी टर्निंग, (राम मंदिर के सामने), तेलीबांधा थाना एवं पंडरी थाना के सामने रात 12.00 से 3.00 के मध्य पुलिस ने रास्ते से गुजरने वाले हर वाहन की तलाशी ली और चालकों का ब्रेथ टेस्ट किया। इस दौरान लगभग 100 वाहन चालकों को ब्रेथ एनालाइजर की सहायता से चेक किया गया, जिसमें 25 से अधिक वाहन चालक नशे की हालत में पाए गए। पुलिस ने उनका वाहन जब्त किया गया एवं अन्य धाराओं के तहत 35 से अधिक वाहनों पर तीन सवारी, तेज रफ्तार से वाहन चलाने आदि की कार्यवाही कर समन शुल्क काटा गया। यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को माननीय न्यायालय पेश करेगी एवं लाइसेंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग भेजा जाएगा। यातायात पुलिस द्वारा भी एक दिन में 200 से अधिक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 65,000 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। विगत सप्ताह भी वीआईपी रोड में विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 25 ड्रंक एंड ड्राइव के प्रकरण बनाए गए थे।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

APPOINTMENT
C.L. Chouksey Memorial Homoeopathic Medical College, Hospital & Research Centre
Estd : 2000
Application are invited for vacant post in Teaching faculty under status 16 of Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Helath Sciences & Ayush University of CG, Uparwara, Naya Raipur (C.G.)
Qualification as per Central Council of Homoeopathy Norms, New Delhi
Application are invited for following Posts
Principal -01 Post

| S.No. | Name of the Subject | Name of the Post | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
| 1 | Anatomy | - | 1 | 1 |
| 2 | Physiology | 1 | 1 | - |
| 3 | Hom. Pharmacy | 1 | 1 | 1 |
| 4 | Pathology | 1 | 1 | 1 |
| 5 | F.M.T. | 1 | 1 | 1 |
| 6 | Obs./Gyn. | 1 | 1 | 1 |
| 7 | Surgery | 1 | 1 | 1 |
| 8 | Practice of Medicine | - | 1 | 1 |
| 9 | Community Medicine | 1 | 1 | 1 |
| 10 | Hom. Materia Medica | 1 | 1 | 1 |
| 11 | Repertory | - | 1 | 1 |
| 12 | Organon of Medicine | - | 1 | 1 |

Other Terms & Condition:- 1. Teaching Experience & Age Limit : As per Central Council of Homoeopathy Norms Enclosed. 2. Pay Scale: Stale Govt. Pay Scale. 3. Reservation : As per state Government Norms.
Selection Criteria:- Selection will decide on merit, merit list will be prepared on the basis of Academic.
♦ Contribution of candidate in various field like.
♦ Number of Paper publication in various national/Interational Journal.
♦ Paper Presentation in Conferences.
♦ Total No. of Conference Attended
Last Date of receipt of Application :- Within 15 days from the of Publication of advertisement.
NOTE : Please send the Application only on the name of Director, C. L. Chouksey Mem. Homoeopathic Medical College, Hospital & Research Centre, Lal Khadan, Masturi Road, Bilaspur (C.G.) Pin-495004

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403